डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 78,890 10 ग्राम

₹ 95,600 01 किलो

सेंसेक्स 79,724.12 -218.6

डॉलर 84.060 -0.018

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 03 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक-20, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 सऊदी अरब में डब्लूटीए फाइनल...

## एक नजर

### रांची सहित झारखंड के कई जिलों में भूकंप के झटके, 4.3 की तीव्रता

**रांची।** झारखंड के कई जिलों में शनिवार सुबह 9.20 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। राजधानी रांची, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गयी है। झारखंड के खरसावां जिले से 13 किलोमीटर दूर इलाके में भूकंप का एपिसेंटर पाया गया। भूकंप से धरती करीब पांच सेकेंड तक हिलती रही। इस दौरान लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटकों से जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं है।

### झारखंड का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ लौटा दे केंद्र सरकार : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से राज्य के बकाये की मांग की है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर लिखा है कि गृह मंत्री, प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे हैं। मैं पुनः उनसे करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि हम झारखंडियों का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये हमें लौटा दें। हेमंत सोरेन ने लिखा कि झारखंड एवं झारखंडियों के विकास के लिए यह राशि अत्यंत आवश्यक है। मैं भाजपा के साथियों और खासकर के सांसदों से भी अपील करूंगा कि वे हम झारखंडियों के इस बकाये को दिलाने में हमारी मदद करें।

### श्रीनगर में मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, चार सुरक्षाकर्मी घायल

**श्रीनगर।** श्रीनगर शहर के खानयार इलाके में छिपे आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि दो सीआरपीएफ जवान और दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने जनसभा में कहा- भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए भाजपा को लाना होगा

## जिस राज्य में बालू, मिट्टी, खनिज की कालाबाजारी हो उस राज्य की जनता का क्या विकास होगा : शिवराज

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** झारखंड में युवा, बेरोजगारों, महिलाओं को लॉलीपाप देकर बरगलाने का कार्य हेमंत सरकार ने की है। जिस राज्य में बालू, मिट्टी से लेकर आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही हो, उस राज्य की जनता का विकास कैसे होगा। ये बातें शनिवार को हाईस्कूल हैदरनगर के मैदान में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कही। वह हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधत कर रहे थे। इससे पूर्व मंत्री के मंचासीन शेष पेज 11 पर



### हेमंत पांच साल को सात साल और दो महीना भी कर देते हैं : शिवराज सिंह

**लोहरदगा।** भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को लोहरदगा, गुमला में कई जनसभा कर हेमंत सरकार पर चुभते तंज कसे। कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कमाल के जादूगर हैं। वह पांच साल को वह सात साल भी कर देते हैं और शेष पेज 11 पर

नीलांबर-पीतांबरपुर की चुनावी सभा में हिमंता बिस्वा सरमा का बड़ा बयान

## घुसपैठियों को बाहर निकालने और हिंदुओं की रक्षा के लिए है यह चुनाव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के नीलांबर पीतांबरपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) सरकार पर जमकर निशाना साधा। वे भाजपा के पांकी विधानसभा प्रत्याशी डॉ. शशिभूषण मेहता के समर्थन में चुनावी प्रचार कर रहे थे। सरमा ने अपने भाषण में स्पष्ट किया कि यह चुनाव राज्य से बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालने और हिंदुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।



हिमंता बिस्वा सरमा ने सभा में भाजपा के मुख्य चुनावी मुद्दों को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा झारखंड में 2.87 लाख नौकरियां, 21 लाख घरों में माताओं को आवास, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने जैसी योजनाओं के साथ आ रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में घुसपैठियों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। सभा के दौरान हिमंता ने पलामू के हुसैनाबाद क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि इस स्थान का नाम किसी स्थानीय महान आत्मा के शेष पेज 11 पर

चंदवा में कल्पना सोरेन ने विपक्ष पर साधा निशाना

## हेमंत सोरेन सरकार की लोकप्रियता से घबराए विपक्ष ने रचा षड्यंत्र : कल्पना सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा खेल मैदान में शनिवार को आयोजित सभा में गांडेय विधायक और झामुमो नेत्री कल्पना मुर्मू सोरेन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की लोकप्रियता से विपक्ष घबरा गई है और वे उनके खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। कल्पना सोरेन ने आरोप लगाया कि बाहरी नेताओं को झारखंड की जनता के खिलाफ उतारा जा रहा है, लेकिन वह जनता को जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को अपना हक मांगने पर जेल भेजने वालों को झारखंड की जनता माफ नहीं करेगी। विधायक ने राज्य की महिलाओं के आत्मसम्मान की शेष पेज 11 पर



### कल्पना सोरेन की एक झलक पाने को बेताब दिखीं महिलाएं

सभा में हेलीकॉप्टर से जैसे ही कल्पना सोरेन पहुंचीं, महिलाएं उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आईं। उन्होंने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। इस दौरान सभा में महिलाओं की संख्या अधिक रही।

# हर गरीब को एक लाख और 25 लाख लोगों को पक्का मकान देंगे : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा कभी आदिवासियों-मूलवासियों का विकास नहीं चाहती। यही कारण है कि भाजपा हमेश सरकार के विकास कार्यों मे अड़ंगा डालती है। झारखंड में विकास के काम को गति ना मिले, इसलिए एक माह पूर्व चुनाव करा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र के हाथ में कठपुतली की तरह नाचनेवाली संस्था ने ऐसा किया। मुख्यमंत्री शनिवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के तपकारा में इंडी गठबंधन के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार हमारी सरकार बनी तो हर गरीब को एक लाख रुपये और 25 लाख लोगों को पक्का मकान देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड से सिर्फ लेना जानती है देना नहीं। केंद्र सरकार ने झारखंड को दुधारू गाय समझ लिया है, वे दूध तो निकालते हैं, पर चारा नहीं देते। यही कारण है कि पूंजीपति लोग और अमीर होते जा रहे हैं जबकि झारखंड गरीब होता जा रहा है। सभा में उन्होंने तोरपा विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार सुदीप गुड़िया तथा खूंटी विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी रामसूर्या मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल में जितना विकास का काम किया है, जितनी विकास योजनाएं लागू की है उसके तले विपक्ष के लोग दब जायेंगे।



**चुनाव में एक तरफ पूंजीपति जमात :** उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ पूंजीपतियों की जमात है, दर्जनों हेलीकाप्टर से उड़ रहे हैं। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन है जो उनका मुकाबला कर रहा है। झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के साथ है। ऐसे हजारों लोग भाजपा को गुजरात भगा देंगे। हेमंत सोरेन ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री आकर आदिवासी हितों की बात करते हैं, जबकि असम में आदिवासियों की स्थिति बदतर है। वहां आदिवासियों का अस्तित्व ही खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में फिर हमारी सरकार बनी, तो प्रत्येक परिवार में प्रति वर्ष एक लाख रुपये देंगे।

**दिसंबर से मईयां सम्मान में 2500 रुपये :** मईयां सम्मान की राशि दिसंबर माह से 2500 रुपये कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारी योजना को देखकर भाजपा के लोग कहते हैं हमें शेष पेज 11 पर

सीता सोरेन की बेटियों ने इरफान के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, बोलीं -

## उन्होंने हमारे चरित्र पर सवाल उठाए



**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन की बेटियों जयश्री और विजयश्री ने कांग्रेस उम्मीदवार और मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत उन्होंने अपनी मां व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन के खिलाफ हाल ही में इरफान अंसारी द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर दर्ज कराई है। साथ ही उन्होंने बताया कि अंसारी ने हमारे खिलाफ भी टिप्पणी करते हुए हमारे चरित्र पर सवाल उठाए हैं। ऐसे में उन्हें पुलिस व मीडिया के सामने आकर अपने आरोपों का आधार बताना होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए सीता सोरेन की बड़ी बेटी जयश्री ने कहा, 'हाल ही में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मेरी मां के लिए एक टिप्पणी की थी। उन्हें रिजेक्टेड माल कहा था। उन्होंने जो 'माल' शब्द का इस्तेमाल किया है, वह महिलाओं के लिए बहुत ही खराब शब्द है, क्योंकि ऐसे शब्द का प्रयोग करके कोई भी इंसान इससे बच नहीं सकता। और अगर इसको बोल कर वो कह रहे हैं कि फ्लो में निकल गया, तो यह नहीं चलेगा। फ्लो में अगर आप किसी की मां को माल, अच्छा माल या बुरा माल ऐसे शब्द बोलेंगे तो वो बहुत ही खराब लगता है। वह तो एक मंत्री भी हैं, उसके बाद भी वो हमारी मां के लिए शेष पेज 11 पर

## कोल इंडिया लिमिटेड ने उत्पादन में 9 गुना उछाल के साथ 50वें वर्ष में किया प्रवेश

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश किया है। कंपनी ने 1975-76 के दौरान 89 मिलियन टन (एमटी) से 8.7 गुना वृद्धि दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2024 में 773.6 मीट्रिक टन उत्पादन किया है। कोल इंडिया अपनी पूरी सप्लाई का 80 प्रतिशत अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर कोल बेस्ड पावर प्लांट को देता है। इसी के साथ सीआईएल भारतीय नागरिकों को उचित मूल्य पर बिजली प्राप्त करने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी 1 नवंबर, 1975 को राष्ट्रीयकृत कोकिंग कोल (1971) और नॉन-कोकिंग खदानों (1973) की शीर्ष होल्डिंग कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई थी। सीआईएल के कर्मचारियों की संख्या राष्ट्रीयकरण के शुरूआती वर्षों के 6.75 लाख कर्मचारियों से लगभग एक तिहाई घटकर अब 2.25 लाख हो गई है। हालांकि, समय के साथ कंपनी के उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। कोयला क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को बधाई देते हुए केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा, कोल इंडिया अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश कर रही है और इसके खाते में कई उपलब्धियां हैं। मैं कंपनी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। भारत में कोयले को अभी अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचना बाकी है। महंगे आयात से बचने के लिए स्वदेशी उत्पादन बहुत जरूरी है। कोल इंडिया को भविष्य में लोगों के लिए सामाजिक जिम्मेदारी, कल्याण और सुरक्षा को समान महत्व देते हुए उत्पादन को उच्च स्तर तक बढ़ाना होगा। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सीआईएल के लिए यह पांच दशक की यात्रा बहुत ही अलग रही है। कंपनी ने शेष पेज 11 पर

### सरकार की प्राथमिकता ही मेरी प्राथमिकता : अलका तिवारी



**रांची।** 1988 बैच की आईएएस अलका तिवारी ने झारखंड के मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू है, इसलिए पद पर रहकर प्राथमिकता बताना उचित नहीं है। जैसे ही सरकार का गठन हो जाता है और सरकार के अनुकूल जनहित में काम करना ही उनकी प्राथमिकता होगी। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जैसे ही राज्य में नई सरकार का गठन हो जाएगा, वह सरकार की योजनाओं की प्राथमिकता के अनुसार काम करेंगी।

## झारखंड बनने से लेकर अब तक किस पार्टी की क्या हालत रही?

**इस बार किसकी सरकार बनने की संभावना?**

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** झारखंड में 24 जिले व 81 विधान सभा सीटें हैं, 2.6 करोड़ मतदाता हैं। जिनमें से 11.84 लाख मतदाता पहली बार वोट देंगे। 66.84 लाख युवा मतदाता हैं। 1.29 करोड़ महिला व 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। मतदान के लिए राज्य में 29,562 पोलिंग स्टेशन बनाए जाएँगे।वर्ष 2019 में राज्य में विधानसभा चुनाव 5 चरणों में कराए गए थे।इस बार दो चरण में कराये जा रहे हैं। झारखंड विधानसभा का चल रहा कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म होगा। 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ,कांग्रेस व राष्ट्रीय जनता दल के गठबंधन ने राज्य की 81 में से 47 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था, और हेमंत सोरेन दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। भाजपा ने 25 सीटें जीती थी। झामुमो ने 30, कांग्रेस ने 16, राजद ने एक, आजसू ने 2, जेवीएम ने 3 व अन्य ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2024 में झारखंड में दो चरणों में 13 नवंबर व 20 नवंबर को विस चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे, 23 नवंबर को परिणाम आएँगे।झारखंड बनने के बाद से अब तक चार विधान सभा चुनावों में कोई भी दल अकेले बहुमत नहीं पाया है। है। राज्य में कुल 81 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए 42 सीटों का बहुमत होना चाहिए.राज्य में चार बार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं लेकिन किसी भी दल को अकेले दम पर बहुमत नहीं मिला है। जिसके कारण झारखंड में बीते 24 सालों में 13 बार मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई गई है। अब तक झारखंड में केवल दो बार ही ऐसा हुआ शेष पेज 11 पर

### आज कल

बाजार में नकली मावे की भरमार




इंडिया

## नेताओं के बिगड़े बोल: बदनाम होंगे तो क्या नाम न होगा?





सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारतीय राजनीति में कभी अपने को सभ्य और संस्कारवान बताने की होड़ थी। कई आपराधिक छवि के नेता भी लाखों खर्च कर अपने को अच्छा आदमी साबित करना चाहते थे। पर जब से हिंदी फिल्मों में माफिया डॉन को नायक और बिहार या कुछ अन्य राज्यों के बड़बोले नेताओं को गरीब,दलित और अल्पसंख्यकों का रक्षक साबित करने के प्रयास शुरू हुए तब से बिगड़े बोलों से समाचारों में बने रहने की एक नई राजनीति ने जन्म लिया । लालू यादव ने हंसी मजाक में ही कई ऐसे विवादास्पद बयान दिए जिसे भारतीय मीडिया में पैर जमा रहे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने अपनी टीआरपी बढ़ाने में खूब भुनाया। 'बिहार की सड़कों हेमा मालिनी के गालों जैसा चिकना बना देंगे' जैसे बयान तब के गंभीर राजनेताओं के लिए मयार्दा की अग्नि परीक्षा पार करने जैसा था क्योंकि तब तक अनेक राष्ट्रीय आंदोलनों का साक्षी बिहार महिलाओं के सम्मान के लिए खून खराबे तक उतारू हो जाता था। पर इसे भदेस अंदाज में अधिकारियों को गरियाने और अपनी कम पढ़ी लिखी जनता को लुभाने के लिए इस्तेमाल किया गया। कभी आइएएस आइपीएस देने वाले सरकारी विद्यालय भी पूर्ववर्ती सरकारों के कपूर्री डिवीजन या लेनदेन से शिक्षक बहाली के आरोपों के बीच धीरे-धीरे अपनी चमक खो रहे थे तब चरवाहा और पहलवान विद्यालय जैसे शब्दों और खूब सुर्खियां बटोरीं गईं पर शिक्षा,परिवहन और चिकित्सा की सरकारी व्यवस्था ध्वस्त होती गई और उसके समानान्तर निजी संस्थान पनपते चले गए पर तालियां बिगड़े बोलों पर खूब बजीं। जब झारखंड अलग राज्य अस्तित्व में आया तब कुछ नेताओं ने जल्दी लोकप्रिय होने के शॉर्टकट रास्ते के रूप में इसे अपनाया। गंभीर पत्रकारिता वाली प्रिंट मीडिया को भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की इस अस्वस्थ दौड़ में शामिल होना पड़ा और कम ही सही पर वे बयान जो अब राष्ट्रीय स्तर पर उछल रहे थे समाचार पत्रों में जगह पाने लगे। ये क्रम बढ़ता हुआ आज सस्ती ही सही पर जल्दी लोकप्रियता पाने के साधन के रूप में अपनाया जा रहा है। विवाद बढ्ने पर माफी मांग कर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है पर सवाल है कि क्या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने राजनीति की दिशा और टेस्ट दोनों बिगाड़ दिए हैं? अब तो कहा जाने लगा है कि कुछ लोग ऐसे बयान देने के लिए नेताओं को उकसाते हैं। भारतीय राजनीति में नेताओं के विवादित बयानों में कई बार निशाना महिलाएं बनती हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने एक रैली में कहा था, 'जब लड़के और लड़कियों में कोई विवाद होता है तो लड़की बयान पर बेचारे लड़के को फांसी की सजा सुना दी जाती है। बलात्कार के लिए फांसी की सजा अनुचित है। लड़कों से गलती हो जाती है।' कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी महिलाओं पर कई बार विवादित बयान दिए थे एक पार्टी कार्यक्रम में उन्होंने जयंती नटराजन को 'टंच माल' कह दिया था। बिहार में चंद्रशेखर, जीतन राम मांझी, जगदानंद सिंह के साथ ऊटपटांग बोलने की होड़ में रहे हैं तो भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह उन्हीं की भाषा में जवाब देने में । जेडीयू के सीनियर लीडर पूर्व एमएलसी गुलाम रसूल बलियावी ने झारखंड के हजारीबाग के कर्बला मैदान में एदारा-ए-शरिया के एक कार्यक्रम में एक बार कहा था कि हमारे आका (पैगंबर) की इज्जत पर किसी ने हाथ डाला तो शहरों को कर्बला बना देंगे। बीजेपी की तत्कालीन प्रवक्ता नूपुर शर्मा उनके निशाने पर थी। अभी शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत ने शिवसेना नेता शाइना एनसी के खिलाफ अपनी आयातित माल टिप्पणी के लिए माफी मांगी। हाल ही में झारखंड के मंत्री इरफान अंसारी भी अपनी ऐसी ही टिप्पणी के लिए माफी मांग चुके हैं। 2022 विवादों से भरा रहा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आर्थिक समृद्धि के लिए नोटों पर लक्ष्मी-गणेश लगाने की मांग भी सुर्खियों में रही। विवादित बयान देने वालों में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, असम और दिल्ली के मुख्यमंत्री तक शामिल थे। कई राज्यों के सांसद और विधायकों ने भी कई नकारात्मक बयान दिए। विवादित बयान को लेकर उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक की लकीर मिट गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी राहुल गांधी की बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर उनकी तुलना सद्दाम हुसैन से की थी। बिहार में जहरीली शराब पीने के कारण सारण में तकरीबन 82 लोगों की मौत हुई थी। सीएम नीतीश ने मृतकों के लिए मुआवजे की बात पर विधानसभा में कहा था, 'मरने वालों को कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा जो पिएगा वो मरेगा ही।' मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने लोगों से संविधान और अल्पसंख्यकों, दलितों एवं आदिवासियों का भविष्य को बचाने की खातिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'हत्या' करने के लिए तत्पर रहने को कहा था। 2022 को गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी की तुलना रावण से की थी। प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर वोट मांगने को लेकर तंज कंसते हुए सवाल किया कि 'क्या आपके पास रावण जैसे 100 सिर हैं?

## दूसरे चरण में 38 विधानसभा से 528 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को और दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आयेंगे। झारखंड में दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर मतदान होने हैं। दूसरे चरण में कुल 634 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 30 अक्टूबर को स्क्रूटनी के बाद 560 प्रत्याशी बचे। वहीं एक नवंबर को नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन 32 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया। इसके बाद अब चुनावी मैदान में कुल 528 प्रत्याशी हैं, जिनके बीच 20 नवंबर को कड़ा मुकाबला होगा। उल्लेखनीय है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में इन 38 विधानसभा से 583 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था।

### किस विधानसभा से कितने प्रत्याशी

धनबाद से 18,झरिया से 11, टुंडी से 20, बाघमारा से 13,सिल्ली से 15, खिजरी से 20, राजमहल से 14,बोरियो से 15, बरहेट से 9, लिट्टीपाड़ा से 9, पाकुड़ से 16, महेशपुर से 15 शिकारीपाड़ा से 11, नाला से 17, जामताड़ा से 13 दुमका से 13, जामा से 18, जरमुंडी से 17,मधुपुर से 15, सारठ से 17, देवघर से 7, पौड़ेयाहाट से 13, गोड्डा से 15, महगामा से 10, रामगढ़ से 17, मांडू से 18, धनवार से 24, बगोदर से 13, जमुआ से 8, गांडेय से 15, गिरिडीह से 14, डुमरी से 12, गोमिया से 12, बेरमो से 14, बोकारो से 14, चंदनकियारी से 8 , सिंदरी से 9, निरसा से 9।

## एक नजर

### लक्ष्मी पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सतगांवा देवी मंदिर के प्रांगण में महालक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य पर न्यू निर्माण सत्य समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी लालबाबू सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर लालबाबू सिंह ने कहा कि माता लक्ष्मी व गणेश की पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि आती है। इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए समिति के सदस्यों को वह हरसंभव मदद करते रहेंगे। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चंद्रवंशी, सचिव रम्भू कुमार, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार के अलावे समाजसेवी अजय सिंह, राजकुमार पासवान, रमेश ठाकुर, सूर्यांशू सिंह, सत्येन्द्र पासवान, भीमसेन शर्मा, राजू पासवान, पिंटू सिंह, विनोद पासवान, सुमन पाठक, जितेंद्र पांडेय, डॉ कमलेश कुमार, वार्ड सदस्य प्रमोद पासवान आदि ने सराहनीय भूमिका निभायी।

### कर्नल संजय ने कई गांवों का दौरा किया

**मोहम्मदगंज।** निर्दलीय कर्नल संजय कुमार सिंह ने शनिवार को प्रखंड के राजनडीह, रामनगर, झरिवा, नदीपर, गोलपत्थर सहित कई गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से एक मौका देने की अपील की।

# मौसम साफ होते ही रबी फसलों की बुआई का काम किसानों ने पूरा किया

## हथिया नक्षत्र के अंतिम चरण में बारिश नहीं होने से चिंतित थे किसान

**चक्रवाती तूफान में बारिश से मुलायम हो गई थी खेतों की मिट्टी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हाल के दिनों में आए चक्रवाती तूफान व बारिश ने धान की बालियों में पुष्ट दाना लगने की संभावना पर तुषारापात कर दिया है। वहीं, इससे रबी फसलों- चना, सरसों और तीसी की बुआई पूरी तरह संभव हो गया है। हथिया नक्षत्र के अंतिम चरण में बारिश नहीं होने से खासकर, टांड़ भूमि के खेतों की मिट्टी के कठोर हो जाने से इन रबी फसलों की बुआई में विलंब ने उनकी चिंता बढ़ा दी थी। किसान पंचम खान, रामजन्म राम, कृष्णा मेहता, अजय मेहता सहित अन्य ने बताया कि आंचलिक बोली में इसे बारिश की कमी से खेतों का उखड़ जाना कहा जाता है। इससे खेतों की जुताई थोड़ी मुश्किल हो जाती है। पैदावार भी अच्छी नहीं हो पाती है। मगर अब बारिश से मुलायम हो गई मिट्टी में मौसम के साफ होने के बाद ट्रैक्टर की जुताई के साथ इन रबी फसलों की मिश्रित बुआई संभव हो गई है। उन्होंने बताया कि एक ही साथ इन फसलों की मिश्रित बुआई इस उम्मीद में की जाती है कि बिना सिंचाई के भी कोई न कोई फसल की उपज मिल सकता है। कभी-कभी ऐसा भी संभव होता है कि तीनों ही फसलें मिल जाती हैं। जिनके अलग-अलग समय पर तैयार होने की वजह से उसी अनुसार उनकी कटनी कर ली जाती है।

### अज्ञात युवक का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्र के पुरेन्द्र विगहा से पुलिस ने करीब 18 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव की पहचान कराने में जुटी हुई है, परंतु समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो सका है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि दो- तीन दिनों से पुरन्दर विगहा क्षेत्र में ही उक्त युवक को घुमते हुए देखा गया था। परंतु शनिवार को सड़क किनारे से उसका शव मिला हैं। मौत कैसे हुई हैं। इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। वैसे आशंका जताई जा रही हैं कि अत्यधिक शराब का सेवन करने से उसका हार्ट अटैक से मौत होना बताया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त युवक की पहचान के लिए सोशल मीडिया पर भेजा गया है। परंतु देर शाम शिनाख्त नहीं हो सकी है। उन्होंने आम लोगों से पहचान होने पर हुसैनाबाद थाना को सूचना देने की अपील की है।

## अभी तक नहीं बंटा कई मतदान केंद्र के मतदाताओं में मतदाता पर्ची



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद भी अबतक कई मतदान केंद्रों के मतदाताओं में मतदाता पर्ची नहीं बांटे जाने की शिकायत मिली है। मतदान केंद्र संख्या-31 के मतदाताओं उषा देवी, सफीर खां, नूर आलम खां और भोला शर्मा सहित अन्य कई ने इसकी शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वे सभी ग्राम पंचायत गोड़ाडीह अंतर्गत उक्त मतदान केंद्र से जुड़े मतदाता हैं। इनके अलावा अन्य सभी मतदाताओं में मतदाता पर्ची अबतक नहीं बांटे गए हैं। ऐसी ही शिकायत मोहम्मदगंज पंचायत के रामनगर टोला के मतदाताओं ने भी की है। लोगों का कहना है कि इसकी जांच करने से कई अन्य जगहों में मतदाता पर्ची अब तक नहीं बांटे जाने का खुलासा हो सकता है। मतदान केंद्र संख्या-37 से जुड़े राजनडीह टोला के मतदाताओं ने बताया कि बीएलओ संगीता देवी ने इस मतदान केंद्र क्षेत्र के सभी मतदाताओं में मतदाता पर्ची बांटने का काम कब के पूरा कर दिया है। मतदाताओं ने दायित्व के प्रति कर्तव्यनिष्ठ ऐसी बीएलओ को सम्मानित और इस मामले में उदासीनता और लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## अपराधियों ने मिनी हाइवा में लगाई आग, पुलिस कर रही है मामले की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के दंगवार ओपी क्षेत्र के डुमरहाथा गांव के समीप मनोज सिंह के होटल के समीप अज्ञात अपराधियों ने एक मिनी हाइवा में आग लगा दी। घटना देर रात की बताई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब शनिवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रहे है। यह आगजनी किस वजह से की गयी है, या अन्य किसी अपराधियों द्वारा पूर्व में कोई धमकी मिली थी, इसको लेकर पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। अगलगी में मिनी हाइवा पूरी तरह जल गया है। पुलिस आस पास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। उक्त हाइवा डुमरहाथा गांव निवासी मनोज सिंह के रिश्तेदार राम प्रताप सिंह औरंगाबाद निवासी की बताई जाती हैं। उन्होंने बताया कि उक्त मिनी हाइवा पिछले छह महीने पूर्व में लिया था, जो हुसैनाबाद क्षेत्रों में क्रशर प्लांट से गिट्टी छरी ढ़ोने में होता था, अक्सर वाहन मनोज सिंह के होटल के पास खड़ी रहती थी। वैसे पुलिस इस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही हैं।

## न्यूज बॉक्स

### विधानसभा के क्षेत्र में विकास हुआ: सुर्या सिंह

**हैदरनगर।** भाजपा के युवा नेता सूर्या सिंह ने चुनावी सभा में कहा कि हुसैनाबाद की धरती पर कोई ऐसा काम नहीं है, जिसे कमलेश कुमार सिंह ने नहीं किया है। ऊर्जा, शिक्षा, सड़क व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी काम उन्होंने किया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद का संदेश पूरे हिन्दुस्तान में जायेगा। देश में हिन्दू बड़ा भाई था और रहेगा। टीका लगाकर बोलने से ऐसा नहीं है कि मुसलामनो का काम कमलेश कुमार सिंह ने नहीं किया है। सभी को साथ लेकर चले है। लेकिन भारत में हिन्दू बड़ा भाई है, यह भी साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ विधायक का चुनाव नहीं, अपनी संस्कृति और सभ्यता के साथ हिंदुत्व की एकजुटता का भी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं कार्यकताओं के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

### निर्दलीय प्रत्याशी का दफ्तर खुला



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड में बस्ती चौक के पास हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल संजय कुमार सिंह ने चुनाव कार्यालय का उदघाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान और पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने हुसैनाबाद के मान सम्मान को बेचने और विकास के नाम पर क्षेत्र को ठगने का काम किया है। जनता उनके कारनामे को समझ चुकी है। मगर अब वो चुनाव में जात व धर्म के नाम पर देवतुल्य जनता को बरगलाने में लगे हैं। मौके पर उनके साथ मृत्युंजय सिंह, धीरेंद्र बैठा, पंकज यादव, विजय सिंह, बिरजू सिंह, बुटन बैठा, बिगन राम चन्द्रवंशी, गुड्डू पासवान, अरबिन्द राम, राजेश रजवार, घूरा रजवार, सुशील मेहता, महेंद्र सिंह और धर्मेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### राजद चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** मेन रोड़ न्यू बस स्टैंड समीप राजद के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन राजद के प्रदेश सचिव रवि कुमार यादव ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है। राजद ही क्षेत्र का विकास कर सकती है। राजद सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। क्षेत्र में राजद का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। कार्यकर्ता तन मन से चुनाव प्रचार मे जुट जाएं। मौके पर अभय सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, महादेव यादव, आनंद यदुवंशी, उमा यादव, दीपक यादव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, कृष्णा बैठा, राजकुमार पासवान, अशोक जायसवाल, लखन यादव, संजय यादव, सूरज यादव, रंजीत पासवान, विनय यादव, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन सुशील सिंह, आबिद हुसैन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राघो सिंह, युगेश यादव, राम विश्वास पासवान, टुडे आलम, युवा अध्यक्ष कुंदन भुइया, विजय कुशवाहा, शिवपूजन मेहता, वीरेंद्र यादव, अर्जुन यादव, जगन सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### कार्यकर्ता डोर टू डोर प्रचार करें: शिवपूजन मेहता



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास के समीप शनिवार को कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में हरिहरगंज व पिपरा के सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि अब चुनाव नजदीक है, इसलिए सभी कार्यकर्ता पार्टी का प्रचार करने के लिए जोर लगाए। कार्यकर्ता गांव-गांव में डोर टू डोर जाकर प्रचार करें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न दलों को छोड़कर दो दर्जन से अधिक लोगों ने बसपा का दामन थाम लिया। मौके पर बसपा प्रदेश सचिव पुनीत अंबेडकर, प्रमोद कुमार रवि, राजकुमार गौतम, चितरंजन दास, विधानसभा प्रभारी राम नारायण राम, विशाल वर्मा, इरफान शाहिद, सोनू जायसवाल, अखिलेश मेहता, रवि रोशन, सुशील भारती, मुखिया जितेंद्र पासवान, अरविंद गौतम, रंजीत मेहता, डॉ मनोज कुमार, डॉ महेश वर्मा, बिंदेश्वरी प्रसाद, पंचम मेहता, बबलू कुशवाहा, अवधेश मेहता, महताब शाहिल, नाजिम अंसारी, मुकेश मेहता, बालचंद, दिनेश गुप्ता, रंजीत प्रजापति सहित सैकड़ो की संख्या मे कार्यकर्ता व लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

**छतरपुर।** विजय तारा के समीप विधासभा चुनाव को लेकर कांग्रेस चुनाव कार्यालय का प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा नेता प्रशांत किशोर ने फीता काटकर कर कार्यालय का उद्घाटन किया। युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि पार्टी ने बेहतर प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर को प्रत्याशी बनाया है। उनके पिता अनुभवी है। अपने विधायकी कार्यकाल के दौरान क्षेत्र का काफी विकास किया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे बाजार में समझ बूझकर समान की खरीदारी करते हैं, उसी तरह समझदारी के साथ वोट करें और गठबंधन की सरकार झारखंड में बनाकर राहुल गांधी और हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करें। मौके पर मिथलेश सिंह, हरेंद्र, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सरताज खान, मुस्ताक अहमद, खालिद हुसैन, सत्यनारायन साव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा मंडल इकाई हरिहरगंज मेन रोड़ स्थित पंचमंदिर के समीप शनिवार को भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह व पूर्व मुखिया सह भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश शौंडिक ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान बीनू कुमार सिंह ने हरिहरगंज-हुसैनाबाद के भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में लोगों से मतदान कर अबकी बार राज्य में भाजपा नीत सरकार बनाने की अपील की। मौके पर मनीष कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, मुन्ना विश्वकर्मा, सतेन्द्र मेहता, अजय सिंह, अखिलेश मेहता, संजय जायसवाल, विश्वदीप कुमार, सनी गुप्ता, कान्हा सिंह, बबलू सिंह, धनंजय जायसवाल, अभय सिंह, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह, धनंजय सिंह, सुरेश सिंह, अरविंद पाण्डे, कामदेव शर्मा, मुखिया विनय सिंह, रामू यादव , पप्पु गुप्ता, अखिलेश मेहता, उदय सिंह, गुंजन सिंह, सतेन्द्र पासवान, अरविंद पासवान, दिनेश गुप्ता, मुखिया विनय सिंह, उदय सिंह, रामजी पासवान, डॉ प्रमोद कुमार, विकाश सिंह, अरविंद सिंह, अरुण सिंह, हरिद्वार मेहता, पीयूष, रामू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समर्थकों के साथ ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** ओबीसी एकता अधिकार मोर्चा के विश्रामपुर कार्यालय में शनिवार को मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बसपा व आजाद समता पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल हो गए। शामिल होने वालों में बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, आजाद समाज पार्टी के गढ़वा जिलाध्यक्ष रवींद्र कुमार रवि का नाम प्रमुख है। झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने भी विस प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद को चुनाव में समर्थन देने का ऐलान किया। समारोह के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कहा कि वर्तमान में चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी अपने अपने पार्टी के एजेंडे से बंधे हुए हैं। वहीं ब्रह्मदेव प्रसाद यहां के माटी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आम लोगों से चहुंमुखी विकास के लिए ब्रह्मदेव प्रसाद को मौका देने की अपील की। मौके पर बसपा के पूर्व पलामू जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, आजाद समाज पार्टी के गढ़वा जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार रवि, मजदूर नेता विनोद कुमार, प्रशांत ठाकुर, गोरख चौधरी, नंदु चंद्रवंशी, 'गिरजा प्रसाद विश्वकर्मा, सिराजुद्दीन अंसारी, विनोद विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा से ही राज्य का विकास सम्भव: मानस सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** भाजपा मंडल कार्यालय में शनिवार को मानस सिन्हा का स्वागत किया गया। बता दे कि मानस सिन्हा हाल में ही कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं। मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विकास स्वदेशी ने मानस सिन्हा, 20 सूत्री अध्यक्ष विशुनपुरा शैलेन्द्र सिंह, केतार 20 सूत्री उपाध्यक्ष सुशील पाठक सहित आधा दर्जन कांग्रेसियों को गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मानस सिन्हा ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा सीट कांग्रेस का सीट थी ,लेकिन कांग्रेस ने जेएमएम के सामने घुटने टेक यह सीट जेएमएम को दे दिया। पिछले 27 वर्षों से पार्टी के लिए काम किया, लेकिन पार्टी ने कार्यकताओं को उपेक्षित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आस्था रखते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश व राज्य का विकास भाजपा से ही सम्भव है। मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ,पंकज सिंह, धीरज कमलापुरी, नरेश सिंह , दिलीप रंजन मंटू प्रसाद, चंदन रजक, राजेश्वर सिंह, रामकर्ण साहू, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विधिक अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**विश्रामपुर।** जिला व सत्र न्यायधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव के नेतृत्व में इन दिनों वृहद विधिक जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिले के ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को विश्रामपुर प्रखंड के उदावाँर गांव में पीएसएलवी अखिलेश चौबे द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर पीएसएलवी ने ग्रामीणों को विधिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधायक सेवा प्राधिकार आम लोगों को हर तरह की विधिक सेवा भी मुफ्त उपलब्ध करता है। शुक्रवार को रेहला साप्ताहिक बाजार में भी विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया था। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### सपा प्रत्याशी उमेंद्र कुमार यादव ने की वोट की अपील, विकास का भरोसा दिया

**खरौंधी।** खरौंधी बाजार में समाजवादी पार्टी के विधायक प्रत्याशी उमेंद्र कुमार यादव ने नुक्कड़ सभा कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने क्षेत्र की जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ चहुमुखी विकास का भरोसा दिलाया। उमेंद्र यादव ने कहा कि अब तक जितने भी विधायक बने, उन्होंने जनता को केवल ठगा है। यादव ने लोगों से 13 नवंबर को सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि इस बार परिवर्तन करें। उन्होंने वादा किया कि जनता का समर्थन मिलने पर क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर बदल देंगे। मौके पर कई समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**पर्व त्योहार**

## भाई दूज पर गोधन की आकृति बनाने का है धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

# भाई दूज पर गोधन पूजा: भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक अनुष्ठान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीपावली के बाद भाई दूज का पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, जिसे पूरे भारत में उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों की दीघार्यु और समृद्धि की कामना करती हैं। हिन्दू धर्म में इस त्योहार का विशेष महत्व है, जिसमें बहनें भाई की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं और उसकी सुरक्षा के लिए विशेष अनुष्ठान करती हैं।

**प्रतीकात्मक अनुष्ठान :** गोधन की आकृति को मूसल से कूटना प्रतीकात्मक है, जो सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। यह अनुष्ठान बहनों के भीतर भाई के प्रति प्रेम और उनकी सुरक्षा की भावना को दशार्ता है। बहनें इस प्रक्रिया में अपनी श्रद्धा और समर्पण से गोधन की आकृति पर मूसल चलाती हैं, मानती हैं कि इससे भाइयों की सभी नकारात्मकता दूर होती है और वे सुरक्षित रहते हैं।

### यमराज की पूजा का महत्व

भाई दूज पर यमराज और यमुना माता की पूजा का भी विशेष महत्व है। बहनें यमराज से भाइयों के जीवन की रक्षा और पापों से मुक्ति की कामना करती हैं। इस अवसर पर भाई को तिलक लगाकर उसकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। यह अनुष्ठान भाई-बहन के रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है।

### गोधन की आकृति का पौराणिक महत्व

भाई दूज के दिन बहनें गोबर से गोधन नामक आकृति बनाती हैं और उसे मूसल से कूटती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, गोधन भगवान श्रीकृष्ण का मित्र था, जिसने गोपियों के साथ रास करने की इच्छा से श्रीकृष्ण का रूप धारण कर लिया था। जब गोपियों ने गोधन का यह छल जाना, तो उसकी इस इच्छा की पूर्ति नहीं हो सकी और उसे अपने प्राणों का त्याग करना पड़ा। मान्यता है कि भाई दूज के दिन गोधन की आकृति बनाकर मूसल से कूटने से उसकी आत्मा को शांति मिलती है।

### भाई दूज का सांस्कृतिक संदेश

हिंदू पंचांग के अनुसार, भाई दूज का त्योहार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 3 नवंबर को है। भाई दूज पर गोधन की आकृति बनाने का अनुष्ठान न केवल भाई-बहन के रिश्ते को सशक्त करता है बल्कि परिवार में अपनत्व और आपसी संबंधों को भी मजबूत बनाता है।

# भैया दूज और चित्रगुप्त पूजा आज, तैयारी पूरी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि, यानी दीपावली के दूसरे दिन भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। इसी दिन भगवान चित्रगुप्त की भी पूजा की जाती है। यह पूजा खास विधि-विधान से की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि चित्रगुप्त भगवान की पूजा करने से लोगों की हर तकलीफ दूर होती है और उन्हें सभी कष्टों से छुटकारा मिलता है।
भैया दूज और चित्रगुप्त पूजा इस रविवार को मनाया जाएगा। पं. दिलीप पांडेय के अनुसार, पंचांग के अनुसार गोवर्धन पूजा और भैया दूज का शुभ मुहूर्त सुबह 9:45 तक है, वहीं चित्रगुप्त पूजा का उत्तम मुहूर्त शाम में है।
भैया दूज त्यौहार हर साल कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहते हैं। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं, जिससे भाइयों की लंबी उम्र होती है और भाई-बहन दोनों के जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम का अतिथि सत्कार कर उन्हें भोजन कराया था। तब यमराज ने यह वरदान दिया था कि इस दिन यमुना में स्नान करने और यम का पूजन करने वाले व्यक्ति को मृत्यु के बाद यमलोक नहीं जाना पड़ेगा। यमुना को सूर्य की पुत्री माना जाता है, और इस दिन यमुना में स्नान करने का विशेष महत्व है।



मान्यता है कि भगवान चित्रगुप्त के साथ उनके प्रतीक कलम और दवात की भी इसी दिन पूजा आराधना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन कलम और दवात की पूजा की जाती है, और लोग इनसे नहीं लिखते हैं। यह भी मान्यता है कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने वाले लोगों को मृत्यु के बाद नरक की प्रताड़ना नहीं भुगतनी पड़ती है।

### श्री चित्रगुप्त पूजा की तैयारी पूरी, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा करेगा भव्य आयोजन

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के तत्वावधान में रविवार को आयोजित होने वाली श्री चित्रगुप्त पूजा की तैयारियाँ पूरी कर ली है। कार्यक्रम स्थल पर सजावट का कार्य अंतिम चरण में है। पूजा कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, रविवार को प्रातः 10 बजे से पूजा का आयोजन होगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से प्रसाद वितरण, संध्या 5 बजे से भंडारा और संध्या 7 बजे से भक्ति जागरण का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। सोमवार, 4 नवंबर 2024 को प्रातः आरती और संध्या 4 बजे प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम निर्धारित है। पूजा समिति के संयोजक अविनाश वर्मा, सह-संयोजक गोपाल सिंहा, अध्यक्ष राजेश कुमार (राकेश), सचिव शशांक सुमन और उनकी टीम के सदस्यों की कड़ी मेहनत से यह समारोह भव्य रूप में संपन्न होने की संभावना है। सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करें। यह जानकारी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के जिलाध्यक्ष कमल किशोर ने दी।

## धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार, मुख्य अभियुक्त की तलाश जारी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दर थाना क्षेत्र में दर्ज एक धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आज एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में वादी रेणु साह ने आवेदन देकर विश्वासघात, धोखाधड़ी, और पैसों की ठगी का आरोप लगाते हुए संतोष गिरी और अभिषेक कुमार सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।
सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि इस मामले में अभिषेक कुमार सिंह, ग्राम नौका टोला खवासपुर, पोस्ट खवासपुर, थाना कृष्णानगर, जिला भोजपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि संतोष गिरी, ग्राम ठेंगहा, पोस्ट बेनीपुर, थाना मधेपुर, जिला दरभंगा फरार है। पुलिस सुजुकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।
उन्होंने बताया कि यह अभिषेक कुमार सिंह को धनबाद के बारामोर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं, संतोष गिरी गिरफ्तारी के डर से अपने रिश्तेदारों के यहां और अन्य स्थानों पर छुपा हुआ है। उसकी तलाश में पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

## चुनावी माहौल में प्रशासन ने उठाए सुरक्षा के कड़े कदम

- पांच अपराधियों को जिलाबदर किया गया
- 14 हथियारों के लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की गई
- आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के कारण हुई कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस संदर्भ में 5 अपराधियों को जिलाबदर किया गया है। यह कार्रवाई चुनावी शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए की गई है। जिलाबदर की प्रक्रिया के अंतर्गत उन व्यक्तियों को जिला क्षेत्र से बाहर भेजा गया है, जिनके गतिविधियों को चुनाव के दौरान चिंता का विषय माना गया।
इसके अतिरिक्त प्रशासन नेकहथियारों के लाइसेंस के संबंध में भी सख्त कार्रवाई की गई है। तीन लोगों के हथियारों के लाइसेंस को रद्द कर दिया गया है। जबकि 14 अन्य व्यक्तियों के हथियारों के लाइसेंस रद्द करने के लिए प्रस्ताव पेश किया गया है। यह निर्णय सुरक्षा बलों और प्रशासन द्वारा सामुदायिक शांति और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। सूत्रों के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर इन सभी लाइसेंस धारकों ने शहर थाना में अपनी अपनी लाइसेंसी हथियार जमा नहीं कराए थे इस कारण पुलिस की ओर से उनके लाइसेंस को रद्द करने की अनुशंसा की गई है। जिलाबदर और लाइसेंस रद्द करने की यह प्रक्रिया चुनावी माहौल में संभावित विवादों और हिंसा को रोकने के लिए एक अहम कदम है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से दूर रहें। इस प्रकार की कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

## शहर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने मतदाता जागरूकता रैली का किया आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की पलामू जिला शाखा द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मेदिनीनगर बाजार क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ पहले मतदान, फिर जलपान के नारे के साथ हुआ।
इस मौके पर सोसाइटी के सचिव, डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता और रेड क्रॉस की टीम ने शहरवासियों और ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों से अपील की कि वे पहले मतदान करें और फिर जलपान करें। उन्होंने कहा कि वोट आपकी शक्ति है और इसका सही तरीके से उपयोग करें। सोच-समझकर अपने विवेक का प्रयोग करते हुए मतदान करें, क्योंकि आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है।
**कार्यक्रम में रेड क्रॉस पलामू के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे :** उपाध्यक्ष आलोक पाठक, सचिव डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, संयोजक सुधीर अग्रवाल, मुख्य परियोजना निदेशक गिरधारी गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य उदय शंकर दुबे (रिंकू दुबे), राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, प्रदीप कुमार अकेला, निलेश चंद्रा, रंजीत मिश्रा, बृजेश शुक्ला, विश्वजीत गुप्ता, हरिशंकर सिंह (मुन्ना सिंह), विनय कुमार, मेधावी पाण्डेय, आशीष सिंह, नीरज कुमार, अभिषेक कुमार, समीर कुमार, रजनीकांत पाण्डेय, श्रीराम पाठक, नवनीत कुमार, प्रवीण रंजन, और फिरोज अंसारी सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

## जलसा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, शिक्षा, दहेज और नशा मुक्ति पर दिया गया जोर

**मेदिनीनगर।** पोखराहा खुर्द में स्थित एम.एस.ए स्कूल में एक भव्य जलसा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मौलाना जुबैर साहब ने कहा कि जो लोग शराब, जुआ और अन्य अनैतिक गतिविधियों में संलग्न हैं, उनका अल्लाह से कोई संबंध नहीं होता। अल्लाह तो हमेशा उसी के साथ होता है, जो नमाज पढ़ता है।
इस जलसे में मौलाना जसीम कारी समेत इटहे, हरतुआ, शहदवा, शोले, लेस्लीगंज, पोखराहा, रामसागर और झाबर गांव के इमामों ने अकीदतमंदों को धार्मिक शिक्षा देते हुए पवित्र कुरान की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने की अपील की। इसके बाद सभी आलिमों ने प्रेरणादायक नात और तकरीरें प्रस्तुत कीं।
कार्यक्रम के समापन पर सलातो सलाम और दुआ की गई। इस दौरान अकीदतमंदों की व्यवस्था और खान-पान का इंतजाम करने के लिए स्कूल के संस्थापक मोहम्मद शफीक अंसारी की सराहना की गई।
इस जलसे में मुख्य अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध प्रोफेसर डॉ. तनवीर युनुस भी उपस्थित रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दिलवाएं। उन्होंने कहा कि एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में कंप्यूटर तथा अंग्रेजी की किताबें होना चाहिए।

## मेदिनीनगर में बिजली के पोल पर लगी आग, फायर ब्रिगेड ने समय रहते बुझाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक पर एक बिजली के पोल पर लगे कवर वायर में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने जब पोल से धुआं उठते देखा, तो तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी।
सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन इसे शॉर्ट सर्किट की संभावना से जोड़ा जा रहा है।



घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन आग से इलाके में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया था।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना अंतर्गत सिंगरा के निकट एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक वह अपनी जीप पर सवार था।घायल की पहचान रेड़मा निवासी अजय दुबे के बेटे अभिषेक दुबे के रूप में हुई है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने उसे गाड़ी से बाहर निकाला उसके बाद इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। अभिषेक को दुर्घटना में सर ,हाथ और पेट में काफी चोट आई है। उसका इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा है।

### पूर्व उपमहापौर ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र

## छठ पूजा के मद्देनजर नगर निगम में साफ-सफाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आगामी छठ पूजा को देखते हुए मेदिनीनगर नगर निगम में साफ-सफाई और विधि-व्यवस्था को लेकर पूर्व उपमहापौर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने समस्याओं के समाधान का आग्रह किया है।



पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह ने पत्र में कहा कि छठ पूजा यहां का प्रमुख पर्व है और नगर निगम में दूर-दराज से श्रद्धालु आस्था के इस पर्व को मनाने आते हैं। ऐसे में नगर निगम क्षेत्र में आने वाले आगंतुकों और स्थानीय जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों की सफाई और व्यवस्था में सुधार के लिए करना जरूरी है।
उन्होंने शहर के विभिन्न छठ घाटों (वार्ड नंबर 1 से 35) तक साफ-सफाई की व्यवस्था करने, प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष सफाई व्यवस्था करने, घाटों की सफाई के लिए विशेष टीम गठित कर शहर को साफ और सुंदर बनाने, छठ व्रतियों की सुविधा हेतु अस्थायी मार्ग, ह्यूम पाइप, और बोरा आदि का उपयोग करने, छठ घाटों पर कपड़े बदलने के लिए क्लॉथ चेंजिंग स्टॉल की व्यवस्था करने, जेसीबी के माध्यम से छठ घाट और जाने वाले रास्तों पर सफाई व्यवस्था और नगर निगम क्षेत्र में पर्व के दौरान मांस, मछली और अंडे की बिक्री पर रोक का विचार करने की मांग की है।
उन्होंने इसके लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने का भी आग्रह किया है।
पूर्व उपमहापौर ने इन सभी बिंदुओं पर नगर आयुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए आग्रह किया है कि नगर निगम की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाया जाए और लोग आस्था के इस पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मना सकें।

### छठ पर्व पर जरूरतमंदों के बीच सामग्रियों का वितरण करेगा ट्रस्ट

**मेदिनीनगर।** हर साल की तरह इस साल भी छठ महापर्व पर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का महा अभियान जारी रहेगा। इस बार यह अभियान 5 से 7 नवंबर तक लगातार चलेगा। इस अभियान के तहत जरूरतमंद छठव्रतियों के बीच नई साड़ियाँ, नारियल, फल, सिंदूर, सूखे मेवे, घी, अगरबती और अन्य पूजन सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने बताया कि पलामू की आम जनता और हमारे कुछ रिश्तेदारों के सहयोग से यह महा अभियान हर साल सफलतापूर्वक संपन्न होता है। इस साल भी इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

## रेड़मा चौक पर सघन जांच अभियान कई वाहनों का हुआ चालान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेड़मा चौक पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन और टेंपो की जांच की गई। चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए समझाया गया, जबकि दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने का निर्देश दिया गया। टेंपो चालकों को भी निर्धारित रूट पर चलने के लिए आदेश दिए गए। सभी वाहनों की जांच के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।
आज जिला परिवहन कार्यालय से 05 दो पहिया वाहनों का चालान 10,000 रुपये की फाइन राशि के साथ किया गया। इसके अतिरिक्त 05 ई-रिक्शा टेंपो का चालान 8,450 रुपये और 04 टेंपो सवारी गाड़ियों का चालान 5,600 रुपये का किया गया। आज चालान फाइन राशि 24,050 रुपये आई है।

## छठ व्रतियों के बीच सामग्री वितरण के लिए कार्ड बांटे गए



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** बाजार स्थित गुरुद्वारा मोहल्ला में शनिवार को महान क्लब के तत्वावधान में छठ महापर्व के अवसर पर व्रतियों के बीच सामग्री वितरण के लिए कार्ड का वितरण किया गया। क्लब के महंत शंकर दास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महान क्लब छठ पर्व पर आवश्यक सामग्री का वितरण करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सामग्री केवल उन्हीं लोगों को दी जाएगी जिन्होंने कार्ड प्राप्त किया है।
महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी के नेतृत्व में छठ व्रतियों के लिए सामग्री वितरण का कार्यक्रम रविवार से शुरू होगा। वितरण कार्यक्रम के तहत रविवार को साड़ी और गेहूं, सोमवार को सूप और दवरी, मंगलवार को आम की लकड़ी और कद्दू, बुधवार को चावल, दूध और गुड़, गुरुवार को फल-फूल, तथा शुक्रवार को लोटा, दूध, पान का पत्ता और कसैली वितरित किए जाएंगे।
इस अवसर पर क्लब के सदस्य अनमोल मालाकार, अंकित कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, मनोज दास, बाबा जी, रूपेश सोनी, अमित कुमार, दीपक कुमार कश्यप, प्रीतम कुमार, श्याम कुमार दास, गोपाल प्रसाद सिंह, केदार राम पासी समेत कई महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# बांस से बने दौरा और सूप की बढ़ी मांग, बाजार सज-धज कर तैयार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आस्था के महापर्व छठ पर दौरा, सूप, फल और अन्य आवश्यक सामान खरीदने के लिए मेदिनीनगर के मुख्य बाजार में भीड़ जमा होने लगी है। हालांकि, भैया दूज के बाद बाजार में और भी तेजी आने की संभावना है। पर्व के नजदीक आते ही गली-गली में छठ गीत सुनाई देने लगे हैं, जिससे पूरा शहर छठमय हो चुका है। कुछ घाटों पर पर्व की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, जबकि कई घाटों पर अभी तक सफाई की उचित व्यवस्था नहीं हो पाई है। इस बार अच्छी बारिश के कारण तालाबों और नदियों में पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों में छठ पर्व मनाने को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है।
**गली चौराहे हुए गुलजार :** छठ पर्व के अवसर पर छोटे-छोटे गली चौराहे भी गुलजार हो जाते हैं। इस दौरान दुकानों, चौराहों और घरों में छठ गीत गूंज रहे हैं। मुख्य बाजार के अलावा रेड़मा चौक, बैरिया चौक और साहित्य समाज आदि स्थानों पर भी फलों के साथ दौरा, सूप और दीया-ढकनी बेचने वालों की दुकानें सज गई हैं। छठ व्रत करने वाली महिलाएं और उनके परिजन दुकानों से फल आदि की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे इलाके में चहल-पहल बढ़ गई है।



### थोक व्यापारी हुए खाली, अब खुदरा की बारी

छठ पर्व को लेकर बाजार में फलों के कारोबार में लगे थोक व्यवसायी अब धीरे-धीरे बड़े पैमाने पर फल की बिक्री कर रहे हैं। पुराने बस डिपो के सामने थोक रूप में बिक्री होती है। यहां से शहर के चौराहों पर दुकान लगाकर फुटकर फल बेचने वाले दुकानदार फल खरीदकर ले जाते हैं। पर्व आदि के समय अधिकतर फल विक्रेता और अन्य लोग वहीं से फल खरीदते हैं। हालांकि, अधिकांश फल विक्रेताओं ने पहले ही बड़ी मात्रा में थोक में फल खरीद लिए हैं। यदि एक-दो दिन तक यही स्थिति बनी रही, तो लोगों को खुदरा विक्रेताओं की ओर रुख करना पड़ेगा।

### सामान इकट्ठा करने में लगे लोग

छठ पर्व में दूध की मांग काफी बढ़ जाती है, जिसे लेकर अभी से ही दूध की एडवांस बुकिंग जारी है। बाजार में फल खरीदने वालों की संख्या कम है, लेकिन सूप, दौरा और दीया आदि की खरीदारी ज्यादा हो रही है। फल के नाम पर लोग अनानास और नारियल जैसे फलों को पहले ही घर ले जाकर रखना चाह रहे हैं। लोगों का कहना है कि बाकी फल तो पूजन वाले दिन भी मिल जाएंगे, लेकिन कभी-कभी अनानास और नारियल का अभाव हो जाता है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**भवनाथपुर।** पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मतौली गांव निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र बैठा शनिवार को कपूर्री चौक के समीप सड़क पार करने के दौरान बाइक से धक्का लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। वहां चिकित्सक शैलेंद्र कुमार व एस कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की सुबह अपने घर आयरन करने के दौरान करंट लगने से भवनाथपुर बस्ती निवासी 45 वर्षीय सुनील बैठा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सुनील साला राजेंद्र बैठा अपने भतीजा अजय कुमार के साथ भवनाथपुर आया था। दाह संस्कार के लिए कफन का कपड़ा लेने बाइक से भवनाथपुर बाजार जा रहा था, इस बीच सड़क पार करने के दौरान एक तेज गति से आ रही बाइक ने धक्का मारकर फरार हो गया। घटना में राजेंद्र बैठा का एक पैर टूट गया है। घटना की सूचना भवनाथपुर थाना को मिलने पर थाना के एसआई नारायण शर्मा ने सीएचसी पहुंचकर पीड़ित से जानकारी प्राप्त किया।

# सीएम के प्रस्तावित दौरा को लेकर डीसी, एसपी ने किया निरीक्षण

**हेमंत तीन को रंका व चार को भंडरिया में**

**पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था संधारण के कड़े इंतजाम करने का निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** आगामी 4 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भंडरिया के स्कूली मैदान में आयोजित सभा को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने प्रस्तावित कार्यक्रम राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भंडरिया व तीन नवंबर के गढ़वा जिले के रंका अनुमंडल के राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के स्कूली मैदान में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। साथ ही पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था संधारण के कड़े इंतजाम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे मैदान का जायजा लेने के बाद कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी हेलीपैड का निर्माण, मंच का निर्माण, वीवीआईपी एंट्री, अतिथियों के आगमन पर पहुंच पथ की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, आवश्यक साफ-सफाई, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था, चिकित्सकीय व्यवस्था, ट्रैफिक व पार्किंग की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा आदर्श आचार सहिंता का पालन करना आवश्यक है। चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप सभी तैयारी करना सुनिश्चित कराने का निर्देश सभी पदाधिकारियों को दिया।

## अंतरराज्यीय चेक पोस्ट से 1.38 लाख हजार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** बड़गड़ थाना स्थित मुख्यमार्ग पर स्थापित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर तैनात पदाधिकारी व पुलिस बल द्वारा शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुरी मुस्तैदी के साथ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार सुबह लगभग ग्यारह बजे बड़गड़ अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर जांच के दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों के पास से एक लाख 38 हजार 20 रुपए बरामद किया गया। बरामद राशि को जब्त कर दंडाधिकारी सुबास कुमार कुशवाह ने थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य को सौंप दिया। दंडाधिकारी ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर चेकपोस्ट पर लगातार गहनता पूर्वक जांच अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान चेकपोस्ट पर बाइक सवार भदुमा गढ़वा निवासी रउफ अंसारी को संदेह के आधार पर तलाशी लेने के क्रम में उक्त राशि बरामद की गई है। मौके पर पुलिस दंडाधिकारी एएसआई सिंगराय गुंजा, आरक्षी श्रवण कुमार राम, कालीनाथ महतो आदि मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया सामग्री कोषांग व मतदाता सूची विखंडीकरण कार्यों का निरीक्षण

**संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर ने शनिवार को गढ़वा के नये समाहरणालय के तृतीय तल पर बनाये गए सामग्री कोषांग तथा मतदाता सूची विखंडीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उपायुक्त सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवीश राज सिंह के साथ यहां किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने यहां के कामकाज को देखा तथा अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी सावधानी से काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सामग्री कोषांग के पदाधिकारी को कहा कि चुनाव के लिए जरूरी सभी सामग्रियों की सूची तैयार कर लें। अगर किसी सामग्री की कमी है, तो फिर इसकी सूची बनाकर निर्वाचन शाखा से समन्वय स्थापित करते हुए वहां से सामग्री की आपूर्ति करा लिया जाए। मतदानकर्मियों के लिए जरूरी सामान की पैकेजिंग के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। साथ ही पूरी लगन के साथ बगैर किसी कोताही के काम करने का निर्देश दिया।

### सड़क दुर्घटना में पांच घायल, एमएमसीएच रेफर

**भंडरिया।** गढ़वा-भंडरिया बड़गड़ मुख्य मार्ग स्थित सुगादोनी के पास ट्रैक्टर व टेंपो के आमने-सामने टक्कर में 2 साल का बच्चो समेत चार लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार टेंपो सवार अजय तिर्की अपने पूरे परिवार के साथ बरगढ़ थाना क्षेत्र के बरकोल गांव बेटी दामाद के घर जा रहा थे। इस बीच विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से टेंपो में आमने-सामने टक्कर हो गयी। इससे टेंपो ड्राइवर 50 वर्षीय वीरेंद्र मांझी, दीपक तिर्की 30 वर्ष, दीप्ती तिर्की 17 वर्ष, छोटू मांझी 2 वर्ष, सुनीता देवी 48 वर्ष घायल हो गए। राहगीर व आसपास के लोगों के सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। घायल दीपक तिर्की के एक पैर पूरी तरह जख्मी हो गया है, वहीं दाहिने हाथ के तीन उंगली कट के घटनास्थल पर ही गिर गया। घटना की सूचना मिलने पर सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्तर पर पहुंच घटना से संबंधित जानकारी लिया।

## निर्वाची पदाधिकारी ने उम्मीदवारों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार को गढ़वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के साथ बैठक की। 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों व उनके निर्वाचन अभिकताओं के साथ हुई बैठक में बताया गया कि कल तीन नवंबर से पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया आरंभ हो रही है। साथ ही होम वोटिंग की प्रक्रिया भी आरंभ हो रही है। इसके लिए उन्हें सलाह दी गई कि वह पोस्टल बैलट, वोटिंग होम वोटिंग के लिए अपने पोलिंग एजेंट भी नियुक्त कर लें। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, वैसे सभी प्रत्याशियों को सूचित किया गया कि वह अपराधिक मामलों के संदर्भ में दिए गए प्रपत्र 31 के अनुसार निर्धारित तिथियों पर तीन बार समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाते हुए रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय को भी प्रपत्र 34 में सूचित करेंगे। प्रत्याशियों को अपने पोलिंग एजेंट नियुक्त करने के लिए प्रपत्र 10 में आवेदन देना होगा। इसलिए सभी प्रत्याशियों को उक्त प्रपत्र भी उपलब्ध कराए गए। चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी क्या करें, क्या न करें को लेकर चुनाव आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन व एडवाइजरी से भी सभी को अवगत कराया गया। सभी उम्मीदवारों से अपील की गई कि वह आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए ही चुनाव प्रचार करें। प्रचार के दौरान अपने भाषण में किसी प्रतिद्वंद्वी, प्रत्याशी या अन्य व्यक्ति के विरुद्ध निजी प्रहार न करें, बल्कि दूसरों की गरिमा का पूरा सम्मान बनाए रखें। धार्मिक स्थलों का राजनीतिक प्रयोग आचार संहिता का खुला उल्लंघन माना जाएगा, इसलिए प्रत्याशी धार्मिक कार्यों, अनुष्ठानों में राजनीतिक भाषण बाजी, प्रचार सामग्री वितरण, मतदान अपील आदि से परहेज करें। इस दौरान सहायक निवार्ची पदाधिकारी सफी आलम, चिनियां प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी सुबोध कुमार के अलावा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार व उनके चुनाव एजेंट मौजूद थें।

## शिक्षकों ने किया आपत बैठक एसीबी कार्रवाई को बताया साजिश



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** एसीबी कार्रवाई को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। श्री बंशीधर नगर के शिक्षकों ने मिडिल स्कूल में गुरुवार को आपात बैठक कर एसीबी कार्रवाई को साजिश बताते हुए चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। बैठक में मौजूद शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि बुधवार को मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। यह प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार के द्वारा साजिश था। अनिल विश्वकर्मा हम सभी के प्रेरणाश्रोत हैं। उनकी ईमानदारी की मिशाल जगजाहिर है। उनके कार्यों के कारण शिक्षा विभाग कई बार पुरस्कृत कर चुका है। मिडिल स्कूल के शिक्षक खुश दिल सिंह ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार ने साजिश के तहत उन्हें फंसाया है। एमडीएम का पैसा निकासी संयोजिका और अध्यक्ष के साइन से होता है। पूर्व अध्यक्ष ने स्कूल में समर्शिबल लगाने के लिए 5 हजार रुपए अनिल विश्वकर्मा से उधार लिया था। जिसके गवाह स्कूल के सभी शिक्षक भी हैं। इस बीच शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन में दूसरे अध्यक्ष का चयन हुआ। इसे लेकर अरविंद कुमार ने साजिश किया। अविनाश कुमार ने कहा कि आज के बैठक में निर्णय लिया गया कि हम सभी शिक्षक प्रभारी के पद से सामूहिक इस्तीफा देंगे। हमलोग की बहाली शैक्षिक कार्य करने के लिए हुआ है। गैर शैक्षणिक कार्य हमलोग नहीं करेंगे। जब तक अनिल विश्वकर्मा को न्याय नहीं मिल जाता हमलोगों का आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान रामलला मिश्रा, अरुण कुमार, अखिलेश पाल, राजनाथ राम, संजय कुमार, सुधीर चौबे, आशुतोष कुमार, तसलीमा खातून, अरविंद कुमार, रमेश प्रसाद, अविनाश कुमार, अमित कुमार, संजय कुमार, हृदय गुप्ता, रूपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

## भंडरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के समर्थन में उनके पिता पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने भंडरिया बरगढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दिलीप सिंह को मतदान करें ताकि वे फिर से इसी क्षेत्र में सेवा का अवसर प्राप्त कर सकें। इंदिरा गांधी चौक पर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद इंदर सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में भंडरिया बरगढ़ सहित पूरे विधानसभा के लिए दिए गए योगदान को लोग भली-भांति जानते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निर्दलीय विधायक के रूप में, स्पीकर और सांसद के तौर पर पलामू की जनता ने उन्हें जो प्रतिनिधित्व का मौका दिया है, उसके लिए वे आभारी हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा से लेकर दिल्ली तक, उन्होंने पलामूवासियों की आवाज को पहुंचाने का काम किया है। संसद के रूप में सेवा करने के दौरान वे इस क्षेत्र से थोड़ा दूर रहे, लेकिन उन्होंने कहा कि वे यहां के लोगों को अच्छे से जानते हैं और उनके लिए वही समानता आज भी है। इस अवसर पर राजेश वर्मा, बिनोद प्रजापति, अभय कुमार सिंह, मदन केशरी, बसंत यादव, मनोज केशरी, और शेखर सिंह उपस्थित थे।

**त्योहार**

## आस्था का महापर्व की तैयारियां जोरों पर, घाट की सफाई में जुटे लोग

# छठ महापर्व हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक : ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में छठ महापर्व की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। ग्रामीण और विभिन्न समितियां छठ घाटों की साफ-सफाई में जुटी हैं। श्रद्धालुओं को पर्व मनाने में कोई असुविधा न हो इसका प्रयास विभिन्न संगठनों द्वारा किया जा रहा है। इस क्रम में सर्वेश्वरी आश्रम छठ घाट की सफाई का कार्य श्री राम सेना के अध्यक्ष गौरव सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस सफाई अभियान में श्री राम सेना के हर्षित सिंह, अमित सिंह, गौतम सिंह, ध्रुव सिंह, विपुल सिंह, आदित्य सिंह, अंश सिंह, सुभाष गुप्ता और बबुआ जी सहित कई अन्य लोग भी शामिल थे। समिति के सदस्यों ने घाट पर साफ-सफाई कर इसे छठ पर्व के लिए तैयार किया। सफाई अभियान में शामिल सदस्यों का कहना है कि छठ महापर्व हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है, और इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए वे अपनी तरफ से पूरा प्रयास कर रहे है।

### छठ पूजा समिति का गठन, कामाख्या बने अध्यक्ष

**रमना** लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर सिलिदाग पंचायत के युवकों ने बैठक कर छठ पूजा घाट की साफ-सफाई, व्रतियों के बैठने के लिए पंडाल, लाइट बती, स्नान के लिए पानी कि व्यवस्था करने के विषय पर चर्चा की। उक्त सभी व्यवस्था छठ पूजा समिति द्वारा किया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मती से कमख्या पासवान को अध्यक्ष, उमेश कुमार को उपाध्यक्ष,सुजीत कुमार को सचिव, प्रदीप कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर गौतम कुमार देवनाथ राम, उमेश राम, उपेंद्र ठाकुर,शिव कुमार, अजय कुमार,रौशन कुमार, जितेंद्र कुमार और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने धनंजय

**रमना** छठ महापर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से भगवान भास्कर का अस्थाई प्रतिमा बनाने, गुलहरी बांध से टेढ़की पुल स्थित छठ घाट तक समुचित लाईट के व्यवस्था करने,छठ घाट पर साफ सफाई,साउंड सहित टेंट का व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने को लिए छठ घाट कमेटी का गठन किया गया। धनंजय प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष,महेंद्र प्रसाद गुप्ता को सचिव,रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक के रूप में अजीत कुमार सोनी, टूटू सिंह, शक्ति सिंह, दीपक सिंह, सोनू सिंह, संजय प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार,समाज सेवी मुन्ना प्रसाद,अमित सोनी का नाम को मनोनीत किया गया.वही दिनेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सक्रिय सदस्य के रूप में अनुज कुमार,रोहित वर्मा,त्रिपुरारी सोनी,सोनू सोनी,शुभम कुमार,ललन गुप्ता,सुनील प्रसाद,राजू कुमार,टुनटुन सोनी,संजय प्रसाद,सौरव गुप्ता,बलराम प्रसाद,डब्लू गुप्ता,मंतोष चंद्रवंशी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है। अध्यक्ष धनंजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा समिति के सदस्यों ने जिस प्रकार भरोसा जताते हुए प्रभार देने का कार्य किया है। वह पूरी ईमानदारी से कार्य करने का काम करेंगे। कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ महापर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। घाट का साफ-सफाई, लाइट,टेंट के साथ भक्ति जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक भानू ने तीन पंचायत में निकाला जन आशीर्वाद यात्रा

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी, मकरी, भवनाथपुर पंचायत में शनिवार को विधायक भानू प्रताप शाही ने जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। आशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम में बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। जन आशिर्वाद यात्रा के दौरान विधायक विधायक भानू ने कहा कि जनता का तीन बार से आशीर्वाद मिलते आ रहा है, इसके लिए वह पंचायत के ग्रामीणों के ऋणी है। इस बार भी वह अपने काम के दाम के रूप में आशीर्वाद क्षेत्र के बेटा बनकर लेने उनके पास आए हैं। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव ने किया। मौके पर विजयलक्ष्मी, सरिता विश्वकर्मा, रीना बारी ,भगत दयानंद, अनिल चौबे, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव,दयानन्द सोनी, सुनील सिंह, चंदन ठाकुर, घनश्याम शुक्ला, मनोज सिंह, संजय यादव, सुरेश गुप्ता,सुधीर सोनी, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी,राजेश गुप्ता,रविंद्र शर्मा,अरुण गुप्ता,लल्लू ठाकुर,टुकु सिंह,प्रेम प्रकाश रमन,मनोज रजक, डोमन चन्द्रवंशी, दिलीप पासवान,प्रदीप रजक, निरंजन पाठक, राजेश्वर पासवान, विजय जयसवाल,आदि उपस्थित थे।

### भाजपा नेताओं की नुक्कड़ सभा

**खरौंधी।** बाजार में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भवनाथपुर विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही के समर्थन में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री इग्नासुस बाड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता मानस सिन्हा, रामकृपाल द्विवेदी, राजेश कुमार रजक, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जदयू के जिला अध्यक्ष मानिक राय, पूर्व उपप्रमुख विवेकानंद यादव समेत कई प्रमुख नेता मौजूद थे। सभी ने 13 नवंबर को होने वाले चुनाव में भानु प्रताप शाही के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा में भाजपा नेता मानस सिन्हा ने कांग्रेस के अनंत प्रताप देव पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस का झंडा फाड़कर विश्वासघात किया। अनंत प्रताप देव ने अपने कार्यकाल में खरौंधी में डोमनी नदी का शिलान्यास किया, परंतु इसके बाद कोई काम नहीं हुआ। मौके पर भाजपा नेता राजेश रजक, भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, भाजपा नेता राजा सिंह, जितेंद्र प्रसाद यादव,बसंत कुमार यादव,अरुण सिंह,विकास कुमार सिंह,बबलू सिंह,पिन्टू सिंह,बुद्धनाथ गुप्ता,सुनील दिवेदी,कलामुद्दीन अंसारी,सुनील यादव,सुनील रौशन,कृष्णा यादव,धर्मेंद्र पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

### विधायक ने जन्मदिन पर काटा केक

**केतार।** विधायक भानू प्रताप शाही ने शनिवार को केतार बाजार में जन आशीर्वाद यात्रा कर क्षेत्र के लोगों से पुनः विधायक बनाने का आशीर्वाद मांगा। इससे पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने अपने 48 वां जन्मदिन दिन पर तलवार से केक काटा। विधायक भानू ने झारखंड से हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आर्शीवाद मांगा। पूर्व विधायक व झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव पर भी निशाना साधा। मौके पर जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, त्रिपुरारी सिंह, रविन्द्र सोनी, सतेन्द्र ठाकुर,सिताराम जयसवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने शमशान घाट तक की सड़क साफ करायी

**रमना।** सिलिदाग पंचायत अंतर्गत विलुप्त होते गड़गड़वा नदी स्थित शमशाम घाट तक जाने वाले मुख्य सड़क में बड़े-बड़े झाड़ियां निकलने से उस मार्ग से शव यात्रा ले जाना मुश्किल हो गया था। इस गांव में एक मजदूर को लेकर कुल पांच लोगो कि मृत्यु हो गयी थी, जिनके शव यात्रा में लोगों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा था। इसके बाद मृतकों के रिश्तेदारों व ग्रामीणों ने इस समस्या को मुखिया तक पहुंचाया। मुखिया अनीता देवी ने निजी खर्च से शमशाम घाट से लेकर दिनु चंद्रवंशी के घर तक सड़क को जेसीबी से साफ करायी। इस सामाजिक कार्य को ग्रामीणों ने सराहना की।

### झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा की

**केतार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के पक्ष में शनिवार को झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, ताहिर अंसारी, पूर्व सासंद कामेश्वर बैठा ने कई गांवों का दौरा कर प्रचार-प्रसार किया। दीपक प्रताप देव ने कहा कि राज्य और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास झामुमो और अनंत प्रताप देव से ही सम्भव है। भानू प्रताप शाही इस क्षेत्र का तीन बार से विधायक हैं, लेकिन क्षेत्र में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है। यहां के युवा रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं, किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा नहीं है, अस्पताल में डाक्टर नहीं है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, छोटन सिंह, सूर्य नाथ सिंह, संजय वर्मा,मनोरंजन गुप्ता, ब्रह्मदेव गुप्ता, सुशील यादव, मनीष गुप्ता, विवेक गुप्ता, दिनेश वर्मा, दिनेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### कई लोग झामुमो में शामिल

**डंडई।** विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी सोगरा बेगम द्वारा पार्टी प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के प्रचार के दौरान डंडई गांव में दो दर्जन से भी अधिक महिला व पुरुषों को सिर में पार्टी का टोपी व गले में माला डालकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। शाम में डंडई मुख्य बाजार स्थित नंदू प्रसाद के घर में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे प्रत्याशी पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा द्वारा भी काफी संख्या में लोगों को पार्टी का पट्टा गला में डालकर उन्हें अपने पार्टी में शामिल कराया। इसके अलावा शनिवार सुबह अनंत प्रताप देव के बंशीधर नगर गढ़ पर पहुंचे बीएसपी के प्रखंड अध्यक्ष देवनाथ राम सहित उनके कार्यकताओं को अनंत प्रताप देव ने अपने पार्टी का पट्टा गले में डालकर पार्टी में शामिल कराया। शुक्रवार व शनिवार को पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में कृष्ण दत्त मेहता, जनेश्वर ठाकुर, शिव वैध, चंदन गुप्ता ,देवनाथ राम ,सकलदीप राम, हीरामन राम ,सुरेश राम, राजू राम ,पुटीराम ,राजेंद्र राम इत्यादि का नाम शामिल है। इस दौरान झामुमो प्रत्याशी अनंतप्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में झामुमा का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र का चाहे कोई भी प्रखंड है सभी प्रखंडों से लोग बड़ी तादात में झामुमों में शामिल हो रहे हैं।

### झामुमो नेताओं की नुक्कड़ सभा

**खरौंधी।** खरौंधी बाजार में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के नेताओं ने एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इस सभा में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, और झामुमो जिला सचिव धर्मराज पासवान सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने झामुमो प्रत्याशी अंनत प्रताप देव के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए जनता से मतदान करने की अपील की। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए झामुमो को जिताना महत्वपूर्ण है।

### ट्रैक्टर दुर्घटना में घायल चालक की इलाज के दौरान मौत

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव स्थित जोगीचुइंया के पास शनिवार की सुबह 10 बजे मिर्गी बीमारी से ट्रैक्टर से गिरने से 32 वर्षीय चालक राजेश कोरवा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चिनियां निवासी चालक राजेश कोरवा, चिनियां निवासी डब्लू मंसूरी के ट्रैक्टर से बिलैती खैर गांव से गिट्टी अनलोड कर खाली ट्रैक्टर लेकर वापस चिनियां लौट रहा था। इस बीच जोगीचुइंया के पास उसे मिर्गी का दौरा पड़ने से वह चलती ट्रैक्टर से नीचे गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। घटना कि जानकारी मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। साथ ही ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना की जानकारी को सुन कर परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। राजेश कोरवा अपने पीछे अपनी पत्नी व दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है।

# झारखंड की अस्मिता को बचाने का चुनाव है : हेमंता विस्वा सरमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड की भ्रष्ट सरकार से छुटकारा पाने के लिए एक बार फिर से भाजपा की सरकार लाने का संकल्प लेने का वक्त आ गया है। यह बात शनिवार को असम के मुख्यमंत्री और राज्य के चुनाव प्रभारी हेमंता विस्वा सरमा ने मनिका के हाईस्कूल के खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि संथाल परगना में घुसपैठिये आदिवासी बेटियों और बहनों के साथ गलत कर रहे हैं। यदि उनकी सरकार बनी, तो घुसपैठियों को राज्य से बाहर कर दिया जाएगा। हेमंता ने कहा कि इस राज्य को बाबर जैसे शासक लूट रहे हैं, जबकि मंत्री के घरों से करोड़ों रुपए पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने मंत्री इरफान अंसारी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बाबर जैसे ये मंत्री शिबू सोरेन की बहू पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी ने मंत्री आलमगीर आलम और इरफान अंसारी जैसे लोगों के लिए झारखंड का निर्माण नहीं किया था; राज्य का निर्माण इस क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए किया गया था।



हेमंता ने आगे कहा कि यदि झारखंड में जनता के आशीर्वाद से एनडीए की सरकार बनती है, तो सरकार बनते ही लाखों बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी की सौगात दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि 21 लाख लोगों को नया घर दिया जाएगा, पेंशनधारकों को तीन हजार रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी, और गरीबों को प्रति वर्ष दो मुफ्त गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। हेमंता ने कहा कि झारखंड में शिक्षकों और चिकित्सकों की कमी है, लेकिन महागठबंधन की सरकार ने पिछले पांच वर्षों में बहाली के नाम पर नौकरियाँ बेचीं। चुनाव के समय महागठबंधन की सरकार ने मईया सम्मान योजना के नाम पर बुजुर्गों की पेंशन रोककर बहु के खाते में एक हजार रुपए डालकर सास-बहू में झगड़ा लगाने का काम किया है। सभा के दौरान हेमंता ने हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों से मनिका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण को भारी मतों से जीताने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि हरिकृष्ण सिंह के साथ-साथ एनडीए की सरकार बनते ही राज्य में बालू मुफ्त मिलेगा। हेमंता ने महागठबंधन की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार ने राज्य और हमारी बेटियों और जमीनों को लूटा है। वक्त आ गया है कि हमें आवाज उठानी है और एक होना है।

उन्होंने लोगों से कहा, 'याद रखना, हम एक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे।' जय श्रीराम के नारे के साथ उन्होंने कहा कि यही सनातन हिंदू एक दिन भारत को विश्व गुरु बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव झारखंड की अस्मिता की लड़ाई है, जो सनातन को बचाने और घुसपैठियों को भगाने का चुनाव है।

सभा में हेमंता विस्वा सरमा के साथ भाजपा के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राय और भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। भाजपाइयों ने सभा स्थल पर सभी नेताओं को बुके और फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## न्यूज बॉक्स

### निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**महुआडांड़।** एसडीएम विपिन कुमार दुबे के नेतृत्व में शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नारों के माध्यम से प्रखंड के आम जनों को को मतदान के जागरूक किया गया। अनुमंडल कार्यालय से रैली निकाली गई जो की रामपुर बिरसा चौक शास्त्री चौक थाना चौक अंबवाटोली, दीपा टोली, का भ्रमण करते हुए वापस अनुमंडल कार्यालय पहुंची। रैली में शामिल कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने हाथों में स्लोगन की तख्ती ले कर पहले मतदान फिर जलपान , अपनी ताकत को पहचान सब मिलकर करो मतदान जैसे नारे लगाते हुए लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते नजर आए। इस दौरान थाना प्रभारी अवनीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक बादल दास, राकेश कुमार, इग्नेशिया गीद्ध, आई केयर संजू कुमारी, सावित्री कुमारी, खुर्शीद, दिलीप जायसवाल समेत प्रखंड में कार्यरत सहीया, सेविका एवं अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### छठ महापर्व को लेकर सज गई सूप- दउरा की दुकानें

**बरवाडीह।** छठ महापर्व को लेकर सूप और दउरा की दुकानें सज गई है। सूप -दउरा की खरीदारी लोग करने लगे हैं। शनिवार को कई लोगो ने छठ व्रत करने के लिए सूप -दउरा की खरीदारी की। बाजार में बरवाडीह के अलावे कुडू और लातेहार से भी छठ को लेकर सूप -दउरा और बेना को खरीद कर दुकानदार लाये हैं। अभी बाजार में 150 रुपये से लेकर 200 रुपये पीस दउरा की बिक्री हो रही है। वहीं 300 रुपये जोड़ा से लेकर 500 रुपये जोड़ा सूप बेची जा रही है। बेना 30 रुपये में बेचा जा रहा है। दुकानदार कृष्णा प्रजापति ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा अभी सूप -दउरा की कम बिक्री है। छठ तक अच्छी बिक्री होने की उन्हें पूरी उम्मीद है। पिछले साल सूप -दउरा की जो कीमत थी,लगभग वही कीमत इस वर्ष भी है।बाजार में सूप -दउरा की कमी नही होगी। पर्याप्त मात्रा में व्रतियों के लिए सूप -दउरा उपलब्ध कराया गया है। ताकि छठ व्रती को सूप -दउरा को लेकर दिक्कत नही हो सके।

### संवाद कार्यक्रम चलाया गया

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पतरातू ग्राम में युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम के नेतृत्व में संवाद कार्यक्रम चलाया गया। श्री आलम ने हेमंत सरकार द्वारा किये गए कार्यों को बताया। लोगों को बताया कि बिजली बिल माफी योजना, मंईयां सम्मान योजना, 2 लाख रुपये कृषि ऋण माफी राज्य सरकार द्वारा दिया गया। जिससे सैकड़ों लोगों को लाभ मिला। मौके पर इंताफ अंसारी, बनु खान, जिप सदस्य विनोद उरांव, संजय तिग्गा, कलु उरांव, जेरलाल उरांव, डिम्पल तिग्गा, मुस्ताक, सज्जाद खान, इरशाद अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।

### सूर्यनारायण फल वितरण समिति की बैठक संपन्न

**लातेहार।** श्री सूर्यनारायण पूजा फल वितरण समिति, बाइपास चौक की एक बैठक संरक्षक आशीष टैगोर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष पर भी आस्था व विश्वास के महान लोकपर्व छठ पूजा पर छठ व्रतियों के बीच फल वितरण करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक आयोजन कमेटी का गठन किया गया। कमेटी का अध्यक्ष राजमोहन प्रसाद उर्फ बच्चु लाल, उपाध्यक्ष संजय प्रसाद व कोषाध्यक्ष संजय दास को बनाया गया है। संरक्षक मंडली में बद्री प्रसाद, आशीष टैगोर, देवाशीष कुमार, लक्ष्मी प्रसाद, अविनाश कुमार, लाल बिहारी प्रसाद, रामदेव प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा व प्रमोद प्रसाद गुप्ता को शामिल किया गया है, जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में सुनील कुमार, धनंजय पासवान, रमेश पासवान, राजू शौंडिक, संतोष प्रसाद, मनीष अग्रवाल, आनंद कुमार, शिवरतन प्रसाद, पप्पू गुप्ता और निरंजन गुप्ता को शामिल किया गया है।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बरवाडीह।** बरवाडीह के प्रशासनिक अधिकारियों ने विस चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को डेमोक्रेसी रैली निकाली और मतदाताओं को 13 नवम्बर को वोट देने के लिए जागरूक किया। प्रखण्ड कार्यालय से बीडीओ सह प्रखण्ड निर्वाचन पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के नेतृत्व में डेमोक्रेसी रैली निकाली गई। रैली में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी,जविप्र के डीलर और प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के कई कर्मी शामिल थे।

## मतदाताओं को किया गया जागरूक, मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/हंटरगंज।** स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा चतरा विधानसभा क्षेत्र के हंटरगंज प्रखंड के तरवागड़ा में मतदाता जागरकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने तरवागड़ा के मतदाताओं के घर-घर जाकर 13 नवंबर को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया। साथ हर एक मत के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावे मतदाता शपथ, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता व मतदाता जागरूकता रैली भी निकली गई, जागरूकता रैली में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं बुढ़े हो या जवान 13 नवंबर को सभी करें मतदान, बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, हर एक वोट से फर्क पड़ता है, दम रखता है। समेत कई अन्य नारे लगाए गए। वहीं इस दौरान महिलाओं व युवतियों ने मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया।

## शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी के लिए निकाली गई डेमोक्रेसी रैली

**- स्वीप कार्यक्रम के तहत गुब्बारे उड़ाकर दिया गया मतदाता जागरूकता का संदेश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत शनिवार को चंदवा प्रखंड कार्यालय से डेमोक्रेसी रैली को उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डेमोक्रेसी रैली के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी, छात्र-छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो ,उम्र 18 पूरी हैं वोट देना जरूरी हैं आदि नारे लगाए। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस डेमोक्रेसी रैली का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में उप विकास आयुक्त ने सभी को निष्पक्ष और निर्भिक होकर मतदान करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी अपने आस पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस दौरान उप विकास आयुक्त व अन्य अधिकारियों के द्वारा गुब्बारे उड़ाकर लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। 13 नवंबर को लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय, चंदवा से डेमोक्रेसी रैली निकाली गई जो इंदिरा चौक,गैरेज लेन,मेन रोड, बुधबाजार होते डेमोक्रेसी रैली का समापन खेल स्टेडियम में किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक,प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग अनिल मिंज,स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम,जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, चंदवा बीडीओ चंदन कुमार, थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, पंसस अयूब खान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## श्री कृष्ण चेतना समिति ने धूमधाम से मनाया गोवर्धन पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित नगवां में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण चेतना समिति द्वारा धूमधाम से शनिवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान गोवर्धन महाराज की विशाल प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान से आचार्य विजय पांडेय के द्वारा पूजन कराया गया। पूजा समिति अध्यक्ष काली चरण यादव ने बताया कि सरकार गाइडलाइन का पालन करते हुए पूजा अर्चना किया गया। कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, दीपक यादव, सह सचिव शैलेश यादव, छोटू यादव, राकेश यादव, मुकेश यादव, सांतोस यादव, सुनील यादव, रमेश गोप, बिकाश यादव, रंजन यादव, शिवशंकर यादव, सतीश यादव, प्रिंस यादव, शिवम यादव आदि ने पूजा को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। वहीं गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत सलगा गांव में यदुवंशियों ने शिव मंदिर प्रांगण में शांति वं समाज की एकजुटता बनाए रखने को लेकर समारोहर्पूवक गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता समाज के हेमंत यादव व संचालन सलगा निवासी रामदेव यादव ने किया। जबकी पूजा हुली यादव के द्वारा किया गया। वहीं पूजा में समाज के लोगों के साथ शामिल जनप्रतिनिधि राधे-कृष्णा से हाथ जोड़कर प्रार्थना कर समाज की एकजुटता की कामना की। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष समाज के लोगों द्वारा मिलकर गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा पंडित कामेश्वर पांडेय के द्वारा करवाया गया।

## भाजपा प्रत्याशी ने इटखोरी व मयूरहंड में किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**इटखोरी (चतरा)।** शनिवार को एनडीए के सिमरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास के शनिवार को इटखरी व मयूरहंड प्रखंड में चुनाव कार्यालय खोला गया। इटखोरी चौक स्थित हजारीबाग रोड में बिभु सिंह के घर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन प्रत्याशी ने विधिवत पूजा पाठ कर किया। इस दौरान उज्जवल में कहा कि हर क्षेत्र में जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। सिमरिया में भाजपा की जीत निश्चित है। मौके पर मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, महामंत्री शिव कुमार राणा, रामकुमार सिंह, सुरेश सिंह, डोमन राणा, विजय दांगी, शंकर चंद्रवंशी, अनिल सिंह, योगेंद्र सिंह, निरंजन सिंह, सीताराम दांगी, राजेंद्र राणा, रामप्रसाद राणा, रामाधार राम, सुधीर राय, राजेंद्र राम, बसंत नारायण सिंह, डॉ. ऋषि, शक्ति सिंह, कैलाश सिंह आदि मौजूद थे। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत श्री दास पार्टी कार्यकताओं के साथ प्रखंड के शहरजाम, हलमत्ता, टोनाटांड पंचायत के दर्जनों गांवों का दौरा कर कमल पर बटन दबाकर जीत का आशीर्वाद लिया।

## बीडीओ व थाना प्रभारी ने छठ घाट का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित करनदाग नदी छठ घाट व घूरे तालाब छठ घाट का निरीक्षण बीडीओ अमित कुमार व थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया ने संयुक्त रुप से किया। निरीक्षण के क्रम में छठ पूजा समिति से घाट की सफाई के बारे में जानकारी ली व निर्देश दिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामीणों ने प्रशासन से छठ घाट की मरम्मति करवाने की गुहार लगाई। बीडीओ ने कहा कि रविवार से जेसीबी मशीन लगवाकर छठ घाट को दुरुस्त करवा देंगें। साथ ही बीडीओ ने उपस्थित लोगों से कहा कि जो भी पूजा समिति हैं वह छठ घाट में लाइट की व्यवस्था करवा दें। इससे छठ व्रतियों को आने जाने में सहूलियत होगी। थाना प्रभारी ने कहा कि हर वर्ष जो भी सहयोग पुलिस प्रशासन के द्वारा किया जाता है। इस वर्ष भी किया जाएगा। पंडाल की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही सुरक्षा को लेकर पुलिस बल मौजूद रहेंगें। मौके मिथलेश पासवान, कुंजबिहारी गुप्ता, अरविंद यादव,अमित गुप्ता,कैलाश कुमार ठाकुर सोनू गुप्ता, विद्याभास्कर सहित कई लोग मौजूद थे।

## माइक्रो ऑब्जर्वर और पर्यवेक्षकों को दिया गया चुनावी प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो एवं सभी मतदाता मत के प्रति जागरूक होकर मतदान केंद्र पहुंच मतदान करें। इसके लिए स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय अधिकारी व प्रखंड स्तरीय अधिकारी द्वारा दोनों विधानसभा क्षेत्र के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ के अलावे विभिन्न क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ, सेल्फी और हस्ताक्षर अभियान समेत अन्य कार्यक्रम कराएं जा रहे है। वहीं विधानसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु सामान्य प्रेक्षक चतरा अमृतेश औरंगाबादकर की उपस्थिति में चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को डीएमएफटी सह डीआरडीए प्रशिक्षण हॉल चतरा में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को विधानसभा चुनाव 2024 के निमित चतरा एवं सिमरिया विधानसभा अन्तर्गत ईवीएम,वीवी पैट की तैयारी (कमिशनिंग) हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सहायतार्थ कर्मी, पर्यवेक्षक को राज्य सम्पोषित 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा में प्रशिक्षण दिया गया।



## संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ : नैक ए प्लस की मिली मान्यता

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार/महुआडांड़।** स्थित संत जेवियर्स महाविद्यालय झारखंड में ए प्लस ग्रेड पाने वाला सर्वोत्तम व उत्कृष्ट महाविद्यालय बन गया है। प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश ने कहा कि संत जेवियर्स महाविद्यालय को ए प्लस ग्रेड मिलना झारखंड और समस्त झारखंडवासियों के लिए गौरव का विषय है । राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने रिवीजिट के दौरान सूक्ष्म अवलोकन मूल्यांकन व पर्यवेक्षण करके संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड को ए प्लस ग्रेड से नवाजा गया। महाविद्यालय के शैक्षाणिक गुणवत्ता व इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए 11और 12 सितंबर को नैक की टीम अपने रिवीजिट के लिए दो दिवसीय दौरे पर संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ पहुंची थी। नैक टीम के सदस्यों में चेयरपर्सन के रूप में प्रो. डॉ. रमेश आर नायक (कर्नाटक यूनिवर्सिटी ), संचालक प्रो. डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी (प्रोफेसर, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्ट्डीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर) तथा सदस्य डॉ. एन. पी. सिंह (भूतपूर्व प्राचार्य, मेरठ कॉलेज, उत्तर प्रदेश) मौजूद थे। विशेष अतिथियों का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश, तथा आइक्यूएसी संचालिका सिस्टर कैसलिन जूलियट, को कोऑर्डिनेटर शशि शेखर, डॉ. फादर समीर टोप्पो, डॉ. फादर राजीप तिर्की, फादर लियो, शिक्षक प्रतिनिधि जफर इकबाल द्वारा स्वागत व अभिवादन करने के पश्चात कॉलेज के कांफ्रेंस हॉल में प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश ने पूरे पांच साल के कॉलेज की उपलब्धियों व शैक्षणिक क्रियाकलापों को तथा नैक से संबंधित क्रियाविधियों और गतिविधियों को पीपीटी के द्वारा प्रस्तुत किया। आईक्यूएसी संचालक सिस्टर कैसलीन जूलियट ने टीम के समक्ष पूरे पांच साल का आईक्यूएसी, एसएसआर तथा एक्यूएआर संबंधित तथ्यों या आंकड़ों को प्रस्तुत किया।



# यह माटी, रोटी, बेटी बचाने का चुनाव : शिवराज सिंह

## केंद्रीय कृषि मंत्री व झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी ने हेमंत सरकार पर बोला जोरदार हमला

- झामुमो और कांग्रेस के पाप की लंका को आम जनता जलाकर राख कर देगी
- सरकार की पांच साल तबाही, बबार्दी, झूठ, बेईमानी अपराध और लूट का रहा
- बहनों के सशक्तिकरण के लिए खाते में डालेंगे हर माह 2100 रुपये
- विशुनपुर विस प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में पहुचे शिवराज सिंह चौहान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**






भारतीय जनता पार्टी सेन्हा मंडल द्वारा शनिवार को विशुनपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उराँव के पक्ष में चुनावी सभा आयोजित किया गया। सभा के मुख्य वक्ता केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री सह ग्रामीण विकास मंत्री सह भाजपा झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान थे।

मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार झूठ बोलने वाली सरकार है। उन्होंने अपने उम्र बताने में भी झूठ बोला है। झूठे वादे कर सरकार बनाई,एक भी वादा पूरा नही किया। अपने पिताजी की झूठी कसम खाया, और सरकार बना ली। कहा कि झारखंड चुनाव माटी रोटी और बेटी बचाने का चुनाव है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की पांच साल तबाही और बबार्दी का, झूठ और बेईमानी का, अपराध और लूट का रहा है। यहां की रोटी, बेटी, माटी संकट में है। भ्रष्टाचार की अति हो गया है। हजारों करोड़ रूपया जनता का पैसा खा गए। केंद्र सरकार की योजनाओं का पैसा खा गए। वृद्धा पेंशन तक नही दे रहे हैं। झूठे वादे करने वाली सरकार अब बेनकाब हो चुकी है। झारखंड की बेटी सम्मानित सीता सोरेन को यहाँ का एक मंत्री इरफान अंसारी अपमानित करता है और हेमंत सोरेन चुप रहते हैं। यहाँ की बेटियों का सम्मान सुरक्षित नही है। झारखंड में 7400 ब्लात्कार हुए है। हमारा देश ऐसा है कि यहाँ एक सीता जी के अपमान पर पूरी लंका को जलाकर राख कर दिया गया था। अब झामुमो और कांग्रेस के पाप की लंका को आम जनता जलाकर राख कर देगी।हेमन्त की गठबंधन की सरकार में कांग्रेस,जेएमएम और राजद ने झारखंड से बालू बेच दिए। दुर्भाग्य है कि यहां बाल्टी में बालू बिक रहा है। हेमंत सोरेन सरकार ने पत्थर, कोयला, गिट्टी, बालू बेच दिया। गरीबो का अनाज खा गए। मनरेगा की मजदूरी खा गए। प्रधान मंत्री की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन योजना के हजारों करोड़ रुपये खा गए। नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न खाऊंगा न खाने दूंगा।झारखंड में एनडीए की सरकार बनी तो भ्रष्टाचारियों के पेट फाड़कर सारे रुपये निकाले जाएंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिए हमने तय किया था कि हर महीने बहनों के खाते में पैसा जाना चाहिए ताकि बहनों को किसी के पास हाथ नहीं फैलाना पडे। शिवराज सिंह ने कहा कि झारखंड में एनडीए सरकार बनते ही यहाँ के बहनों के खाते में हर महीने के 11 तारीख को 2100 डाले जाएंगे। बहनों को घर चलाने के लिए 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जाएंगे और त्योहार में दो सिलेंडर फ्री में दिए जाएंगे। 2 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। जबतक नौकरी नही तबतक 2 हजार रुपये महीने दिए जाएंगे। युवाओं के रोजगार के लिए द्वार खुलेगा। जिसकी परीक्षा की तिथि,रिजल्ट एवम नियुक्ति तिथि की निश्चित रहेगी। शिवराज सिंह ने कहा कि झारखंड में घुसे घुसपैठियो को चुनचुन कर राज्य से बाहर निकाला जायगा। जिन्हें हेमन्त सरकार ने अपने वोट की खातिर सुरक्षा दिए हुये है। कहा कि जनता ही हमारा भगवान है।और उनकी सेवा हमारी पूजा है।

### हेमंत सरकार ने राज्य के भविष्य को कुचलने के काम किया : समीर उरांव

**लोहरदगा।** भाजपा प्रत्याशी समीर उराँव ने कहा कि हेमन्त की सरकार ने राज्य के भविष्य को कुचलने के काम किया है। माता बहनों पर अत्याचार व दुष्कर्म चरम पर है।अपराधी सुरक्षित हैं,राज्य के आई एस अफसर भी भ्रस्टाचार में लिप्त हैं,माटी रोटी,बेटी पर संकट के बादल छाए हुए है।उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है।उन्होंने विधायक कैमरा लिंडा पर आरोप लगाया कि 15 वर्ष तक विधायक रहने के वावजूद गांव के लोग उन्हें नही पहचानते,गांव में विकास के एक भी काम दिखाई नही पड़ते।उन्होंने कहा कि आप सब मुझे एक बार सेवा का मौका दे मैं धांगर बन कर आप सब की सेवा करूंगा।

### चुनावी सभा को इन्होंने भी संबोधित किया

चुनावी जनसभा को पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जितेंद्र महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो,आजाद शत्रु,कलावती देवी लक्ष्मी नारायण भगत,ने भी संबोधित किया ।जनसभा का संचालन जिला मीडिया प्रभारी विजय सोनी एवम धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश एस टी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रामप्रसाद बड़ाईक ने किया।मौके पर संजय अग्रवाल, अजय पंकज,संयोजक जयप्रकाश साहू,सह प्रभारी राजमोहन राम,नवीन साहू जोधनारायन साहू नवल साहू मुरारी महतो,निमाज खान अल्पसंख्यक मोर्च प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,राजकुमार वर्मा प्रदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

# 85 प्लस के वृद्ध व पीडब्ल्यूडी वोटर प्रत्याशियों के भाग्य के फैसले में निभाएंगे अपनी भूमिका

## लोहरदगा जिले में 85 प्लस के 1383 वृद्ध वोटर व 4709 पीडब्ल्यूडी वोटर

**लोहरदगा**

झारखंड में पहले चरण के चुनाव में 72-लोहरदगा विधानसभा सीट के लिए 13 नवंबर को होने वाले चुनाव में युवाओ के साथ 85 वर्ष से ऊपर के वृद्ध भी मतदान करेंगे। 72- लोहरदगा सुरक्षित विधानसभा सीट के लिए प्रत्याशियों के नामाकन प्रपत्रों की जांच होने के बाद चुनावी महापर्व का रंग चढने लगा है। लोहरदगा विस सीट से चुनाव के लिए नामांकन प्रपत्रो की जाच के बाद अब मैदान में खड़े 17 उम्मीदवारों के जीत-हार में 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के 1383 बूढे सहभागी बनेंगे। वही लोहरदगा में इस बार 18-19 वर्ष के 18442 युवक युवती भी मतदान करेंगे। वही 4709 पीडब्ल्यूडी वोटर भी मतदान करेंगे। यानी की लोहरदगा में युवा के साथ बूढे और पीडब्ल्यूडी मिलकर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनेंगे। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कुल 374241 मतदाताओं में 184467 पुरुष व 189774 महिला मतदाताओं की संख्या है। जिसमे 72 लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 287145 है। जिसमे महिला 145848 व पुरुष 141297 है। वही विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अंश में कुल 87096 मतदाता है जिसमे महिला 43926 व पुरूष 43170 मतदाता है। रोचक बात यह है कि इस बार चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता जिस ओर ढल गए चुनाव में जीत उसी की होगी। यानी की चुनाव में युवा और पीडब्ल्यूडी महिला-पुरुष मिलकर विधायक चुनने की ताकत रखते हैं। जिले में यदि पहली बार वोट डालने वाले पुरुष युवा मतदाताओं की बात की जाए तो उनकी संख्या 18442 है। जिसमे महिला मतदाताओं की संख्या 10501 है जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 7941 है। लोहरदगा विस क्षेत्र में 85 वर्ष से ऊपर के पुरुष मतदाताओं की सख्या 620 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 763 है। पीडब्ल्यूडी की बात करे तो पुरूष मतदाता 2594 व महिला मतदाता 2115 है। निश्चित रूप से इस विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए युवाओं को अपनी ओर समेटना रोचक होगा। गौरतलब है कि 13 नवंबर को मतदान होगा। लोहरदगा में कुल 428 बूथों पर मतदान होगा। जिसके लिए 324 भवन को चिन्हित किया गया है। शहरी क्षेत्र के 38 व ग्रामीण क्षेत्रों के 390 बूथों पर मतदान होगा। अगर प्रखंडवार बात किया जाय तो पेशरार के 17 बूथ, किस्को के 55, कुडू के 88, कैरो के 37, लोहरदगा के 59, नगरपालिका क्षेत्र के 38, भंडरा के 30 बूथ पर मतदान होगा। वही विशुनपुर अंश में पेशरार के 12, सेन्हा के 68 व भंडरा के 24 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया, घर-घर जाकर किया पर्ची का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी के नेतृत्व में लोहरदगा विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत घर घर जा के पर्ची का वितरण किया गया। इस मौके पर जनता के घर घर जा के झारखंड सरकार एवं लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के किए गए विकास के कार्यों की जानकारी देने का काम किया गया। मौके पर असलम अंसारी ने कहा कि झारखंड सरकार की मईया सम्मान योजना ,रोटी, कपड़ा, सड़क, पेंशन, बिजली माफी योजना,कृषि लॉन माफी जैसे अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के हित के लिए रही है। जिससे सभी जनता स्वीकार कर रहे हैं। इन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता का विकास हो रहा है। इन सभी कार्यों से आज सभी जनता इंडिया गठबंधन के हेमंत सोरेन की नेतृत्व की सरकार को पुनः एक बार फिर से बनाने का कार्य कर रही है। युवा कांग्रेस के द्वारा लगातार जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर पहुंच सरकार की उपलब्धियां बताने का कार्य किया जा रहा है और आने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी भरी मतों से विजय प्राप्त करेगी। सत्यवर्ष दास ने कहा युवा कांग्रेस कांग्रेस पार्टी की बहुत महत्वपूर्ण अंग है। आज हम सभी युवा साथी एक साथ मिलकर झारखंड के विकास की सरकार हेमंत सोरेन की सरकार की जनकल्याणकारी योजना से लाभवन्वित्व सभी जनता से मिलकर फिर एक बार कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन की सरकार के लिए घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाई जा रही है जिसका सीधा लाभ आगामी आने वाले विधानसभा चुनाव में हम आ रहे होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद युवा नेता फारूक हुसैन, प्रखंड अध्यक्ष जसीम अंसारी, अर्जुन कच्छप, बहादुर उरांव, समीउल्लाह अंसारी, अफसर अंसारी, दुर्गा उरांव, एव अन्य लोग शामिल थे।

# स्कॉर्पियो व दूध वाहन के बीच जोरदार भिड़ंत, चालक की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



भंडरा - लोहरदगा मुख्य पथ में सेगरा टोली के समीप शुक्रवार देर रात स्कॉर्पियो व दूध डेयरी गाड़ी के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस द्वारा दूध डेयरी वैन में बुरी तरह घायल अवस्था में फंसे चालक को कटर मशीन के माध्यम से गाड़ी का बॉडी को काटकर बाहर निकाला। साथ ही स्कॉर्पियो में सवार पांच युवकों को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दूध डेयरी वैन से चालक को निकालने के उपरांत ग्रामीणों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए चालक को रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां शनिवार की सुबह गुलफान अंसारी की इलाज के दौरान मौत हो गई।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उदरंगी गांव निवासी सिदिक अंसारी के पुत्र गुलफान अंसारी (30 वर्ष) नित्य दिन की ही तरह शाम को सुधा डेयरी का दूध संकलन कर रांची लें जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। जोरदार इतनी जबरजस्त थी, कि चालक गाड़ी में बुरी तरह फंस गया। स्कॉर्पियो और दूध डेयरी गाड़ी की टक्कर की आवाज सुन स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई थी। बता दें कि इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार लोहरदगा भक्सो निवासी निराकस उरांव (25 वर्ष), महादेव टोली गांव निवासी ललित उरांव के पुत्र राज उरांव (22 वर्ष), बिहारी पन्ना का पुत्र अजय पन्ना (27 वर्ष), पलमी जोगिया टोली गांव निवासी धर्मा महली के पुत्र राम मोहन महली (22 वर्ष) तथा सोमा लकड़ा का पुत्र अरविंद उरांव (25 वर्ष) को गंभीर चोटें आईं हैं। इधर घटना के बाद भंडरा थाना पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# विधानसभा चुनाव को ले प्रशासन सख्त, वाहन जांच अभियान तेज

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



विधानसभा चुनाव को सफल बनाने एवं शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए सभी सरकारी तंत्र अपने कर्तव्यों में जुट गया है। 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भंडरा पुलिस प्रशासन चौकस है। विधि-व्यवस्था में चूक न हो इसे लेकर प्रखंड की सभी सीमांत एवं सीमा आरंभ पर पुलिस चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां हर समय पुलिस बल की तैनाती है। वैसे संदिग्ध लोगों पर पुलिस प्रशासन अपनी निगाहें भी टिकाए हुई है, जो शांति व्यवस्था में खलल डालना चाहता है। इसी संदर्भ में भंडरा पुलिस ने रांची लोहरदगा मुख्य मार्ग पर शनिवार को मसमानो मोड़ के समीप सघन अभियान चलाकर वाहन जांच की। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह व पुलिस बल द्वारा मुख्य रूप से वाहन के कागजात, हेलमेट, ड्राइविग लाइसेंस, वाहन इंश्योरेंस, वाहन प्रदूषण सर्टिफिकेट की सघन जांच की गई। इस दौरान कागजातों की कमी पाए जाने वालों कड़ी फटकार लगाई गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप रहा। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि वाहन जांच प्रतिदिन होगी, इसलिए सभी वाहन चालक अपने- अपने वाहनों के कागजात के साथ वाहन चलाएं। साथ में हेलमेट का उपयोग अवश्य करें।

### मतदान के लिए एपिक कार्ड के अतिरिक्त अन्य पहचान पत्र दिखाकर कर भी कर सकते हैं मतदान

**लोहरदगा।** ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो चुका है परंतु एपिक कार्ड ( निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र) नहीं है वैसे मतदाता मतदान दिवस को अपने बूथ में जाकर निम्नलिखित 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपना वोट कर सकते हैं।

**अन्य फोटो पहचान पत्र निम्नवत है :-**

पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक।

# लोहरदगा में बिछ गई चुनावी शतरंज की बिसात, अब इनके बीच होगा शह और मात का खेल

**राहुल कौशल**

## आठ निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में उतरकर आजमा रहे भाग्य




डॉ रामेश्वर उरांव / नीरू शांति भगत / राजपति देवी / अनिल कुमार भगत / रमेश उरांव

**लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही लोहरदगा में चुनावी शतरंज की बिसात बिछ गई है। इस चुनाव में राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के 03 प्रत्याशी, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के 06 प्रत्याशी और 08 निर्दलीय अभ्यर्थियों समेत कुल 17 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। अब लोहरदगा विधानसभा सीट पर कुल 17 प्रत्याशियों के बीच शह और मात का खेल होगा। इन 17 प्रत्याशियों में दो प्रत्याशी के बीच घमासान मुकाबले के आसार नजर आ रहे हैं। जिसमे एक है मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जो कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी है वही दूसरा है दो बार आजसु से विधायक रहे स्व कमलकिशोर भगत की पत्नी नीरू शान्ति भगत, वे एनडीए की प्रत्याशी है। वही इस चुनाव में चतुर्थ कोण भी बनने के आसार हैं। इधर भाजपा से पूर्व विधायक रहे रमेश उरांव भी निर्दलीय उम्मीदवार बनकर चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। रमेश उरांव दिग्गज नेता माने जाते हैं और इन्हें हिंदूवादी संगठन जय श्री राम समिति का समर्थन भी प्राप्त है। इस चुनाव में कुल मिलाकर कहा जाय तो राजनीति के तीन दिग्गजों के बीच होनेवाला मुकाबला बहुत ही दिलचस्प होगा। इन सबको मात देने के लिए चुनाव मैदान में भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी की राजपति देवी, जो विजय प्रजापति की पत्नी है। इस चुनाव में पहली बार उतरकर सबको चौका दिया है। उनका चुनाव प्रचार भी अलग तरीके से हो रहा है। वही पूर्व विधायक कमलकिशोर भगत के भाई अनिल कुमार भगत भी झारखंड पीपुल्स पार्टी से ताल ठोक रहे है। जबकि बसपा से यशपाल भगत भी इस चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। पिछले विस चुनाव में वे खड़े हुए थे लेकिन सफलता नही मिली थी। वही पवन तिग्गा जो इस बार लोकहित अधिकार पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले विस चुनाव में झाविमो के टिकट पर चुनाव लड़े थे लेकिन सफलता नही मिली थी। वही पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से बिहारी भगत भी चुनाव मैदान में उतरे है। इस चुनाव में जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) से किशोर उराँव, भारत आदिवासी पार्टी से अवधेश उराँव चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। वही इस सीट से 08 निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं जो इस चुनावी गणित को बिगाड़ सकते है। जिनमे बिरेन्द्र उराँव, बृज मोहन उराँव, राजेश लोहरा , रामेश्वर लोहरा, संतोष भगत, सनीया उराँव, रमेश उरांव और सोमा उराँव शामिल हैं। इधर भाजपा और कांग्रेस में टिकट के लिए लाइन में खड़े पुराने नेताओ को टिकट नहीं मिलने से वे नाराज होकर उनके विरुद्ध भी काम कर सकते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि भितरघात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। चुनावी बिसात में गोटियां फिट करने की कवायद में बगावत के सुरों को पूरी तरह से शांत करने में दल कामयाब नहीं हो सके है। सभी दल आदिवासी एवं मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने में लग गए हैं। वैसे मुस्लिम का वोट महागठबंधन को ही जाना तय है, लेकिन मुस्लिम मतदाताओं का एक वर्ग महागठबंधन प्रत्याशी से खासे नाराज दिख रहे है। वही एनडीए इस बार हर हाल में चुनावी किला फतह करने में लगी हुई है. वही कांग्रेस पार्टी चुनावी नैया पार कराने को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है. पार्टी सरकारी योजना का लाभ लेने वालों के बदौलत जीत हासिल करने की तैयारी में है। पार्टी इन लाभुकों को वोट बैंक में तब्दील करने को लेकर एक ठोस रणनीति पर जुट गई है. लाभुकों के परिजनों से भी संपर्क कर उन्हें भी पार्टी का पक्षधर बनाया जा सकता है.

अब यह देखना है कि कांग्रेस महागठबंधन सरकारी योजनाओं के बल पर अपनी चुनावी नैय्या किस तरह पार लगाती है, क्योंकि हर सरकार जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं लाती है, पर कांग्रेस इन योजनाओं के लाभुकों को अपना समर्थक मान रही है और उसे अपने पक्ष में करने में लगी हुई है। लाभुकों को अपने पक्ष में करने की कांग्रेस की रणनीति पर विपक्षी दलों ने जमकर कांग्रेस पर हमला किया है। योजनाओं का लाभ तो इससे पूर्व की सरकारों ने भी तो जनता को दिया, पर कभी भी इसे भुनाने का प्रयास नहीं किया, जबकि कांग्रेस जनता को अपने पक्ष करने के लिए लाभुकों का इस्तेमाल कर रही है, वैसे कांग्रेस इसमें कभी सफल नहीं हो सकती है।

## न्यूज बॉक्स

### समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण नौ को

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति लोहरदगा नये सत्र 2024-2027 का चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ-साथ पूरे कार्य समिति का शपथ समारोह 09 नवंबर को गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंकेट हॉल में होगा। इसके मुख्य अतिथि डॉ0 सुमन, भैरव सिंह एवं जगन्नाथ पांडे समेत अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ पहान पुजार जिला उपाध्यक्ष विनोद उरांव एवं जिले के अन्य मुखिया गण उपस्थित रहेंगे ' शपथ समारोह के बाद सभी को भोजन कराया जाएगा ' उक्त जानकारी पूर्व विधायक सह समिति के संरक्षक रमेश उरांव ने दी। उन्होंने कहा कि सभी जय श्रीराम समिति के पूरे जिले के पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य एवं सभी सदस्य से आग्रह है कि कार्यक्रम को सफल बनाते हुए सरना सनातन एकता का मिसाल पेश करे।

### कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने आभार जताया

**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष प्रेमकिशोर प्रजापति ने सभी सनातनी बन्धुओ का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के अपील का पूरे जिले के सनातनियों ने मान सम्मान रखा। क्योंकि विगत कई वर्षों से चीनी वस्तुओं का आप उपयोग करते थे। परंतु इस वर्ष आपने ट्रस्ट के अपील को स्वीकार करते हुए मिट्टी से बने हुए दीपक एवं सजावट की समान की खूब बिक्री हुई। जिससे छठ महापर्व का जो सामान या दीपक बना हुआ था वह भी हमारे कुम्हार बंधू बिक्री कर दिए। आज से वह फिर से छठ महापर्व के लिए समान बनाएंगे। पिछले वर्ष का भी जो बचा हुआ खिलौना ग्वालिन था वह भी बिक्री हो गया। इसके लिए पूरे सनातन समाज को आभार व्यक्त करते हैं। सभी प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी धन्यवाद करते है। इन्होंने कुम्हार समाज की अपील को जन-जन तक पहुंचने में मदद की है।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार तीन घायल, रिम्स रेफर किए गए





**कुडू - लोहरदगा।** कार की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शनिवार की शाम 6:30 बजे कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के चेटर मोड़ के समीप की है। मिली जानकारी के अनुसार मकान्दू गांव निवासी बिहारी उरांव 40 वर्ष पिता एतवा उरांव, अपनी मां एतवरिया उरांव 60 वर्ष और भतीजा 17 वर्षीय अनुज उरांव पिता सोमरा उरांव के साथ बाइक में सवार होकर कोलसिमरी गांव में जतरा देख कर लौट रहा था। तभी चेटर मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आरही एक कार के चपेट में आ गया। गंभीर रूप घायल तीनो को कुडू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां स्थिति नाजुक देख चिकित्सक ने सभी को रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### इंडिया गठबंधन की सरकार के कार्यकाल में किए गए कार्यों से ग्रामीणों में हर्ष : ऐनुल अंसारी

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी सह कांग्रेसी नेता ने विश्रामगढ़ जंगल टोली, और कमले समेत अन्य कई गांवों का चुनावी, गांवों का दौरा कर लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में मतदान करने हेतु अपील किया। इस दौरान उप प्रमुख सह कांग्रेसी नेता ऐनुल अंसारी की अगुवाई में चलाए गए जनसंपर्क अभियान और बैठक के उपरांत लोगों को यूपीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए लोहरदगा जिला समेत पूरे झारखंड प्रदेश में विकास कार्यों से अवगत कराया गया। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हेतु कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव हमेशा कृतसंकल्पित रहे थे और आगे भी रहेंगे। चुनावी जनसंपर्क अभियान में पंचायत समिति सदस्य एजाज अंसारी,वारिश अंसारी,रोशनी टोप्पो, हफीजुल अंसारी,इम्तियाज अंसारी,मनौव्वर अंसारी, सुषमा कुमारी, राजी अंसारी, संजू तुरी, बीरेंद्र उरांव, शहजाद अंसारी,शाहिद अंसारी, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए सुविधा केंद्र निर्धारित, होम वोटिंग आज से

**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों/कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए सुविधा केंद्र निर्धारित कर दिये गये हैं। वहीं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा 03 नवंबर से प्रारंभ हो जाएगी। जो पदाधिकारी व कर्मी विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में निर्वाचन कार्यों में संलग्न है उनके लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना वोट करने के लिए जिला में सुविधा केंद्र निर्धारित कर दिये गये हैं। ऐसे पदाधिकारी व कर्मी अपना वोट पोस्टल बैलेट के माध्यम से 03 नवंबर से 11 नवंबर 2024 तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के तक जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा में बनाये गये तीन पोस्टल वोटिंग सेंटर में कर सकते हैं। एक सुविधा केंद्र पुलिस लाईन, लोहरदगा में भी रहेगा जहां तीन पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है। पुलिस लाईन, लोहरदगा में भी निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से वोटिंग 03 से 11 नवंबर 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक होगी। मतदान कार्य में संलग्न पदाधिकारी व कर्मीगण के लिए प्रखण्ड कार्यालय,लोहरदगा (डिस्पैच सेंटर) में भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा होगी जहां 12 नवंबर 2024 को सुबह 7 बजे से दोपहर 03 बजे तक वोटिंग होगी। यहाँ 02 पोस्टल वोटिंग सेंटर होंगे। एक अन्य पोस्टल वोटिंग सेंटर समाहरणालय लोहरदगा में भी बनाया गया है जहां 08 नवंबर से 10 नवंबर तक सुबह 09 बजे से शांम पांच बजे तक वोटिंग की सुविधा होगी।

### युवा चौपाल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**लोहरदगा।** भाजपा युवा मोर्चा कुडू प्रखण्ड अध्यक्ष सरजू कुमार साहू के नेतृत्व में प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य रुप से युवा चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित एनडीए विधनसभा चुनाव प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासियों के लिए सरकार नहीं बल्कि बिचौलियों के लिए सरकार रही, यह सरकार सिर्फ.बाहरी लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने में जुटी थी, अभी चुनाव नजदीक सामने है तो महज सिर्फ चुनाव के 2 माह पूर्व लुभावनी योजना घोषणा कर भोले भाले लोगों को ठगने का कार्य कर रही है, एक बात और ध्यान देने की आवश्यकता है कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग भत्ता ऐसे अनेकों योजना के लिए 8 माह से परेशान हैं ऐसी चालबाजी सरकार से जनता सजग हो चुकी है। मौके पर भाजपा महामंत्री पशुपति नाथ पारस ने ककरगढ, चंदलासो तथा उडूमुडू पंचायत में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 5 सालों में हेमंत सरकार ने केवल राज्य की जनता को ठगने, छल प्रपंच का कार्य किया है , चाहे रोजगार की बात, महिला सुरक्षा की बात हो, विद्यार्थियों को नौकरी देने की बात हो, राज्य की सुरक्षा की बात हो एवम ऐसे अन्य सैकड़ों मुद्दे हैं जिस पर राज्य सरकार ने सिर्फ और सिर्फ आदिवासी ग्रामीणों को छलने का कार्य किया है।

## एक नजर

### चैनपुर प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा व सोहराई पर्व

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखण्ड में धूमधाम से गोवर्धन पूजा एवं सोहराई मनाया गया।इस मौके पर गौशाला में पूजन के पश्चात गाय-बैल को नहला धोकर घी एवं तेल लगाया गया। इसके बाद अच्छत सिंदूर से स्वागत किया गया।ततपश्चात विशेष रूप से बनाए गए प्रसाद गौ को खिलाया गया।इस मौके पर पारम्परिक रीति-रिवाज के आधार पर गौ चरवाहों को छप्पर के रूप में रस्सी हड़िया का प्रसाद पिलाया गया।इसके साथ ही पारंपरिक नाच-गान कर मनोरंजन किया गया।इस मौके पर गाँव के महिला पुरुष एवं बच्चे मौजूद थे।

### जुए के खेल में कोई हुआ मालामाल तो कोई कंगाल

**चैनपुर।** जिला मुख्यालय के अलावे चैनपुर प्रखंड में दीपावली पर जुआ खेलने कि कुरीति को लेकर इस वर्ष भी जमकर जुआ का दौर चला। जुए में कुछ मालामाल तो अधिकतर कंगाल हुए। जुआ खेलने की यह कुप्रथा धीर-धीरे परंपरा का रूप धारण कर चुकी है। यही वजह है कि प्रखंड से लेकर गांव तक दीपावली के एक सप्ताह पूर्व से हीं 52 पत्तों से अपनी किस्मत आजमाने को लेकर हर वैसा व्यक्ति जो इसका आदि हो चुका है लगा रहता है। दीपावली के दिन तो अधिकतर लोग इसमें अपनी किस्मत आजमाते देखे गए। इसमें पेशेवर जुवारी तो शमिल हुए हीं, आम दिनों में ताश के पत्तों से परहेज रखने वाले लोग भी अपनी-अपनी किस्मत आजमाए। सूत्रों की मानें तो चैनपुर प्रखंड में इस वर्ष दीपावली पर लाखों का दाव लगाया गया। इस खेल में विशेष कर युवा वर्ग डबल के चक्कर में बरबाद हुए। स्थानीय लोग बतातें हैं कि जुआ का यह खेल क्षेत्र में छठ पर्व के नवमी तक खेला जाता है।

### बंडासिंगा मैदान में 4 नवंबर को चुनावी सभा को संबोधित करेंगी कल्पना सोरेन

**बरकट्ठा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन सोमवार को बरकट्ठा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के पक्ष में वह सोमवार दोपहर करीब 1:35 बजे बंडासिंघा मैदान पहुंचेगी। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसकी जानकारी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी एवं मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने दी। बताया कि कार्यक्रम को लेकर लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की जनता से भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील किया है।

### एनडीए के चुनावी पंचायत में भाजपा प्रत्याशी के जीत का लिया गया संकल्प

**बरही ।** आरोप प्रत्यारोप के बीच विधानसभा चुनाव के पहले चरण की सरगर्मियां तेज हो चुकी है. एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के पक्ष में वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में चुनावी पंचायत का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता आजसू विस प्रभारी राज सिंह चौहान और संचालन बिरेंद्र साव ने किया. जिसमे एनडीए गठबंधन के कई नेता सहित भारी संख्या में मतदाता शामिल हुए. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विस चुनाव में बरही विस से एनडीए प्रत्याशी सह पूर्व विधायक को भारी मतों से विजय दिलाना था. उपस्थित वक्ताओं ने इंडिया गठबंधन की सरकार तीखा प्रहार करते हुए राज्य एनडीए सरकार गठन करने में सहयोग मांगा. साथ ही बरही विस को भयमुक्त बनाने के लिए एनडीए गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील किया. सपा प्रत्याशी पर तंज कसते हुए एनडीए उम्मीदवार श्री यादव ने कहा कि निवर्तमान विधायक के कार्य और शैली से नाराज कांग्रेस पार्टी ने ही नकार दिया है.

# छठ पूजा के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन ने जारी की विशेष दिशा-निर्देश

**नवन मेल संवाददाता। गुमला** आगामी छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए गुमला अनुमंडल पदाधिकारी-सह-दंडाधिकारी कार्यालय ने पूजा स्थलों पर सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। चार दिवसीय छठ महापर्व 6 नवंबर से शुरू होगा और 8 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ संपन्न होगा। इस महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। छठ पूजा के पावन पर्व पर घाटों की साफ-सफाई और सजावट को प्राथमिकता देते हुए पूजा समिति एवं स्थानीय संगठनों को इसके लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। पूजा स्थल पर किसी भी प्रकार की गंदगी और अव्यवस्था न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी करेगा।

**आपातकालीन सेवाएं :** किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए मोटरबोट, टायर-ट्यूब और रस्सी जैसी आपातकालीन सामग्री उपलब्ध रहेगी।

**संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा:** सभी पूजा स्थलों को संवेदनशील क्षेत्र मानते हुए विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। पार्किंग व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए छोटे वाहनों के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। यातायात को निर्यंत्रित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया है ताकि आवागमन सुगम रहे। अनुमंडल पदाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी इन निदेर्शों का पालन करें और महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सहयोग करें। प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के इस पर्व का आनंद लें और प्रशासन द्वारा किए गए इन प्रयासों का सम्मान करें। इस प्रकार, गुमला जिला प्रशासन ने छठ महापर्व को भव्य और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया है, जिससे यह पर्व भक्तों के लिए यादगार बने।

#### सुरक्षा व्यवस्था

छठ घाटों पर पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, माइकिंग और उचित रोशनी के इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक घाट पर पुलिस एवं स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी ताकि श्रद्धालु बिना किसी चिंता के पूजा में शामिल हो सकें।

#### विशेष विद्युत व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूजा स्थलों पर पर्याप्त रोशनी का प्रबंध होगा। बिजली कटौती की स्थिति में बैकअप लाइटिंग का भी इंतजाम किया गया है ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं को आने जाने में किसी तरह की परेशानियों सामना करना पड़ा।

#### प्लास्टिक और कचरा प्रतिबंध

पर्यावरण की सुरक्षा के उद्देश्य से प्रशासन ने छठ घाटों पर प्लास्टिक सामग्री एवं हानिकारक वस्तुओं के उपयोग पर सख्त पाबंदी लगाई है। इस दिशा में पूजा समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। ताकि पर्यावरण को नुकसान न हो।

#### गोताखोरों की तैनाती

जलाशयों में सुरक्षा के लिए गोताखोरों की टीम को घाटों पर तैनात किया जाएगा, जो आकस्मिक स्थिति में तत्परता से सहायता प्रदान करेंगे।

### गुमला में हेमंत सोरेन की दो चुनावी सभाएं, चैनपुर और घाघरा में करेंगे जनसभा

**गुमला।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल गुमला जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों, गुमला और बिशुनपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी भूषण तिर्की के समर्थन में मतदाताओं को संबोधित करेंगे और पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। सीएम सोरेन की पहली सभा चैनपुर प्रखंड के बरवे मैदान में आयोजित होगी, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसके बाद वे घाघरा स्थित बदरी स्कूल जतरा मैदान में दूसरी सभा करेंगे। यह कार्यक्रम क्षेत्र के प्रमुख जनजातीय नेता कार्तिक उरांव की जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जो क्षेत्र की जनजातीय संस्कृति को सम्मान देने का प्रतीक भी है। जेएमएम ने इन चुनावी सभाओं में बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद जताई है, वहीं मुख्यमंत्री सोरेन अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास कार्यों, योजनाओं और जेएमएम सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### मासूम ने फांसी लगाकर की आत्महत्या परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा लकड़ा टोली के समीप एक इमली के पेड़ में बिरसियुस बाखला पिता अनूप रंजन बाखला उम्र 12 वर्ष मंझाटोली निवासी ने अपने नानी के घर में रहकर बेंदोरा स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ाई करता था। मृत छात्र के परिजन बुधनी देवी ने बताया कि बिरसियुस बाखला मांझटोली से चैनपुर के बेंदोरा में अपने नानी के घर में पढ़ाई लिखाई करने के लिए रहता था।शुक्रवार रात को वे घर में नहीं सोया था। मुझको लगा कि वे अपने दोस्त के घर में सोया होगा पर सुबह शनिवार को जब सुबह होते तक घर नहीं आया तो खोजने निकला तो गांव के एक इमली के पेड़ में रस्सी के सहारे लटका हुआ पाया। अगल बगल के लोगो को बुलाया तथा चैनपुर थाना में सूचना दिए।सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी,एस ई दिनेश कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जिसके बाद मृत के शव को उतारा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। वही आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। परिजन का रो रो कर बुरा हाल।

### विधानसभा चुनाव 2024 में मिलेगी डाक मतपत्र और होम वोटिंग की सुविधा

**गुमला।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अंतर्गत विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए गुमला जिले में मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु डाक मतपत्र एवं होम वोटिंग सुविधा का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष सुविधा का लाभ निर्वाचन कार्य में लगे मतदान कर्मी, आवश्यक सेवाओं से जुड़े मतदाता, वरिष्ठ नागरिक, और दिव्यांग मतदाता उठा सकते हैं।

**डाक मतपत्र एवं होम वोटिंग के प्रमुख केंद्र और तिथियां**

1. सुविधा केंद्र (चुनावी कर्मियों के लिए): महिला महाविद्यालय, गुमलाः 03.11.2024 से 07.11.2024, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक। पुलिस लाइन, चंदाली, गुमलाः 08.11.2024 से 09.11.2024, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक। समाहरणालय, चंदाली, गुमलाः 08.11.2024 से 09.11.2024, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक। पॉलिटेक्निक कॉलेज, चंदाली (डिस्पैच सेंटर): 11.11.2024 से 12.11.2024, सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक।
2. डाक मतदान केंद्र (आवश्यक सेवाओं से जुड़े अनुपस्थित मतदाताओं के लिए): समाहरणालय, चंदाली, गुमलाः 08.11.2024 से 10.11.2024, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक।
3. होम वोटिंग (अश्रउ और अश्ढऊ मतदाताओं के लिए): निर्वाचन कार्य में संलग्न और आवश्यक सेवाओं में लगे अनुपस्थित मतदाता निर्धारित स्थानों और तिथियों पर डाक मतपत्र द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

मतदान की यह सुविधा सुनिश्चित करेगी कि हर मतदाता अपनी जिम्मेदारी को आसानी से निभा सके और चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा सके।

### दो पहिया वाहनों के आमने सामने की टक्कर में एक बच्ची और दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**सिसई (गुमला)।** शनिवार को सिसई परास नदी पुल के पास दो मोटरसाइकिलों में आपसी भिड़न्त हो जाने से नगर गोखुलपुर निवासी रामदयाल लोहरा के 45 वर्षीय पुत्र दशरथ लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जो जेएच01 और -5934 हीरो होंडा मोटर साइकिल में सवार था। वहीं नगर चडरी टोली निवासी स्व तेतरा उरांव के 27 वर्षीय पुत्र शनि उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। एवं उसकी चार वर्षीय पोती अशिका कुमारी भी घायल हो गयी। जो जेएच 07ई-3482 पैसन प्रो मोटर साइकिल पर सवार थे । परास नदी में शव जला रहे ग्रामीणों ने देखा और आनन फानन में घायलों को रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने घायलों का इलाज किया। दशरथ लोहरा और शनि उरांव दोनों के माथे पे गंभीर चोटें आई हैं। दशरथ लोहरा की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने रिम्स रांची रेफर कर दिया है। और शनि उरांव एवं उसकी पुत्री अशिका कुमारी का इलाज रेफरल अस्पताल में ही चल रहा है।

### चुनाव को लेकर एसपी व डीसी ने गुमला कारा का किया निरीक्षण

# असामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर रखने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** जिले में आगामी विधान सभा चुनाव के निमित 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन लगातार सजग दिख रही है. मतदान के दौरान बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों पर भी जिला प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाकर रखे हुए है. इसी के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से गुमला स्थित मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महिला एवं पुरुष कैदियों के दोनों वार्डो की गहन चेकिंग की गई. इस चेकिंग के दौरान जेल के अंदर से कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं पाया गया. इसके अलावा जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज, विजिटर रजिस्टर, कारा परिसर की भी जांच की गई मगर इसमें किसी भी प्रकार कोई संदिग्ध नहीं वस्तू नहीं मिली.इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में घूम-घूम कर वहां मौजूद सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की साथ ही जेलर तथा अन्य कर्मियों को निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि चुनाव को देखते हुए जेल का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और वहां सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष नजर रखी जा रही है। जेल में मौजूद सुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की गई। मौके पर सीसीटीवी कैमरा की अलावे जवानों की तैनाती के बारे में भी जानकारी ली गई और वर्तमान व्यवस्था को देखा। उपायुक्त ने कहा कि जिले में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव करवाने के लिए गुमला प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है. इसलिए जेल के अंदर रह रहे हिस्ट्री सभी वार्डों का भी निरीक्षण किया गया ताकि किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु न मिले. जिला प्रशासन इस बात को लेकर आश्वस्त होना चाहता है कि चुनाव में किसी भी संदिग्ध और असामाजिक तत्वों की संलिप्ता ना हो सके.

# अवैध शराब का जखीरा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। बसिया(गुमला)** बसिया अनुमंडल के कामडारा थाना अंतर्गत हाफू गांव के दो किराना दुकानों में अवैध शराब का जखीरा बरामद किया गया है। कामडारा थाना प्रभारी शशि प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस बल के द्वारा की गई छापेमारी में सुमित महतो और सुकरा महतो के किराना दुकानों से कुल एक सौ पच्चीस बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। मिली जानकारी के अनुसार इस छापेमारी में तथाकथित दोनों दुकानों से बीयर की 97 बोतलें, ऑफिसर्स चॉइस 9 बोतलें, मैकडॉवेल 11 बोतलें, 8 पीएम की 7 बोतलें तथा सिग्नेचर 1 बोतल बरामद की गई है। इस मामले में कामडारा थाना केस संङ्ग-52/024, 4/2 274/275/292 बीएनएस और एक्साइज एक्ट 47(ए) के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वर्तमान में यह देखा जा रहा है कि चुनाव के समय आये दिन अवैध शराब और महुआ की बनी शराब की बिक्री ज्यादा हो रही है, हालांकि पुलिस प्रशासन ने इस पर काफी नकेल कसने का भी प्रयास किया है। जिसका असर ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ बने शराब की खान में जाकर छापेमारी की है और क्विंटलों महुआ से बने शराब को नष्ट कर दिया है।

# नागपुरी महोत्सव में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा होंगे मुख्य अतिथि, तैयारियां पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला जिले के भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरबिरा गांव में रविवार को होने वाले नागपुरी महोत्सव एवं डाईर जतरा का आयोजन इस बार खास होने जा रहा है, क्योंकि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। उनके साथ सिसई विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरुण उरांव भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री सरमा के आगमन को लेकर तैयारियों का अंतिम दौर पूरा हो चुका है, और कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया है। शनिवार को सिसई विधानसभा के भाजपा सह प्रभारी अनूप चंद्र अधिकारी, कार्यक्रम संयोजक भोला प्रसाद केसरी, और भाजपा मंडल भरनो के अध्यक्ष हरिशंकर शाही अपनी टीम के साथ करंज और तेतरबिरा पहुंचे। उन्होंने हेलीपैड, मंच, और कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी हेलीपैड का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर करंज थाना प्रभारी आशीष केसरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के गुमला प्रखंड के टोटो में भी चुनावी सभा करेंगे, जहां वे बिशुनपुर से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के समर्थन में जनता को संबोधित करेंगे।

# चुनाव आते ही जन प्रतिनिधियों ने बांधे वादों के पुलिंदे

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया (गुमला)** यह समाचार किसी को भी विचलित कर सकती है। विचलित इसलिए कर सकती है क्योंकि भले ही हम इक्कीसवीं सदी में रहने का दावा करते हो या वैश्विक स्तर पर पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं, परन्तु हकीकत यही है कि प्रान्तीय सरकार की अकर्मण्यता के कारण हमें अपने प्राणों की रक्षा के लिए सामान्य भौतिक संसाधन भी उपलब्ध नहीं है। बताते चले कि अभी राज्य विधानसभा के लिए चुनाव का मौसम है और आम व्यक्ति पक्ष विपक्ष के तमाम दावों प्रतिदावों के बीच हॉट सीट पर बैठा नजर आ रहा है। सुदूर ग्रामीण अंचलों में भी सपने बांटे जा रहे हैं और इन सपनों में रोटी, कपड़ा, मकान, चिकित्सा व कम से कम अस्पताल तक जाने के लिए एक अदद सड़क का ताना बाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि इस तरह की बातों के पीछे का दर्द जानना हो तो आप बसिया प्रखंड क्षेत्र में स्थित टांगरजरिया करमटोली का रूख अख्तियार कर सकते हैं। सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा विकास के दावों का पोल खोलता यह गांव आज भी एक सड़क से वंचित बना हुआ है। संदर्भवश सोशल मीडिया में वायरल हुआ इस गांव का तस्वीर आज कई सवालों के साथ मन को विचलित करने लगा है जबकि आदिवासी बहुल इस गांव के लोग आज भी न केवल अपने गाँव तक जाने के लिए पगड़ड़ियों का सहारा लेते हैं बल्कि सड़क की तलाश में गर्भवती महिलाओं और मरीजों को दो किलोमीटर तक खाट की सवारी कराने को विवश नजर आते हैं। विवशता भरी इस जिन्दगी की पुष्टि करते हुए गांव के किसान बैजनाथ गोप ने बताया कि बरसात के दिनों में खाट पर किसी बीमार व्यक्ति या प्रसव वेदना से तड़पती महिला को सड़क पर खड़े एम्बुलेंस तक ले जाना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

# पुलिस ने छापेमारी करते हुए स्कार्पियो से 3 टन अवैध कोयला समेत वाहन को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को 2 नवम्बर को गुप्त सूचना मिली की स्कॉर्पियो पंजीयन सं0-जेएच02एफ-2491 से कोल माफियाओं द्वारा अवैध कोयला का परिवहन कर नयमोड़ होते हुए सिंकिदीरी घाटी की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा थाना प्रभारी रजरप्पा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम द्वारा नयामोड़ बोरोबिंग रोड पर वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में स्कोर्पियो पंजीयन सं0-जेएच02एफ -2491 को रोकने पर स्कोर्पियो चालक पुलिस बल को देख कर वाहन को तेज गति से भगाने लगा, पुलिस बल द्वारा स्कोर्पियो का पीछा कर स्कोर्पियो एवं चालक को पकड़ा गया। स्कोर्पियो चालक से नाम-पता पूछने पर अपना नाम-पता राहुल कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता-स्व भगवानदास महतो, सा०-बारलौंग (हरगाडीह), थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ बताया। जांच के क्रम में स्कोर्पियो में करीब 03 टन कोयला लदा बरामद हुआ। इस संबंध में स्कोर्पियो चालक से कोयला के वैध कागजात कि मांग की गई परन्तु चालक द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। अवैध रूप से कोयले का परिवहन करने के आरोप में स्कोर्पियो पंजीयन सं0-जेएच02एफ -2491 को करीब 03 टन अवैध कोयला सहित जब्त किया गया तथा वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में रजरप्पा थाना कांड सं0-175/24, दिनांक 02.11.2024, धारा-317/3 (5) भारतीय न्याय संहिता-2023 एवं 30 (ई) कोल माईन्स एक्ट एवं 33 वन अधि वाहन मालिक एवं चालक के विरूद्ध दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नात पता : राहुल कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता-स्व० भगवानदास महतो, सा०-बारलौंग (हरगाडीह), थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़।

बरामद सामान की विवरणी : स्कोर्पियो पंजीयन सं0-जेएच02एफ -2491, जिसपर लोड करीब 03 टन अवैध कोयला।

### महिला ने किया आत्महत्या करने का प्रयास, हालत गंभीर

**घाघरा।** घाघरा थाना के देवाकी निवासी 35 वर्षीय सुनीता उरांव ने गत शुक्रवार की देर रात केरोसिन डालकर खुद आग लगा ली जिससे वह गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सुनीता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा इलाज के लिए पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सुनीता व उसका पति दोनों नशे में थे और नशे में फिजूल की बाते कर रहे थे। उसका बेटा ने उन्हें कहा कि घर जा कर सो जाओ नशे में बेवजह बाते कर रही हो। इसी बात पर वह अपना बेटा से उलझ गई। उलझने के बाद वह घर के अंदर घुसी और दरवाजा अंदर से बंद करके शरीर में केरोसिन डालकर आग लगा ली और चिल्लाने लगी जिसके बाद उसका बेटा वेंटिलेटर से कमरे में अंदर घुस कर दरवाजा खोला और आग को बूझकर घाघरा इलाज के लिए लाया गया।

# महिला व पुरुष मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



नवीन मेल संवाददाता। गुमला आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के सुचारू और निष्पक्ष संचालन हेतु गुमला जिले में तैनात सभी महिला एवं पुरुष मतदान कर्मियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 नवंबर से 6 नवंबर तक पुग्गू स्थित महिला महा विद्यालय में आयोजित होगा, जिसमें मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी और दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित और निर्बाध रूप से संपन्न करना है।

#### प्रशिक्षण कार्यक्रम का समय, तिथियां और विधानसभा क्षेत्रों का विवरण

5 नवंबर 2024ः 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों के लिए, 6 नवंबर 2024ः 67-सिसई विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों के लिए, समयः सभी सत्रों का समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित है।

प्रशिक्षण की मुख्य बातेंः प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया, मतदान मशीन (एश्ट) और श्श्ढअळ के संचालन, मतगणना प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता, आपातकालीन स्थिति प्रबंधन, और मतदाताओं के साथ व्यवहार संबंधी दिशा-निदेर्शों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, चुनाव आयोग द्वारा जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का भी पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

**उपस्थिति अनिवार्य :** चुनाव प्रक्रिया की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रत्येक तिथि पर संबंधित मतदान पदाधिकारी एवं सहायक मतदान पदाधिकारियों का अनिवार्य रूप से उपस्थित होना आवश्यक है। सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे समय पर पहुंचें और प्रशिक्षण के पूरे सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाएं। निर्धारित प्रशिक्षण में अनुपस्थिति के मामले में कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

चुनाव को सफल बनाने का आह्वानः गुमला जिला प्रशासन ने सभी मतदान कर्मियों से अपील की है कि वे दिए गए निदेर्शों का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने में अपना सहयोग दें।

# हजार बागों का शहर





अनिता रश्मि

खूबसूरत पर्यटक स्थलों से भरा हजारीबाग झारखंड में स्थित है। कुछेक लोगों से बचपन में सुनती थी, यहाँ हजार बाघ थे। इसीलिए यह हजारीबाघ है। बड़े होने पर भ्रम टूटा और जान गई, यह हजारीबाघ नहीं, हजारीबाग है। हजारीबाग का अर्थ होता है, हजार बागों वाला और यह दो शब्दों हजार और बाग से मिलकर बना है। वास्तव में यहाँ पहले हजार बाग हुआ करते थे। हजारीबाग को तीन पृथक जिलों हजारीबाग, चतरा एवं कोडरमा में विभाजित करने के पूर्व से ही हमारा यहाँ आना-जाना लगा रहता। मेरा विवाह के पश्चात चतरा से राँची आने के समय हजारीबाग के रास्ते से भी आते हम। यह राह ज्यादा सही लगता, सुरक्षित...नक्सलियों से। बीच में चंदवा के पास घाटी में चोरी, लूटपाट की बढ़ती घटनाओं ने बहुतों को यह आसान राह थमाई थी। दीदी-भाईसाहब प्रायः साथ ही चतरा जाते। एक बड़ी वजह यह भी।

किशोरावस्था में और चतरा से आने-जाने के दौरान देखे थे, यहाँ के महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थल यथा वन्यजीव अभयारण्य, कनहरी पहाड़, हजारीबाग झील, नरसिंह स्थान, रजरप्पा, छड़वा डैम, कटकमसांडी, बलबल नदी, सूर्य कुंड आदि। पर आप जितनी बार देखो, उतने ही नए लगते हैं ये। और-और देखने की इच्छा बलवती हो उठती है। भले यहाँ के अनेक स्थलों की खूबसूरती से बारंबार मिलना हुआ था, इधर पुनः नवीन परिवर्तन से मिलने की इच्छा ने जोर पकड़ी तो चार दिनों के लिए परिजन के घर जाकर ठहर गए हम। दूसरे दिन सूर्योदय के साथ ही दीदी अन्नपूर्णा सहाय और उनके बेटे ने बच्चों को साथ लिया और हम पहुँच गए शहर के दिल में स्थित हजारीबाग झील। अब यह झील पूर्णतः विकसित है। इसके विकास को शैशवकाल से देखा था। दरअसल मियाँ की दौड़ मस्जिद तक वाली हालत थी। किसी का जन्मदिन हो, शादी की सालगिरह हो या फिर मनबहलाव के लिए बाहर घूमने की इच्छा, दीदी के परिवार के सब व्यक्ति झट हजारीबाग झील या कनहरी पहाड़ का रुख करते। प्रकृति की गोद में लेटा यह झील वास्तव में विभिन्न हिस्सों पर सात भागों के साथ कृत्रिम झीलों की एक श्रृंखला है। इस तरह से बनाई गई है कि पानी एक स्पिल चैनल के माध्यम से दूसरी झील पर फैल जाए। यहाँ नौकायन की उत्तम सुविधा उपलब्ध है। झारखंड का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल होने के कारण जगह-जगह से हजारीबाग आनेवाले लोग यहाँ आकर नौकायन भी करते हैं, सूर्योदय और सूर्यास्त के मनमोहक दृश्यों का आनंद भी लेते हैं। हमलोग खुद अनेक बार यहाँ सुबह झील के समीप स्वर्ण जयंती पार्क और एक कैफेटेरिया में भ्रमण का आन्नद ले चुके हैं। मन भरता ही नहीं, कितना भी घूमो। शहर से मात्र 0.5 किमी दूर है यह।

थोड़ी देर में ही हम इसी के एक झील के किनारे थे। सामने हवा के परों पर सवार होकर जल हिलोरें ले रहा था। जलकुंभियों ने आधिपत्य जमा लेने की भरपूर कोशिश की थी। सीढ़ियों के नीचे बँधे मोटरवोट, विभिन्न नौकाएँ यात्रियों को आकर्षित कर रही थीं। मोल-भाव चल रहा था। हमलोगों ने पहले पैदल सैर करने का मन बनाया। छोटे-छोटे बच्चे भी दौड़ने लगे, पूरा परिसर ही रंग-बिरंगी पोशाकों से घिरा हुआ था। आबालवृद्ध झीलों के किनारे की शुद्ध हवा में सैर में या दौड़ में या साइकिलिंग में या योग-ध्यान में निमग्न थे। जिसको जहाँ जगह मिल रही थी, वहीं प्राणायम -ध्यान, व्यायाम करने में व्यस्त। चौड़े रास्तों पर नित्य की भाँति जैसे पूरा हजारीबाग उमड़ पड़ा था। झीलों में चौड़े-चौड़े पुरइन के पात (कमल के पत्ते) संग हल्के गुलाबी कमल खिले हुए थे। कुछेक सुंदर कलियाँ अपना घुँघट शमार्ते हुए अभी खोल ही रही थीं। पुरइन पात के साथ हरे जलकुंभियों की होड़ चल रही थी। कहीं-कहीं झील का अधिकांश क्षेत्र दोनों की जुगलबंदी से भरा था। एक झील के बीचोंबीच महात्मा गाँधी की विशाल प्रतिमा बनाई गई है इधर। किसी भी कोने से देखने पर वह नजर आ ही जाती है। कहीं-कहीं खूब गहरे गुलाबी वर्ण को चुराकर कुमुदिनी ललचाने को तैयार झूम रही थी।

जलकुंभियों से होड़ है मेरी। कहते हुए नीरज और कुमुदिनी उन्हें मात देकर लहरा रहे थे...प्रायः हर स्थान पर। लोग अक्सर कुमुदिनी और पंकज में धोखा खा जाते हैं। लेकिन दोनों की पँखुड़ियों के साथ रंग में भी अंतर होता है। गौर से दोनों को देखो, फिर गड़बड़ी नहीं होगी।

हम कुछ देर सीढ़ियों पर जा बैठे। कहीं से लोकगीत की स्वर लहरी, तो कहीं से आधुनिक फिल्मी गीत, तो किसी के ट्रांजिस्टर से जगजीत सिंह की सुरीली आवाज में भजनों का जादू...हे राम! / हे राम! / तू ही बिगाड़े /तू ही सँवारे सबके बिगड़े काम / हे राम! / हे राम!...याने वास्तव में एक जादुई माहौल! अब चला जाए। वोटिंग भी तो करनी है। हाँ, हाँ चलिए। बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था। थोड़ी देर में लहरों के ऊपर लहरों को चीरते हुए हम मोटरबोट से आगे बढ़ चले। झील के सामने ही बड़ा सा परिसर यूकलिप्टस, सागवान, शाल के पेड़ों से घिरा। नवीन पुष्पों की महक से मह-मह महकता हुआ, चिल्ड्रेंन पार्क, झूले, कैफेटेरिया, नकली झरने, रेल की पटरियों पर भागती टॉय ट्रेन...बहुत खूबसूरत जगह...स्वर्ण जयंती पार्क।

सैर के बाद यहाँ चाय-स्नैक्स लेनेवालों की भीड़ लग जाती है। शाम ढलते ही यह मनोरम स्थल गुलजार हो उठता है। हम सब बहुत बार आ चुके थे। अतः अबकी कैफेटेरिया का मोह त्यागकर, इंदिरा आवासीय विद्यालय के पिछवाड़े से हम आगे केंद्रीय कारा की ओर बढ़ चले। यहाँ स्वतंत्रता आंदोलन के समय जयप्रकाश नारायण जी बंदी थे। दीवाली के दिन वे काफी ऊँची दीवार फाँदकर साथियों संग फरार हो गए थे। मुझे वह दीवार देखनी थी। अंदर जाने की अनुमति मिली नहीं तो बाहर से ही वह जगह देखकर रोमांचित। चुपचाप कई तस्वीरें भी लीं। अब यह इलाका काफी विकसित हो चुका है। फिर ताड़ी, खैर (जिसकी छाल से कत्था बनता है) के वृक्ष को देखते हुए याद आया अपना उपन्यास पुकारती जमीं... उसमें ये सब हैं। अगली मंजिल पास में स्थित कनहरी पहाड़।

यह रमणीय पहाड़ हजारीबाग से लगभग 3 कि. मी. दूर है। बचपन में हम सीढ़ियों से ऊपर जाते थे। इस बार गाड़ी से सीधे पहाड़ के शीर्ष पर बने डाक बंगले के पास जा पहुँचे। वन विभाग द्वारा निर्मित यह बंगला बहुत मनोरम स्थल पर बना है। हम ऊपर चढ़ रहे थे तो देखा, एक पगडंडी से लोग आ रहे थे। एक की कजरी हवा में घुल वातावरण को सरस बना रही थी-

*दिल साँवरे पियरवा*
*जिनकी चरणन ध्यावै*
*जिऽअ नहीं बहलत*
*प्राणप्रिया बिन*
*किन्हें लाऽख उपाय...*

ऊपर एक खबसूरत छतरीनुमा व्यू पॉइंट बना है। जहाँ से हजारीबाग के एक कोने का विहंगम दृश्य नजर आता है.

वहाँ बैठकर हमने दूसरे कोने से और ऊपर की वह ऊँची चोटी भी देखी, जहाँ पहले से एक सीमेंटेड व्यू पॉइंट था. और अभी भी पुरानी सीढ़ियाँ वहाँ ले जाती हैं।

# संस्मरण - अक्षय नवमी


रीना सिन्हा सलोनी

**बचपन** में हमारे लिए अक्षय नवमी का पर्व इसलिए खास था क्योंकि छठ के खत्म होने के बाद जो चहल पहल और रौनक एकाएक रुक सी जाती वो अक्षय नवमी के आने से फिर से वापस आ जाती थी। तब हमें इसकी तिथि और महत्व कहाँ पता था, हम तो बस छठ के एक दिन बाद का इंतजार करते जब हमें अपनें ही घर के बगीचे में सबके साथ बैठकर खिचड़ी खाने और मजा मस्ती करने का मौका मिलता। कार्तिक शुक्ल नवमी तिथि को अक्षय नवमी के नाम से जाना जाने वाला यह पर्व छठ के बाद महिलाओं के लिए यह भी एक सामूहिक पूजा है।सामूहिक रूप से परिक्रमा करना फिर आँवला वृक्ष के नीचे पकवान बनाना और खाना- खिलाना एक सुखद अनुष्ठान है। इस दिन आँवला और आँवला-वृक्ष का बहुत महत्व है।कहा जाता है कि माँ यशोदा ने एक बार अपने लल्ला कान्हा को ओखल में बान्धने के बाद इसी वृक्ष से बाँधा था इसीलिए इस वृक्ष के नीचे दामोदर रूप की भी पूजा की जाती है। हरि अनन्त हरि कथा अनन्ता ये भी कहा जाता है कि चतुर्मास के बाद भगवान बिष्णु एकादशी से पहले दो दिन इसी आँवला वृक्ष पर निवास कर अपनी बनायी दुनिया का निरीक्षण करते हैं। जो भी हो, आँवला के वृक्ष की परिक्रमा और पूजा का बहुत महत्व है। सुहागिनें अपने सुहाग और ऐश्वर्य के लिए पूजा करती हैं। आँवला फल का प्रसाद चढ़ता है और आँवला फल ब्राह्मण को दान भी दिया जाता है।अक्षय तृतीया और अक्षय नवमी का किया गया पूजा, दान अथवा कोई भी सत्कर्म का क्षय नहीं होता है।वह पुण्य अक्षय होता है। अक्षय नवमी का महत्व शास्त्रों में बहुत कहा गया है। मुझे याद है हमारे बगीचे में आँवले का एक काफी बड़ा सा पेड़ हुआ करता था जो पूरे साल यूँ ही चुपचाप खड़ा रहता और जिसकी याद बस अक्षय नवमी के समय ही आती। उस आँवले के पेड़ के नीचे ईंटों को जोड़कर और मिट्टी से लीपकर एक चूल्हा बनाया जाता था जिसके चारों ओर रसोईघर से लाकर ढेर सारे बर्तन और राशन रख दिए जाते। मेरी माँ और आस पड़ोस की सभी स्त्रियाँ मिलकर खिचड़ी चोखा बनाने की तैयारी में जुट जातीं। कोई चावल चुन रहा है तो कोई उबले आलू छील रहा है। किसी को हरी धनिया की चटनी पीसने के काम पर लगा दिया जाता। आलू उबाल कर जल्दी जल्दी बैगन और टमाटर पका लिए जाते और फिर खिचड़ी चढ़ा दी जाती। हम सब बच्चे मिलकर चूल्हे के चारों ओर चादर या दरी बिछाकर बैठने का इंतजाम कर देते। जैसे-जैसे दोपहर होती जातीं सबकी भूख बढ़ती जाती और खाना बना की नहीं इसकी पुकार जोर पकड़ लेती.... भूख और बढ़े भी क्यों न, सिलबट्टे पर पीसे धनिया पत्ते की चटनी और चूल्हे पर करकराये देसी घी की खुशबू सबकी भूख और बढ़ा देती। फिर आती खाना खाने की बारी। सौंधे घी की खुशबू के साथ खिचड़ी, चोखा, बैंगन टमाटर की चटनी, बचका, पापड़, अदौरी और लाल मिर्च का अचार.. इन सब चीजों को दोपहर की गुनगुनी धूप में एक साथ बैठकर खाने का जो आनंद था वो भुलाए नहीं भूलता। खाने के बाद जबतक धूप न ढल जाती तबतक गपशप और हँसी मजाक चलता। हम सब बच्चे भी वहीं बैठकर अपना मनपसंद खेल या अन्ताक्षरि खेलते। फिर अक्षय नवमी का समापन उसी मिट्टी के चूल्हे पर बनी 4 बजे की गर्मागर्म चाय के साथ होता। आज वो सारी बातें याद बनकर रह गई हैं। अब बड़े बड़े महानगर में ना तो वो आँवले का पेड़ नजर आता है और न ही वो मिट्टी का चूल्हा। धनिया पत्ते की चटनी तो है मगर वो सिलबट्टा शहर में कहीं खो गया और उसकी जगह ले ली है मिक्सर ग्राइंडर नें...लेकिन उस चटनी का स्वाद उस देसी घी की सुगंध आज भी बचपन के गलियारों में ले जातीं है। बड़े बड़े होटल में बैठकर अंग्रेजी और चाइनीज खाना खाने वाले आजकल के बच्चे चूल्हे पर बने खिचड़ी चोखा के स्वाद को शायद ही महसूस कर पाएं। शायद ये अक्षय नवमी के पर्व भी धीरे धीरे विलुप्त हो जाये। ऐसे कई छोटे मोटे पर्व और परंपराएं हैं जो हमें अपने मिट्टी से जोड़े रखती है। हमें न सिर्फ इन्हें सम्हालनें बल्कि इन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की भी जरूरत है।

## दिवस-रातों मनुज ढलता जा रहा है



दिवस-रातों मनुज ढलता जा रहा है।
समय अंतर- गीत बुनता जा रहा है।।
यह प्रकृति अपने नियम अनुरूप चलती,
जिंदगी भी रेत कण-सा नित्य ढ़लती।।
विहग आतुर लौटने को नीड़ अपने,
आदमी की वृति पल -पल है बदलती।।
मानवी संवेदनाएँ शुन्य हैं अब,
नित्य मन में लोभ पलता जा रहा है।
समय अंतर- गीत बुनता जा रहा है।।

घात औ प्रतिघात का यूँ सिलसिला है
क्या कहें किस रूप हमको मिला है।
आदमी अब आदमी का रक्त पीकर,
नित पग-पग पर सदा छलता मिला है।।
व्यहार में इस विकृति को देखकर,
हृद हमारे क्षोभ बढ़ता जा रहा है।
समय अंतर-गीत बुनता जा रहा है।।
चाँदनी के विहँसने की रात आयी।
निखरती निज भावनाओं में नहायी।।
टिमटिमाते सप्त-ऋषियों की पहेली।
तारिकाएँ चिंतनो में है समायी।।
निशा भी अपने मगन-मनमोद में है।
आह! के स्वर कौन भरता जा रहा है।।
समय अंतर-गीत बुनता जा रहा है।


माधवी उपाध्याय

## लोक आस्था का महापर्व


बिनोद बेगाना

लोक आस्था का है पावन,पर्व
बहुत फलदाई।
तन-मन की विपदा हरती है,देवी
छठी माई।।
चार दिनों तक चलते हैं सब,छठ
के अनुष्ठान।
संयम और नियम से होते,सारे
विधि-विधान।
भक्तिमय माहौल में पूजन-अर्चन
है सुखदाई।
लोक आस्था का है पावन,पर्व
बहुत फलदाई।
सभी परस्पर इस उत्सव
में,बढ़कर लेते हिस्सा,
भक्तिभाव से सब सुनते हैं,पर्व-
प्रभाव का किस्सा।
सभी कामना पूरी होती,जिसने
आस लगाई।
लोक आस्था का है पावन,पर्व
बहुत फलदाई।
इस त्योहार से बढ़कर कोई,पर्व
नहीं है दूजा,
विविध रंग के सामानों से,होती
प्रकृति-पूजा।
सूर्यदेव को अर्घ्य चढ़ाकर,करते
हम सेवकाई ।
लोक आस्था का है पावन,पर्व
बहुत फलदाई।
तन-मन की विपदा हरती है, देवी
छठी माई।।



## फरिश्ते


सविता गुप्ता- स्वरचित

**मंगरी** ताई तेल लगाने में उस्ताद थीं। नस पकड़ कर जो मालिश वो करती थीं, उसका कोई आसपास में सानी नहीं था। गैस फटने से बहू चल बसी थी। पीछे से पाँच बेटियाँ छोड़ गई थी अभागन। बेचारी मंगरी ताई के माथे अचानक ये पाँच पोतियों की जिम्मेदारी आन पड़ी। अकेले सम्भालना मुश्किल होता जा रहा था, तो बेटे की दूसरी शादी यह सोचकर कर दी कि नईकी बहुरिया सब सम्भाल लेगी। पर सौतेली किसी की हुई है जो यहाँ भी होती आते ही उसने पहले अपना चूल्हा अलग किया और फिर सभी सौतेली बेटियों को। मंगरी ताई की समस्या ज्यों की त्यों। बेचारी बूढ़ी औरत जैसे तैसे पोतियों को पालने लगीं। बड़की पोती बड़ी



होशियार निकली। पढ़ाई के साथ मेंहदी और लिफाफे बनाने का काम शुरू कर दिया। अब वो छोटी बहनो को भी धीरे धीरे ट्रेंड करने लगी। बड़की पोती के लिए रिश्तेदारी से रिश्ते आने लगे थे। सभी को होशियार और सुघड़ बहू चाहिए थी। एक जगह रिश्ता फाइनल हुआ। लड़के वालो की कोई माँग ना थी। तब भी बेटी को ब्याहने खातिर लाख रुपया तो बनता ही था। निमोर्ही बाप पहले ही मुँह मोड़ चुका था और माई तो सौतेली ठहरी। बेचारी मंगरी ताई की पैसो की आस अब अपने उन ग्राहकों से ही रह गई थी जिनके वहाँ वो मालिश करने जाती थीं। मुँह खोलने पर तब कुछ ने बेमन से मदद किया तो कुछ ने खुशी से। फिर भी पूरे पैसो का जुगाड़ ना हो पाया। तभी उनके एरिया की किन्नरों को इनसब के बारे में पता चला। उन्होंने मंगरी ताई को घर पर बुलाया और उन्हें पैसो के साथ कपड़ा लत्ता, गहना सब से भर दिया। मंगरी ताई उनके इस मदद से अवाक सी हो गईं। क्योंकि उन्होंने शुरू से देखा है ये किन्नर किसी के भी घर में बच्चा या शादी होने पर या गृहप्रवेश होने पर धड़ल्ले से घूसकर मनचाहा पैसा ले लेते थे। आज पहली बार वो एक जरूरतमंद की मदद कर रहे थे। मंगरी ताई किन्नरों के इस दैवीय रूप का पहली बार रसस्वादन कर रहीं थीं।


खुशबू बरनवाल 'सीपी'

## आस का दीया

मैं आखिरी उम्मीद जगाऊँ,
मैं आस का दीया भी जलाऊँ,
खो न जाएँ, सब इच्छाएँ दिल से-
मैं चुनकर आँचल में छुपाऊँ।
हर नादान के सपने बचाऊँ,
कामना भरे तन पाँख लगाऊँ,
उनके निरुत्साहित मुखड़े बीच-
अधरों पर मुस्कान ले आऊँ।
रुकी साँसों में प्राण भर आऊँ,
सरगम से जीवन राग बजाऊँ,
इतनी शक्ति दें ईश्वर-
मानुष में आशा किरण लाऊँ।
प्रकृति की काया पलट पाऊँ,
चहुँ ओर उल्लास भर गाऊँ,
चमत्कारी ओज सीपी को दें-
दसों दिशाओं में आनंद बरसाऊँ।

## जीवन चक्की

पीस देती जीवन चक्की में
अपने सारे सुनहरे स्वप्न,
फिर भी त्याग कर उनको
मिलती उसे खुशियाँ अनंत।
कई बार पीस जाती उसमें
उनकी सारी कल्पनाएँ
पूर्ण होने को की, प्रभु सम्मुख
न जाने कितनी याचनायें।
भावनाओं को कुम्हार की भाँति
देती रहती नित नये आकार।
दबा कर के सपनों को सारे
जो मिला उसका करती आभार।
पीस जाती उसकी कविता
घिस जाती उसकी तूलिका,
मुस्कान के पीछे आँसू छुपा
निभाती रहती कई कई भूमिका।
कभी प्रेयसी कभी बनती प्रेमिका
अपने चित्रपट की वो तो है नायिका।
जिंदगी की झंझावतों में सिमट कर
वो हाड़ मांस कमनीय रमणिका।


सविता सिंह मीरा

## काव्य कोना

### रवानगी

मंजिल के पास शांति और सौंदर्य का
आभास होता है
रास्ते के दर्द के मिट जाने का आभास
होता है।
यादें घुमती हैं, उन्हीं पुरानी राहों पर
सपनों में पूरा नया संसार होता है।
किनारे के ठहराव में कहां कोई जोश
होता है
मँझधार में जाने पर फिर कहाँ होश
होता है।
यायावरी में जब नया शिखर उदित
होता है
जोश में होश कहां फिर संवरण होता
है।
उँचे गगन में परिन्दे की अपरिमित
उड़ान देख
जिन्दगी को अपनी रवानगी का
आभास होता है।
**नाग मणि**

# छठ आस्था और विश्वास का महापर्व


पूनम शर्मा स्नेहिल

कार्तिक मास में मनाए जाने वाला छठ पर्व आस्था और विश्वास का पर्व है यह पर्व मनाने की शुरूआत पूरब से हुई थी परंतु अब यह पूरे विश्व में मनाया जाता है क्या देश क्या विदेश आस्था की कोई मयार्दा नहीं होती ठीक उसी तरह छठ पर्व दुनिया के हर कोने में बड़ी ही श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता है। इस पर्व में किसी जाति और धर्म की भी बाध्यत दिखाई नहीं पड़ती। जिसकी आस्था जागृत हुई उसने यह पर्व मना लिया। 4 दिन का यह पर्व काफी नियमों से भरा होता है। इसके हर नियम में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना पड़ता है।

### प्रथम दिन

नहा खा के नाम से प्रसिद्ध है। उस दिन व्रत करने वाले सभी लोग नहा कर सूर्य देवता को अर्थ देखकर व्रत का संकल्प लेते हैं और उसके बाद ही कुछ आहार ग्रहण करते हैं। जो कि घी में बना हुआ होता है, आज के दिन बिना लहसुन-प्याज का खाना खाते हैं,जिसमें कद्दू और भात मुख्यतः प्रचलित है।

### दूसरे दिन

यह दिन खरना के नाम से प्रसिद्ध है।इस दिन व्रत करने वाले व्रत धारी दिनभर निराहार रहकर शाम में पूजन किया करते हैं। पूजन में मुख्यता केला, गुड़ की खीर, रोटी आदि बनाकर शाम में पूजन किया जाता है। इसमें पान, कसौली, लोंग इलाइची, मूली, केला आदि प्रसाद को केले के पत्ते पर रख भगवान को चढ़ाया जाता है। सभी के यहां जितना अरग होता है। उसी के अनुसार उतनी जगह यह प्रसाद चढ़ाया जाता है। पूजन के बाद व्रत धारी एकांत में बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। वह यह प्रसाद एक बार में ही खा सकते हैं, अगर उनके मुख में कोई कंकड़ आ



जाए या बीच में कोई टोक दे, या बोल दे, तो उन्हें प्रसाद वहीं छोड़ना पड़ता है। इसके उपरांत प्रसाद का वितरण सभी लोगों में कर दिया जाता है। इस पर्व में परिवार के सभी सदस्यों का होना पर्व की शोभा को और बढ़ा देता है। यह संपूर्ण परिवार की सुख-शांति का पर्व होता है।

### तीसरे दिन को

संझिया अर्क के नाम से जाना जाता है। इस दिन व्रत धारी सारा दिन निराहार निराजल व्रत रहते हैं, साथ ही इस दिन पूजा की पूरी तैयारी की जाती है आज ही के दिन प्रसाद के रूप में ठेकुआ बनाया जाता है। शाम और सुबह के अरक के अलग-अलग ठेकुआ बनाया जाता है। साथ ही फल मौसम के सभी फल पूजे में चढ्ढा जाते हैं। शाम होने पर परिवार के सभी सदस्य नए कपड़े पहन कर घाट पर जाते हैं। वहां अस्त होते हुए सूर्य को अरक देकर पूजे का यह पड़ाव संपूर्ण होता है।

कुछ लोग कोसी भी भरते हैं यह मन्नत पूरी होने पर किया जाता है। कहते हैं अपनी खुशी के लिए छठ मां को धन्यवाद कहने का उनका आभार व्यक्त करने का यह तरीका होता है । लोग मन्नत पूरी होने पर कोसी भरा करते हैं। व्रत के समय अराधना करते वक्त व्रत धारी नदी के जल में खड़े होकर सूर्य भगवान को अरक दिया करते हैं।

रात भर निराहार रहकर अगली सुबह पुनः नदी पर जा सूर्योदय होते हुए सूर्य की उपासना की जाती है सुबह 4:00 बजे लोग घाट पर जाना प्रारंभ कर देते हैं जैसे ही सूर्य की किरणें आसमान पर दिखती हैं। लोग सूर्य को अरक देना प्रारंभ कर देते हैं। अरक गाय के दूध से दिया जाता है। सूर्योदय के बाद अर्क दे व्रत धारी सभी को प्रसाद वितरित करते हैं, और इस तरीके से छठ महापर्व जो कि 4 दिन का होता है वह संपूर्ण होता है।

छठी मैया सभी पर अपनी कृपा दृष्टि सदैव बनाए रखें सभी की मनोकामना संपूर्ण हो मां सबका भला करें। ***जय छठी मईया***

**-संयोजन : नरेश अग्रवाल**

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक**

## आज का दोहा

**हाथों में इल्जाम है, आंखों में पैगाम।**
**पहले इनके नाम था, अब है उनके नाम।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# घर की लक्ष्मी


नीता सागर चौधरी

दीपावली में बेटा आएगा घर में। सुशीला देवी बहुत व्यस्त है। संग नई दुल्हन आ रही है। भले बेटे ने हमारी पसंद से शादी ना किया हो, पर है तो मेरी बहू। लंदन की रहने वाली है। हिंदू धर्म को अपनाई है। पहले वह क्रिश्चियन थी। इसलिए सुशीला देवी बहुत खुश हैं। रोहित के पापा सुन रहे हैं ना---- दिवाली के पहले सारे पर्दे, नये कालीन लाना है। घर भी सजाना पड़ेगा मुझे। 5 साल बाद बेटा घर आ रहा है! तुम इतना व्यस्त क्यों हो रही हो? आ रहे हैं तो आने दो। आप नहीं समझोगे। बहू देखने का एक अलग ही आनंद है। आपकी मां ने जो गले का हार दिया था ना उसे भी पोलिशिंग करवा कर लाना पड़ेगा। है तो पुरानी डिजाइन की, पर पुस्तेनि है। हां हां चल चलेंगे। कब चलोगे? वे लोग आ जाएंगे ना दिवाली में? दिवाकर जी अब मसला सुलझाते हुए बोले आज शाम को चलना है? तो 5:00 बजे तैयार हो जाना मार्केट चलेंगे। सुशीला देवी मुस्कुरा कर बोली, ठीक है। मन ही मन सुशीला देवी सोच रही थी, विदेशी लड़की है, साड़ी पहनेगी, सूट पहनेगी या जींस में आ जाएगी पता नहीं। जो भी हो दिवाली के बाद एक पार्टी तो रखेंगे। एक ही तो बहू है हमारी। परिवार वालों को , दोस्तो को बुलाना पड़ेगा। तीन-चार दिन में सुशीला देवी घर को पूरी तरह बदल दिया। बालकोनी में रंग-बिरंगे फूलों के कई गमले रखवा दिया। घर शाम के समय में रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा। सुशीला देवी की खुशी देखते ही बन रही थी। दिवाकर जी बोले अरे! कितना काम करेगी? सुशीला देवी झूठा गुस्सा दिखा कर बोलती है, आप चुप ही रहिए! मेरा बेटा बहू आ रहा है। क्यों ना करूं? लेकिन मन में एक भय तो था, की विदेशी लड़की है, भारतीय संस्कारों को अपनाएगी कि नहीं? पता नहीं सास ससुर और परिवार के लोगों से कैसा व्यवहार करेगी? राजन उसे अपने घर के बारे में कुछ सिखाया कि नहीं? फिर भी किसी को जता नहीं रही थी। अपना डर अपने ही अंदर लेकर सुशीला सारा काम कर रही थी। आखिर वह दिन भी आ गया। जब राजन नई नवेली दुल्हन को लेकर अपने घर के बाहर कार से उतर रहा था। दूसरे कार से उतर रही थी, बेटी सरला उसके दो बच्चे और दामाद। सुशीला नई साड़ी पहनकर हाथों में सूप और दिया लेकर कार के सामने पहुंच गई। आसपास की दो-चार महिलाओं को भी बुला कर रखी थी, वे शंख बजाने लगी। गोरी चिट्टी विदेशी बहू भारी भरकम लाल लहंगे में भारतीय साज सिंगार करके कार से उतर रही थी। पैरों में पायल, उंगलीओ में बिछिया मांग में सिंदूर, हाथों में चूड़ियां, नाक में नथनी और सर पर पल्लू। बहु को देखकर सुशीला का मन खुशी से झूम उठा। सुशीला समझ गई मेरा बेटा भारतीय संस्कार को नहीं भूला है। तभी तो मेरी बहू भारतीय दुल्हन बनकर देश में आई है। कार से उतरते ही बहू ने सास ससुर के पैर छुए। सुशीला ने उसे गले से लगा लिया। सरला बोली मां भाभी को देखकर तुम मुझे भूल गई। नहीं रे तुझे कैसे मैं भूल सकती हूं? आज से मेरी दूसरी बेटी आ गई। मां जी आपने मुझे बेटी कहा? हां तू तो मेरी बेटी ही हुई। ओ मां जी, आईएम सरप्राइज्ड! यू आर टु गुड! राजन बोला, देखो मां मैं तो इनको हिंदी भी सीखा कर लाया हूं। हां हां देख रही हूं। जा जा सरल दूआरी पर चावल भर कर कलस रख दें। मेरे घर की लक्ष्मी आ रही है। महावर रंगे पांव से जेनिफर उर्फ मधु कलस को गिराकर घर में प्रवेश करती हैं। सुशीला मन ही मन सोच रही थी आज दिवाली है। और मेरे घर को रोशन करने आ गई मेरी बहूं। हे भगवान मेरे घर को बुरी नजरों से बचा कर रखना। बेटे बहू, बेटी दामाद,नाति नातिन पूरा परिवार को एक साथ देखकर दिवाकर जी भी मन ही मन खुश हो रहे थे।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ 2025 : पर्यटकों को मिलेंगे स्किल्ड और स्मार्ट सर्विस प्रोवाइडर

**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में पारंपररिक भारतीय मूल्यों और 'अतिथि देवो भवः' की संकल्पना पर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और वातावरण प्रदान कर रही है। सरकार के इस भागीरथ प्रयत्न से प्रदेश में पर्यटन सेक्टर का कायाकल्प हो रहा है। प्रयागराज महाकुंभ जैसा विशाल जन समागम इसे बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। पर्यटन को गति देने के लिए पूरे प्रयागराज में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे महाकुंभ के दौरान न सिर्फ वेंडर्स और सेवा प्रदाताओं की आय बढ़ेगी, बल्कि 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही समस्त धार्मिक पर्यटन स्थलों के आसपास भी रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से उपेक्षित पड़े पर्यटन सेक्टर को प्रदेश की योगी सरकार ने नया आयाम दिया है। 16 नवंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश की नई पर्यटन नीति-2022 को मंजूरी मिलने के बाद पर्यटन क्षेत्र के विकास का नक्शा बदलना शुरू हुआ। नई पर्यटन नीति से प्रदेश में 20 हजार करोड़ के निवेश और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें भी सबसे पहले पर्यटन सेक्टर से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर को कौशल विकास और प्रबंधन से जोड़ना महत्वपूर्ण है।




## 2000 नाविकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

पर्यटन विभाग 2000 नाविकों को इसका प्रशिक्षण दे रहा है। पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के लिए इस स्थलों में बुनियादी संरचना के विकास के साथ यहां सेवा प्रदान करने सेवा प्रदाताओं को भी स्मार्ट बनाना होगा। पर्यटन विभाग ने इसी को देखते हुए प्रयागराज में 1000 टूर गाइड को स्किल डेवलपमेंट और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग प्रदान कर रहा है। पर्यटकों के साथ व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाने और पर्यटक स्थलों एवं मार्गों पर स्वच्छता की जानकारी देने के लिए इनका प्रशिक्षण भी आवश्यक है। पर्यटन विभाग की तरफ से इनका प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रयागराज में 600 स्ट्रीट वेंडर्स और 600 टैक्सी ड्राइवर को इसका प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके अंतर्गत अभी तक 250 स्ट्रीट वेंडर्स और 120 टैक्सी ड्राइवर को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

# लक्ष्मीबाई की समाधि पर पहुंचे संघ प्रमुख

### श्रद्धासुमन अर्पित किए

**एजेंसी। ग्वालियर**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मध्य प्रदेश के ग्वालियर में चौथे दिन शनिवार को 1857 के स्वतंत्रता समर की महानायिका वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के समाधि स्थल पहुंचे। इस अवसर पर ग्वालियर विभाग संघचालक प्रह्लाद सबनानी, क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर, विभाग सहसंघचालक रवि अग्रवाल, विभाग कार्यवाह विजय दीक्षित, नवनीत शर्मा आदि ने डॉ. मोहन भागवत की अगवानी की। यहां सरसंघचालक डॉ. भागवत ने रानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल की परिक्रमा की और पुष्पांजलि अर्पित कर वीरांगना लक्ष्मीबाई को नमन किया। दरअसल, ग्वालियर में केदारपुर धाम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का चार दिवसीय अखिल भारतीय विविध संगठन प्रचारक वर्ग चल रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी सहसरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए हैं।

# रक्षामंत्री ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का लिया जायजा

### कानपुर फील्ड गन फैक्टरी का किया निरीक्षण, हीट ट्रीटमेंट प्लांट भी गए

- एडब्ल्यूईआईए को टैंक टी-90 और धनुष गन सहित विभिन्न आर्टिलरी गन तथा टैंकों की बैरल और ब्रीच असेंबली के निर्माण में विशेषज्ञता हासिल है।



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में कानपुर स्थित एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) की इकाई, फील्ड गन फैक्टरी का दौरा किया और महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लिया। एक सरकार प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एडब्ल्यूईआईए को टैंक टी-90 और धनुष गन सहित विभिन्न आर्टिलरी गन तथा टैंकों की बैरल और ब्रीच असेंबली के निर्माण में विशेषज्ञता हासिल है।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने महत्वपूर्ण स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लेने के लिए फैक्टरी के हीट ट्रीटमेंट और न्यू असेंबली शॉप सहित प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री के साथ सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत भी थे। शॉप फ्लोर के दौरे के बाद राजनाथ सिंह को कानपुर स्थित तीन रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) - एडब्ल्यूईआईएल, ट्रूप कम्फर्ट्स इंडिया लिमिटेड, ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी और कानपुर स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला, रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के निदेशक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। प्रस्तुतियों के दौरान नए डीपीएसयू के सीएमडी ने रक्षा मंत्री को उत्पाद प्रोफाइल, चल रही बड़ी परियोजनाओं, अनुसंधान एवं विकास प्रयासों और रक्षा सेवाओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे आधुनिकीकरण संबंधी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। एडब्ल्यूईआईएल की छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर गन प्रणालियों के निर्माण में विशेषज्ञता है।

### टीबी के खिलाफ लड़ाई में भारत विश्व चैंपियन

# नड्डा ने देश को टीबी मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने टीबी संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में भारत को वैश्विक चैंपियन बताया है। 29 अक्टूबर को जारी वैश्विक टीबी रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि साल 2015 के बाद भारत में टीबी उन्मूलन की दिशा में मामलों में 17.7 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक गति से दो गुना रफ्तार से भी अधिक है। इस रिपोर्ट पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि केन्द्र सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। शनिवार को जारी एक पोस्ट में जेपी नड्डा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ भारत की उल्लेखनीय प्रगति को मान्यता दी है। यह दर 8.3 प्रतिशत की वैश्विक गिरावट के दोगुने से भी अधिक है। यह स्वीकृति टीबी देखभाल और नियंत्रण के प्रति भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दशार्ती है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत हमारी सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए नि-क्षय पोषण योजना और मल्टी-ड्रग प्रतिरोधी तपेदिक के लिए एक नए उपचार के रूप में बीपीएएलएम आहार की शुरूआत जैसी महत्वपूर्ण पहल करके राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया है। उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों के लिए सभी कर्मचारियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी अटूट प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत तपेदिक के खिलाफ इस लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उल्लेखनीय है कि पांच साल पहले भारत की अध्यक्षता में पूरी दुनिया ने साल 2030 तक टीबी से मुक्ति पाने का लक्ष्य रखा लेकिन उस दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच साल पहले 2025 तक इस लक्ष्य को हासिल करने का वादा किया। भारत के जमीनी स्तर पर प्रयास इस तरह रहे कि 2015 के बाद से छूटे हुए टीबी मामलों के अंतर को कम करने में जबर्दस्त प्रगति देखी है। डब्ल्यूएचओ ने भारत में टीबी की घटनाओं में गिरावट को स्वीकार करते हुए कहा है कि 2015 में यहां एक लाख की आबादी पर टीबी के 237 मामले मिल रहे थे, जो 2023 में घटकर 195 तक पहुंचे हैं।

# न्यूज बॉक्स

## पटना के अपार्टमेंट में लड़की के साथ दुष्कर्म, जांच में जुटी पुलिस

**पटना(आईएएनएस)।** बिहार की राजधानी पटना के एक अपार्टमेंट के फ्लैट में दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आया है कि लड़की को उसकी मां ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ यहां भेजा था। मामले की जांच जारी है। गंभीर स्थिति में पीड़िता को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि राजीव नगर थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में एक लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। पीड़िता के प्राइवेट पार्ट में जख्म है, इस कारण उसे पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तिरुपति में बच्ची से बलात्कार के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**तिरुपति(आईएएनएस)।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में बलात्कार के बाद एक बच्ची की हत्या कर दी गई। 22 साल के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला वडामलपेट मंडल के वाईएम पुरम का है। तिरुपति के एसपी सुब्बारायडू ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि शुक्रवार शाम को कॉलोनी का रहना वाला आरोपी 22 वर्षीय सुशांत साढ़े तीन साल की मासूम को अपने साथ ले गया था। इस दौरान उसने झाड़ियों में बलात्कार किया और इसके बाद हत्या कर शव को घटनास्थल पर ही दफना दिया।एसपी सुब्बारायडू के मुताबिक, बच्ची के लापता होने की जानकारी मिली थी, परिवार वालों ने बताया कि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, लेकिन अचानक गायब हो गई। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई, मगर कुछ पता नहीं चल पाया, जिसके बाद बच्ची के गुम होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। एसपी ने बताया कि इस मामले में सभी रिश्तेदारों से पूछताछ की गई। इस दौरान उन्हें सुशांत पर शक हुआ और जब उससे सख्ती के साथ पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल किया। इसके बाद आरोपी की निशानदेही के आधार पर बच्ची के शव को बरामद किया गया। साथ ही आरोपी सुशांत को गिरफ्तार भी किया गया। फिलहाल बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुत्तुर सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और आरोपी सुशांत पुलिस की हिरासत में है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुजराती नव वर्ष के अवसर पर शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजराती नव वर्ष के मौके पर गुजरात के लोगों को शुभकामनाएं दीं और कामना की है कि यह नया साल लोगों के जीवन में खुशियां, सफलता और समृद्धि लाए। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुजराती भाषा में किये पोस्ट में लिखा, नये साल की राम राम। आज से शुरू होने वाला यह नया साल आपके जीवन में खुशियां, सफलता और समृद्धि लाए और आपका स्वास्थ्य ठीक रहे। इस प्रार्थना के साथ नव वर्ष की शुभकामनाएं कि आने वाले वर्ष में आपके सभी सपने सच हों और हर दिन नई ऊर्जा और सकारात्मकता से भरा हो...!! नए साल की शुभकामनाएं!

## गुजराती नववर्ष का स्वागत: अमित शाह और सीआर पाटिल के आवास पर उमड़ी भीड़

**अहमदाबाद।** गुजरात में नववर्ष के उपलक्ष्य में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल के आवास पर बधाई देने भाजपा कार्यकतार्ओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। सभी ने एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई देकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। अहमदाबाद के थलतेज स्थित अपने निवास पर गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी कार्यकतार्ओं और समर्थकों से मुलाकात की और उनको नववर्ष की बधाई दी। भाजपा कार्यकतार्ओं की भीड़ सुबह से ही शाह के निवास स्थान पर उमड़ पड़ी। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भी सुबह शाह से मिलकर नववर्ष की बधाई दी। मुख्यमंत्री पटेल राज्यपाल आचार्य देवव्रत से भी मिले और उन्हें बधाई दी। सूरत में केंद्रीय मंत्री पाटिल के निवास पर भी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी उन्हें बधाई देने पहुंचे। पाटिल ने सभी को विकसित भारत और जल संसाधन को लेकर घरों में दीप प्रज्ज्वलित करने की अपील की। अहमदाबाद में अमित शाह के घर सुबह शुभकामना देने पहुंचे लोगों में प्रमुख रूप से सांसद दिनेश मकवाणा, पूर्व विधायक समेत बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे।

## बिबेक देबरॉय के निधन से आध्यात्मिक और साहित्यिक जीवन में एक बड़ा शून्य हो गया: आलोक कुमार



**नई दिल्ली।** बिबेक देबरॉय की मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने कहा है कि उनके असमय निधन से भारत के आर्थिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक जीवन में एक बड़ा शून्य उत्पन्न हो गया है। वह एक अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने तथाकथित समाजवादी व्यवस्था को चुनौती दी और अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने राजीव गांधी इंस्टीट्यूट फॉर कंटेम्परेरी स्टडीज (आरजीआईसीएस), नीति आयोग के सदस्य, प्रधान मंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएम-ईएसी) के अध्यक्ष, कई राज्य सरकारों सहित प्रमुख अनेक संस्थानों के साथ काम किया। उन्होंने कानून और न्यायपालिका, श्रम और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में मार्गदर्शन किया। आलोक कुमार ने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि देबरॉय ने संस्कृत भाषा में विशेषज्ञता प्राप्त की। देबरॉय ने महाभारत का अध्ययन किया, उसमें मूल एक लाख श्लोकों को छांटा, प्रक्षिप्त अंशों को अलग किया और ग्रंथ का अंग्रेजी में अनुवाद किया। यह दस खंडों और 22 लाख 50 हजार शब्दों की एक विशाल कृति है।

## सीएम सिद्धारमैया ने किसानों को भेजे गए वक्फ नोटिस तत्काल वापस लेने का आदेश दिया

**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अधिकारियों को वक्फ भूमि मुद्दों से संबंधित किसानों को भेजे गए सभी नोटिस तुरंत वापस लेने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। यह निर्देश राजस्व विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और वक्फ बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद दिया गया। सीएम ने कुछ अधिकारियों द्वारा की गई हालिया कार्रवाइयों पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें।

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

### तेजस्वी यादव को विरासत में मिली राजनीति

# राजद में परिवारवाद का बोलबाला : उपेंद्र

**एजेंसी। गया**



बिहार के गया के बांकेबाजार प्रखंड के खपरौंद गांव में एनडीए पार्टी कार्यालय का राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को उद्घाटन किया। इस मौके पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य सरकार में मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन और एनडीए गठबंधन के तमाम नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इमामगंज विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी दीपा मांझी को जिताने की अपील करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, हम मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं। बिहार में हम चारों विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करेंगे। एनडीए मजबूत स्थिति में है और चारों सीटों पर चुनाव जीत रही है। वहीं, राजद नेता तेजस्वी यादव पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि राजद अब परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। तेजस्वी यादव परिवारवाद से निकले हुए नेता हैं। परिवारवाद मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पहले से नंगा" है। तेजस्वी यादव को विरासत में राजनीति मिली है। अपने पिता के दम पर वह अपने राजनीतिक जीवन को आगे बढ़ा रहे हैं। राजद में कार्यकतार्ओं की योग्यता के आधार पर नहीं, केवल परिवार के लोगों को आगे बढ़ाया जाता है। वहीं, जीतनराम मांझी के परिवार में सब लोग योग्य, शिक्षित और जनसेवा में सक्रिय हैं। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) की उम्मीदवार दीपा मांझी इमामगंज सुरक्षित सीट पर उपचुनाव लड़ रही हैं। उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के बाद जीतन राम मांझी पर वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने के आरोप लग रहे हैं। जीतन राम मांझी ने परिवारवाद के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि दीपा एक प्रतिबद्ध और मेहनती महिला हैं और पारिवारिक संबंधों से परे उनकी योग्यता के आधार पर टिकट दिया गया है। वह राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल हैं। पहले वह जिला परिषद सदस्य रह चुकी हैं और जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव महज दो वोटों से हार गई थीं। उस समय उनकी शादी नहीं हुई थी। वह पहले एक समर्पित कार्यकर्ता हैं और उसके बाद उनकी पुत्रवधू हैं।

## सांसद अरविंद सावंत ने विवादित बयान के लिए शाइना एनसी से माफी मांगी

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के सांसद अरविंद सावंत ने शिवसेना की नेता शाइना एनसी पर दिए अपने बयान के लिए माफी मांग ली है। उन्होंने एक बयान में कहा, मैंने अपने 55 साल के राजनीतिक करियर में कभी भी महिलाओं का अपमान नहीं किया। मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। अगर मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं और पूरा सम्मान करता हूं। उन्होंने विभिन्न दलों के नेताओं के विवादित बयानों का जिक्र करते हुए कहा, किशोरी पेडनेकर के बारे में आशीष शेलार ने क्या कहा? राम कदम का बयान हो या फिर अब्दुल सत्तार का सुप्रिया सुले पर दिया बयान सब आपत्तिजनक था। क्या इन सभी घटनाओं में एफआईआर दर्ज की गई? सावंत ने आगे कहा, मैं मांग करता हूं कि ऐसी सभी घटनाओं में एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।

## एयर इंडिया फ्लाइट की सीट से कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया की सुरक्षा भंग होने का मामला सामने आया है। एयरलाइन की दुबई-दिल्ली उड़ान संख्या एआई 916 में एक सीट से कारतूस मिला है। इस मामले की जांच चल रही है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, 27 अक्टूबर को दुबई से दिल्ली आने के बाद हमारी फ्लाइट संख्या एआई 916 की एक सीट की जेब में एक कारतूस मिला था। प्रवक्ता के मुताबिक विमान के सभी यात्री सुरक्षित उतर चुके थे। एयर इंडिया ने निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए तुरंत एयरपोर्ट पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी जांच चल रही है। प्रवक्ता ने कहा कि 27 अक्टूबर को एयर इंडिया के विमान की जेब में एक कारतूस मिलने की जानकारी के बाद पायलट को फ्लाइट संख्या एआई 916 को तुरंत दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा था।

## कांग्रेस जब भी सत्ता में आई, देश के लिए आर्थिक चुनौतियां लाई, कभी कोई वादा पूरा नहीं किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अपने किसी भी वादे को कभी भी पूरी नहीं कर पाई। कांग्रेस पार्टी जब-जब जिस राज्य की सत्ता में आती है, उस राज्य और देश के लिए आर्थिक चुनौतियां लेकर आती है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जिन राज्यों में है- वहां की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश में तो उनके पास इतना भी पैसा नहीं रह गया है कि वो सही ढंग से सैलरी दे सकें। ऐसी ही हालत कर्नाटक में है। ये दशार्ता है कि कांग्रेस जब-जब सत्ता में आती है तो जो कहा गया... वो कभी पूरा नहीं कर पाती है।

# उत्तराखंड में गंगोत्री धाम के कपाट बंद

शीतकालीन पड़ाव के लिए निकली मां गंगा की उत्सव डोली

इस वर्ष **आठ लाख 11 हजार 542** तीर्थयात्री गंगोत्री धाम पहुंचे

आज भैया दूज पर मां गंगा की डोली मुखीमठ गांव पहुंचेगी



**एजेंसी। उत्तरकाशी**

जगविख्यात गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व पर विधि-विधान पूर्वक शनिवार को दोपहर 12:14 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद अब छह माह तक मां गंगा अपने मायके मुखीमठ में मुखबा स्थित गंगा मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगी। मां गंगा की उत्सव डोली शनिवार को मुखीमठ के लिए रवाना हो गई है, जो शीतकालीन पड़ाव मुखबा पहुंचेगी। गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के मौके पर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। हर-हर गंगे... जय मां गंगे के जयकारों से गंगोत्री धाम गूंज उठा। श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने कहा कि शुक्रवार को दीपोत्सव के साथ मां भगवती गंगा के गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि मां गंगा की उत्सवडोली शनिवार को मुखीमठ के लिए रवाना हो गई है। मां गंगा की डोली मुखीमठ से तीन किलोमीटर पहले मारकंडे मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। तीन नवंबर रविवार को भैया दूज पर मां गंगा की डोली मुखीमठ गांव पहुंचेगी, फिर मां गंगा की उत्सव मूर्ति को डोली यात्रा के साथ शीतकालीन पड़ाव मुखबा लाया जाएगा। ऐसे में अब शीतकाल तक श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन उनके मायके मुखीमठ में कर सकेंगे।

# पोंटिंग का मिशन, भविष्य में आईपीएल की सबसे मजबूत टीम होगी पंजाब किंग्स



एजेंसी

**दुबई।** आईपीएल 2025 को लेकर सभी 10 टीमें तैयारियों में जुटी है। बीते कुछ सीजन पंजाब किंग्स के लिए ज्यादा अच्छे नहीं रहे। हालांकि, इस बार टीम एक नई लय में नजर आने वाली है। इसकी वजह है टीम में बदलाव जिसकी शुरुआत नवनियुक्त मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ हो गई। आईपीएल 2025 से पहले टीम में कई रणनीतिक बदलाव किए गए हैं। इसमें नए कोच की नियुक्ति भी शामिल है। आईपीएल रिटेंशन लिस्ट की हालिया घोषणा के साथ पंजाब किंग्स के लिए पोंटिंग का दृष्टिकोण एक बदलाव का संकेत देता है क्योंकि फ्रेंचाइजी एक नया और अलग रास्ता अपनाने के लिए तैयार है। टीम ने केवल दो अनकैप्ड खिलाड़ी- प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह को रिटेन किया। जबकि, दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, इंग्लैंड के सैम करन और भारतीय तेज अर्शदीप सिंह जैसे स्टार खिलाड़ियों को रिलीज करने का ऑप्शन चुना। आईसीसी रिव्यू से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा, "मैं एक नई, ताजा शुरुआत को

**2025 से पहले टीम में कई रणनीतिक बदलाव किए गए हैं। इसमें नए कोच की नियुक्ति भी शामिल है।**

लेकर सबसे अधिक उत्साहित हूं। यह रिटेंशन लिस्ट के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि टीम के पास सबसे बड़ी नीलामी राशि है, जो एक महत्वाकांक्षी और मजबूत टीम के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। कई वर्षों के संघर्ष के बाद 2014 से फ्रेंचाइजी के प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रहने के बाद, पोंटिंग पंजाब किंग्स को मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह नया रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फ्रेंचाइज के अतीत को स्वीकार करते हुए पोंटिंग ने नई शुरुआत की अपनी इच्छा पर जोर दिया और टीम में एक नया माहौल बनाने की बात कही। उन्होंने कहा, "मेरे लिए मुख्य और सबसे महत्वपूर्ण बात इस पूरी फ्रेंचाइजी को अलग बनाना है। इसे मजबूत बनाना और मैदान पर रिजल्ट लाना है। मैं चाहता हूं कि हम आईपीएल में अपनी छाप छोड़े।

# मुंबई टेस्ट दूसरा दिन : न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 171 रन पर खोए 9 विकेट, कुल बढ़त 143 रनों की हुई

एजेंसी

**मुंबई।** न्यूजीलैंड ने यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट पर 171 रन बना लिए हैं। एजाज पटेल 9 रन बनाकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड की कुल बढ़त अब 143 रनों की हो गई है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे, जिसके बाद भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए और 28 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और आकाशदीप ने पहले ही ओवर में कीवी कप्तान टॉम लैथम (01) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 39 के कुल स्कोर पर वाशिंगटन सुंदर ने डेवोन कॉनवे (22) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रवींद्र कुछ खास नहीं कर सके और केवल 4 रन बनाकर अश्विन की गेंद पर स्टम्प आउट हो गए। यहां से विल यंग और डेरिल मिचेल ने संभलकर खेलते हुए टीम का स्कोर 94 के स्कोर तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर रवींद्र जडेजा ने मिचेल को आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। मिचेल ने 21 रन बनाए। जडेजा ने 100 के कुल स्कोर पर टॉम ब्लंडेल (04) को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। यहां से ग्लेन फिलिप्स और यंग ने 31 रनों की तेज साझेदारी की। खासकर फिलिप्स ज्यादा आक्रामक रहे, उन्होंने केवल 14 गेंदों पर तीन छक्के और 1 चौके की बदौलत 26 रन बनाए। 131 के कुल स्कोर पर अश्विन ने उन्हें बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी।

148 के कुल स्कोर पर जडेजा ने ईश सोढ़ी (08) को आउट कर न्यूजीलैंड को सातवां झटका दिया। इस दौरान विल यंग ने अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद यंग अश्विन का शिकार बने। यंग ने 100 गेंदों पर 2 चौके एक छक्के की बदौलत 51 रन बनाए। जडेजा ने इसके बाद 171 के कुल स्कोर पर मैट हेनरी (10) को बोल्ड किया, जिसके बाद दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया।




- दूसरी पारी में भी चला जडेजा का जादू, झटके 4 विकेट
- भारत ने पहली पारी में बनाए 263 रन पर
- भारत की तरफ रवींद्र जडेजा ने 4, रविचंद्रन अश्विन 3, आकाशदीप और वाशिंगटन सुंदर 1-1 विकेट लिया।
- भारत की पहली पारी 263 रन पर सिमटी, गिल शतक से चूके, पंत का अर्धशतक
- इससे पहले शुभमन गिल (90), ऋषभ पंत (60) के शानदार अर्धशतक और आखिरी में वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 38) की महत्वपूर्ण पारी की बदौलत भारत ने अपनी पहली पारी मे 263 रन बनाए और 28 रनों की बढत हासिल की। वहीं, न्यूज़ीलैंड की तरफ से एजाज पटेल ने 4 विकेट लिए। न्यूज़ीलैंड ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे।
- न्यूज़ीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने 5, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी ने 1-1 विकेट लिया।
- न्यूज़ीलैंड की पहली पारी 235 रन पर सिमटी। इससे पहले न्यूज़ीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 235 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान टॉम लैथम ने 28, विल यंग ने 71 और डेरिल मिचेल ने 82 रन की पारी खेली।
- भारत की तरफ से रविन्द्र जडेजा ने 5 विकेट, वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट और आकाशदीप को एक सफलता मिली।

# मसूद ने फॉर्म हासिल करने के लिए बाबर के टेस्ट क्रिकेट से 'ब्रेक' लेने का समर्थन किया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद का मानना है कि टेस्ट टीम से बाबर आज़म का "ब्रेक" उनके आत्मविश्वास या करियर को नुकसान पहुंचाने के बजाय उन्हें फॉर्म में वापस लाने में मदद करेगा। पाकिस्तान के सबसे प्रमुख खिलाड़ियों में से एक बाबर को लंबे समय तक रनों के सूखे के बाद इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट के लिए टीम से बाहर रखा गया था। बाबर की गैर-मौजूदगी के बावजूद पाकिस्तान ने 2-1 से सीरीज अपने नाम की। बीबीसी के स्टंप्ड रेडियो शो पर बोलते हुए, मसूद ने बाबर की क्षमताओं की प्रशंसा की, उन्हें "दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक" कहा और साथ ही कहा कि "कभी-कभी, लोगों को ब्रेक की आवश्यकता होती है। मसूद ने कहा, "मुझे लगता है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। मैं यह कहने वाला कोई नहीं हूं कि उसका कोई भविष्य नहीं है। उनमें टेस्ट क्रिकेट के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक बनने के लिए हर गुण है। वह हमेशा रैंकिंग में शीर्ष पर या उसके आसपास रहते हैं। कभी-कभी, लोगों को ब्रेक की जरूरत होती है।

### यूएसपीएल ने सीजन 3 के लिए की कमेंटरी पैनल की घोषणा

# पॉल निक्सन, कायनात व जॉन केंट निभाएंगे यूएसपीएल के कमेंटरी पैनल में मुख्य भूमिका

एजेंसी




**फ्लोरिडा।** ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक शुरू हो रही यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) ने सोमवार को सीज़न 3 के लिए एक स्टार-स्टडेड कमेंट्री पैनल की घोषणा की। पैनल में पूर्व खिलाड़ी मोनाली पटेल, पॉल निक्सन, कायनात वकार, मैरी केली और जॉन केंट शामिल हैं।

इनके अलावा शानदार व्यक्तित्व और क्रिकेट की गहरी समझ के लिए प्रसिद्ध ग्रेस बोलिंजर भी पूर्व क्रिकेटरों के साथ कमेंट्री बॉक्स साझा करते हुए नजर आएंगी। पैनल को लेकर यूएसपीएल के संस्थापक और अध्यक्ष जयदीप सिंह ने कहा, "हम सीजन 3 के लिए इतनी विविध और अनुभवी कमेंटरी टीम पाकर बहुत रोमांचित हैं। खेल के प्रति उनका संयुक्त ज्ञान और समझ दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए एक शानदार अनुभव होगा। यूएसपीएल अपने हर सीज़न के साथ ही और भी बड़ा और बेहतर होता जा रहा है। हाल ही में न्यू जर्सी में आयोजित नीलामी के दौरान कई प्रमुख खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

# सऊदी अरब में डब्लूटीए फाइनल महिलाओं की प्रगति के लिए 'दरवाजे खोल' सकता है : गॉफ

एजेंसी

**रियाद।** कोको गॉफ, जो वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर हैं, ने उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब में होने वाला डब्लूटीए फाइनल रूढ़िवादी राज्य में महिलाओं की प्रगति और सकारात्मक बदलाव के लिए "दरवाजे खोल" सकता है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि रियाद में सत्र के अंत में होने वाले टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए सऊदी टेनिस महासंघ के साथ डब्लूटीए की हाल ही में तीन साल की साझेदारी के बारे में उनकी कुछ शंकाएं थीं। गॉफ ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें लगता है कि खेल की शक्ति सकारात्मक बदलाव ला सकती है, लेकिन वह सतर्क हैं और उम्मीद करती हैं कि यह आयोजन वास्तविक प्रगति को प्रेरित करेगा। सऊदी अरब में होने वाला पहला डब्लूटीए फाइनल शनिवार से किंग सऊद यूनिवर्सिटी इंडोर एरिना में आयोजित होने वाला है। यह महिला टेनिस के लिए एक ऐतिहासिक कदम है क्योंकि यह महिलाओं के अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंधात्मक कानूनों के लिए माने जाने वाले क्षेत्र में फैल रहा है।

**जाहिर है कि मैं सऊदी में स्थिति से बहुत वाकिफ हूं**



20 वर्षीय गॉफ ने शुरू में इस आयोजन स्थल को लेकर असहज महसूस करने की बात स्वीकार की, लेकिन वह खुद देखना चाहती थीं कि क्या प्रगति हो रही है। अमेरिकी स्टार ने संवाददाताओं से कहा, "जाहिर है कि मैं सऊदी में स्थिति से बहुत वाकिफ हूं। इस पर मेरा विचार यह है कि मुझे लगता है कि खेल लोगों के लिए दरवाजे खोल सकता है। मुझे लगता है कि बदलाव की चाहत रखने के लिए, आपको इसे देखना होगा।

# ग्लोबल सुपर लीग से पहले लाहौर कलंदर्स के मुख्य कोच बने डैरेन

एजेंसी



**लाहौर।** डेरेन गॉफ को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) टीम लाहौर कलंदर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइज़ के साथ उनका पहला काम गुयाना में ग्लोबल सुपर लीग (सीएसएल) होगा, जो 26 नवंबर से शुरू होगा। यह नियुक्ति कलंदर्स की स्टॉक प्रतियोगिता पीएसएल में अधिक स्थायी भूमिका की प्रस्तावना मानी जा रही है। आकिब जावेद, जिन्होंने आठ साल तक कलंदर्स के लिए मुख्य कोच और क्रिकेट संचालन के निदेशक के रूप में काम किया, ने पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट के साथ पीसीबी में एक नई भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पद छोड़ दिया। वह अब पाकिस्तान पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए चयन समिति के सदस्य हैं। कलंदर्स ने 2022 और 2023 में लगातार दो बार पीएसएल खिताब जीता, लेकिन इस साल वे सबसे निचले पायदान पर रहे। आकिब के जाने से फ्रैंचाइज़ में एक जगह खाली हो गई है, जिसे वे अगले साल अप्रैल में पीएसएल शुरू होने से पहले भरना चाहते हैं। गॉफ, जो 2006 में इंग्लैंड के सबसे ज़्यादा वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज़ के तौर पर रिटायर हुए थे (और जेम्स एंडरसन के बाद अभी भी सूची में दूसरे नंबर पर हैं।

# विश्व कप क्वालीफायर्स के लिए नेमार, एंड्रिक रहेंगे बाहर


नेमार

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील ने अपने आगामी वेनेजुएला और उरुग्वे के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैचों के लिए अनुभवी फारवर्ड नेमार और रियल मैड्रिड के युवा खिलाड़ी एंड्रिक को बाहर रखने का फैसला लिया है। यह जानकारी ब्राजील फुटबॉल संघ ने शुक्रवार को अपने एक बयान में दी। नेमार ने पिछले महीने अपने क्लब अल हिलाल के लिए करीब एक साल बाद मैदान पर वापसी की थी। लगभग एक साल पहले उन्हें एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट में चोट लगी थी। उसके बाद से लगातार वह मैदान से दूर थे। नेमार 128 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 79 गोल के विश्व रिकार्ड के साथ ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर हैं। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने उनकी वापसी पर जानकारी देते हुए बताया, "14 नवंबर को वेनेजुएला के साथ होने वाले मैच और इसके मात्र पांच दिन बाद उरुग्वे के खिलाफ घरेलू मैच के लिए 32 वर्षीय खिलाड़ी को वापस बुलाना अभी जल्दबाजी होगी।

**ब्राजील की टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर:** वेवर्टन (पाल्मीरास), बेंटो (अल-नासर), एडर्सन (मैनचेस्टर सिटी)। **डिफेंडर:** डेनिलो (जुवेंटस), वेंडरसन (मोनाको), अबनेर (ल्योन), गुइलहर्मे अराना (एटलेटिको माइनिरो), मुरिलो (नॉटिंघम फॉरेस्ट), एडर मिलिटाओ (रियल मैड्रिड), गेब्रियल मैगलहेस (आर्सेनल), मार्क्विनहोस (पेरिस सेंट-जर्मन) **मिडफील्डर:** आंद्रे (वॉल्वरहैम्प्टन), ब्रूनो गुइमारेस (न्यूकैसल), गर्सन (फ्लेमेंगो), लुकास पाक्वेटा (वेस्ट हैम), एंड्रियास परेरा (फुलहम), रफिन्हा (बार्सिलोना)। **फॉरवर्ड:** रोड्रिगो (रियल मैड्रिड), विनीसियस जूनियर (रियल मैड्रिड), लुइज़ हेनरिक (बोटाफोगो), इगोर जीसस (बोटाफोगो), एस्टेवाओ (पाल्मेरास), सविन्हो (मैनचेस्टर सिटी)।


एंड्रिक

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास को गति देगा भारत : आईएमएफ

एजेंसी



**नई दिल्ली।** एशिया-प्रशांत के लिए आईएमएफ के नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, भारत निवेश और निजी खपत के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। आईएमएफ ने 2 अक्टूबर को जारी अपनी विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के पूर्वानुमान को वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 के लिए क्रमशः 7 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।र क्षेत्रीय आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 और 2025 में एशिया में वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है जो कि महामारी से उबरने को लेकर समर्थन न मिलने और बढ़ती उम्र जैसे कारकों को दर्शाता है। इसके अलावा, अप्रैल में अल्पकालिक संभावनाएं उम्मीद से बेहतर थीं। आईएमएफ ने कहा कि 2024 में एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए वृद्धि दर को 0.1 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है, जो मुख्य रूप से वर्ष की शुरुआत में मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। इसके साथ एशिया और प्रशांत क्षेत्र से इस वर्ष वैश्विक वृद्धि में लगभग 60 प्रतिशत योगदान मिलने की उम्मीद है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि "परिदृश्य बड़े पैमाने पर आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं पर भी निर्भर करता है। आईएमएफ द्वारा क्षेत्रीय परिदृश्य रिपोर्ट के साथ जारी एक ब्लॉग पोस्ट में कहा गया है कि विनिर्माण क्षेत्र एशिया में विकास को गति दे रहा है लेकिन आधुनिक व्यापार योग्य सेवाएं विकास और उत्पादकता का एक नया स्त्रोत हो सकती हैं। इसमें कहा गया है कि सेवाओं के विकास ने क्षेत्र के लगभग आधे श्रमिकों को पहले ही इस सेक्टर में ला दिया है जबकि 1990 में यह संख्या मात्र 22 प्रतिशत थी, क्योंकि करोड़ों लोग खेतों और कारखानों से चले गए थे। ब्लॉग पोस्ट में कहा गया है, "अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मॉर्डन सर्विस जैसे फाइनेंस, इनफार्मेशन, कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी और बिजनेस आउट सोर्सिंग में विस्तार से यह बदलाव और तेज होने की संभावना है, जैसा कि भारत और फिलीपींस में पहले ही हो चुका है।" 2025 में अधिक अनुकूल मौद्रिक स्थितियों से गतिविधि को समर्थन मिलने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप अप्रैल में 4.3 प्रतिशत से 4.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि होगी। क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में मुद्रास्फीति कम हो गई है। साथ ही, जोखिम भी बढ़ गए हैं, जो बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक मांग की ताकत को लेकर अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता की संभावना को दर्शाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन तेजी से गतिविधि पर ब्रेक लगाएगा, हालांकि व्यापार योग्य सेवाओं जैसे उच्च उत्पादकता वाले क्षेत्रों में संरचनात्मक बदलाव मजबूत विकास को बनाए रखेगा।

**1990 में यह संख्या मात्र 22 प्रतिशत थी, क्योंकि करोड़ों लोग खेतों और कारखानों से चले गए थे।**

# गोवर्धन पूजा के दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी गिरावट

एजेंसी




**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज गोवर्धन पूजा के दिन गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव आज 710 से 790 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। इसी तरह चांदी भी आज 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81 हजार रुपये के स्तर से नीचे लुढ़क कर 80,700 रुपये से लेकर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 74 हजार के स्तर से फिसल कर 73,990 रुपये से लेकर 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत घट कर 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

**सोने के भाव आज 710 से 790 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। इसी तरह चांदी भी आज 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है।**

### भारतीय रेलवे ने ट्रेन टिकट बुकिंग के तरीके में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अपने टिकटिंग नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब ट्रेन टिकटों की एडवांस बुकिंग का समय 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया गया है। यह नया नियम आज, 1 नवंबर 2024 से लागू हो गया है। पहले से बुक किए गए टिकटों पर इसका कोई असर नहीं होगा, यात्री अपनी यात्रा की योजना के अनुसार सफर कर सकेंगे।



# एलन मस्क को लगा बड़ा झटका, ट्वीटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल का मुकदमा आगे बढ़ेगा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** माइक्रोबॉलिंग साइट ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद से ही दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संबंधित कई तरह की चुनौतियां का सामना करना पड़ा है। साल 2022 में ट्विटर की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद मस्क ने ट्विटर इंक के शीर्ष अधिकारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। शीर्ष अधिकारियों को हटाने की अदालती लड़ाई में मस्क को अमेरिकी अदालत से बड़ा झटका लगा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार देर रात एक न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि ट्विटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और अन्य शीर्ष अधिकारियों के दावे आगे बढ़ सकते हैं, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि मस्क ने उन्हें सेवरेंस पे (निकासी वेतन) से वंचित करने के लिए अधिग्रहण के ठीक समय पर उन्हें हटाया, ताकि वे त्यागपत्र पत्र जमा न कर सकें।

# प्रदेश का हर पढ़ा-लिखा युवा हेमंत सरकार से त्रस्त, चाहता है बदलाव : हिमंता सरमा

- भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को लात मारकर प्रदेश से भगाएंगे
- भाजपा की सरकार बनते ही पेपर लीक कराने वालों को भेजेंगे जेल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने पलामू जिले के पांकी के लेस्लीगंज अटल स्मृति भवन में जनसभा को संबोधित किया। बिस्वा सरमा ने पलामू के पांकी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. शशि भूषण मेहता के लिए जनता से वोट की अपील की। इस दौरान हिमंत बिस्वा सरमा ने सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज झारखंड प्रदेश की जो हालत है, उसको प्रदेश की जनता जानती है। बिस्वा सरमा ने संथाल परगना का जिक्र करते हुए कहा कि पहले यहा हिंदूओं की जनसंख्या ज्यादा होती थी, लेकिन आज यहा मुस्लिमों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होने कहा कि प्रदेश में लगातार बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से मुस्लिम आबादी बढ़ती जा रही है। बिस्वा सरमा ने कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार घुसपैठियों को लेकर कोई कदम नहीं उठा रही है, क्योंकि उनके लिए घुसपैठिए सिर्फ वोट बैंक है। इसके साथ ही बिस्वा ने कहा कि प्रदेश में इस बार का चुनाव हमारी अस्मिता की लड़ाई है। उन्होने प्रदेश की जनता से वादा करते हुए कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही सभी घुसपैठियों को लात मारकर प्रदेश से भगा दिया जाएगा। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, जो चुनाव से पहले वादे किए थे, सत्ता में आते ही एक भी वादा पूरा नहीं किया झामुमो ने प्रदेश के युवाओं को चुनाव से पहले 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन युवाओं को रोजगार देने के नाम पर पेपर लीक करवा दिए। सीजीएल पेपर को पैसा लेकर लीक करवा दिया जाता है। बिस्वा सरमा ने कहा आज प्रदेश का हर पढ़ा-लिखा युवा हेमंत सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहता है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री की शपथ के बाद सीजीएल पेपर नए तरीके से कराया जाएगा। आज प्रदेश में न युवाओं को नौकरी है, न भत्ता मिल रहा है, लेकिन हेमंत और कल्पना एक दूसरे की तारीफ करते रहते हैं। बिस्वा सरमा ने तंज कसते हुए कहा कि कल्पना और हेमंत सोरेन एक दूजे के साथ फिल्मी शूटिंग करते रहते है, लेकिन गरीब आदमी इनसे त्रस्त है। बिस्वा सरमा ने कहा कि अपनी 4 साल 7 महीने सरकार चलाने के बाद हेमंत मैया योजना लेकर आया, लेकिन बुजुर्गों की पेंशन को बंद कर दिया गया। हेमंत सरकार ने मैया सम्मान योजना के नाम पर घरों में सास-बहू का झगड़ा करवा दिया, क्योंकि सास की पेंशन हो गई और बहू की शुरू हो गई।

## झारखंड में एनडीए और बीजेपी की लहर चल रही है : हिमंता

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने निर्दलीय प्रत्याशी सहित अन्य को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर भाजपा के चुनाव का प्रभारी हिमंत बिस्वा ने कहा कि झारखंड में एनडीए और बीजेपी की लहर है। झारखंड चुनाव की घोषणा के बाद पार्टी के कई नेताओं ने निर्दलीय के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। पार्टी में नाराजगी होती है। हम लोग सभी से बातचीत कर उनकी नाराजगी दूर कर रहे हैं। इस दौरान कई सदस्य बाहर निकल गए थे। उन्हें भी दोबारा पार्टी में लाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमित शर्मा और उनका परिवार झारखंड की संस्कृति की सुरक्षा के लिए लगातार काम करते हैं। अमित शर्मा ने निर्दलीय प्रत्याशी से नामांकन वापस ले लिया है। इनके भाजपा से जुड़ने से सिंहभूम में पार्टी को बहुत ताकत मिलेगी। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि परिवार में कभी-कभी मतभेद हो जाता है और अपने लोग बिखर जाते हैं। कहीं ना कहीं भाजपा और उसकी विचारधारा से जुड़े हुए सभी लोगों की पार्टी में वापसी हुई है। वर्तमान सरकार की वजह से झारखंड पर खतरा मंडरा रहा है। झारखंड को बचाने के लिए फिर से सभी भाजपा के साथ जुड़े हैं।

# रिजवान की राजनीतिक चाल व जयराम की कल्पना से बाहर गांडेय विस सीट

रजनीश

**रांची।** राजनीतिक गलियारों में एक कहावत है, 'राजनीति में कोई स्थाई दोस्त या दुश्मन नहीं होता है' शायद ये बात सही ही है। बीते दिनों कुछ ऐसा ही हुआ है। हेमंत सोरेन के नीतियों के खिलाफ जयराम के नेतृत्व में एक आंदोलन चल रहा था, जिसका अहम हिस्सा रिजवन भी था। रिजवान ने जयराम की पार्टी छोड़ कर जेएमएम का दामन थाम लिया है। रिजवान को जयराम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कलपना सोरेन के खिलाफ गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव में उतारा था, लेकिन ऐन मौके पर रिजवान ने जयराम के नीतियों को त्याग कर हेमंत के नीतियों को अपना लिया। रिजवान की इस राजनीतिक चाल की कल्पना जयराम ने नहीं किया था। कुछ राजनीतिक पंडितों का कहना है कि रिजवान गांडेय में कल्पना का समीकरण बिगाड़ सकते थे। गांडेय में मुस्लिम वोटरों की संख्या अच्छी खासी है। रिजवान के जेएमएम में आने से कल्पना की राहे अब और भी आसान हो गई है। हालांकि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद गांडेय से अब तक एक बार ही भाजपा ने जीत हासिल की है। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर जयप्रकाश वर्मा ने जीता था। इस सीट पर सबसे अधिक बार जेएमएम ने जीत का परचम लहराया है। 2019 में कांग्रेस छोड़ जेएमएम के टिकट पर डॉ सरफराज अहमद ने गांडेय से विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल किया। 2024 में उन्होंने अपने विधायकी से इस्तीफा दिया, उसके बाद जेएमएम की ओर से राज्यसभा चले गए। 2024 के उप चुनाव में इस सीट से कल्पना सोरेन जेएमएम के टिकट पर जीत हासिल की।





### जानिए कब कौन जीता

| वर्ष | नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 2005 | सालखन सोरेन | जेएमएम |
| 2009 | डॉ. सर्फराज अहमद | कांग्रेस |
| 2014 | जयप्रकाश वर्मा | भाजपा |
| 2019 | डॉ. सर्फराज अहमद | जेएमएम |
| 2024 | कल्पना सोरेन(उपचुनाव) | जेएमएम |

### जानिए किस वर्ग के कितने वोटर

- ओबीसी वोटरों की संख्यां लगभग 62123
- मुस्लिम वोटरों की संख्या लगभग 72114
- एससी वोटरों की संख्या लगभग 26907
- एसटी वोटरों की संख्यां लगभग 44594
- सामान्य वर्ग के वोटरों की संख्या लगभग 34171

# महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में : प्रतुल

- कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजय कुमार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को शैतानी और दुष्ट विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाला बता चुके हैं



नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर/रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने शनिवार को जमशेदपुर के भाजपा महानगर कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल ने कहा कि महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की डीएनए में है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह ने महिलाओं के लिए टंच माल ,इरफान अंसारी ने रिजेक्ट माल और कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रवक्ता ने इंपोर्टेड माल जैसे घटिया शब्दों का प्रयोग किय। आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने इन नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। प्रतुल ने कांग्रेस के डॉक्टर अजय पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने तो एक आदिवासी बेटी का अपमान किया जो देश के सर्वोच्च पद पर बैठी हैं। प्रतुल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के बारे में डॉक्टर अजय कुमार ने अशोभनीय टिप्पणी करते हुए कहा था कि वो शैतानी और दुष्ट सोच का प्रतिनिधित्व करती है। उनको आदिवासी का प्रतीक माने से इनकार किया था।डॉक्टर अजय ने जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी श्रीमती पूर्णिमा साहू की तुलना बाजार में बिकने वाले सामान से कर दी थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता के बयान का खंडन नहीं किया। मतलब साफ है कि कांग्रेस महिलाओं को उपयोग करने वाली वस्तु मात्र समझती है। प्रतुल ने कहा कि महिलाएं भी अपने अपमान का जवाब वोट के जरिए चोट करके देंगी। प्रतुल ने कहा इस सरकार के कार्यकाल में 7400 बेटियों के साथ बलात्कार हुआ। जिसमें एक तिहाई एससी एसटी बेटियां हैं।

## सीईओ ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ की समीक्षा बैठक

# विस निर्वाचन की तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें पदाधिकारी : रवि कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 के लिए सारी तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता से संबंधित समीक्षा कर लें। उन्होंने कहा कि प्रजाइडिंग ऑफिसर के द्वारा मतदान के समय इस्तेमाल होने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन का 9 नवंबर को ट्रायल रन करा लें, जिससे मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार की कठिनाई न हो। वह शनिवार को निर्वाचन सदन से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि सभी जिले में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताए गए मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें।मतदान के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर 100 एवं 200 मीटर की मार्किंग करा लें । उन्होंने कहा कि स्वच्छ और निष्पक्ष निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सभी चेकपोस्टों को एक्टिव रखें एवं रात्रि में भी गश्ती करते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाएं। श्री कुमार ने जिले में विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों से सम्बन्धित सभी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा बलों की तैनाती, स्टेट बॉर्डर चेकपोस्ट, डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, वलनरेबल मैपिंग, अवैध सामग्री की जब्ती, पोस्टल बैलेट के लिए 12 ऊफॉर्म का आवंटन, चुनाव कर्मियों की ट्रेनिंग एवं उनका रेंडमाइजेशन, पोलिंग स्टेशन की मार्किंग, मतदाता पर्ची का आवंटन आदि निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर निर्देश दिए। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर वेबकास्टिंग से मॉनिटरिंग संबंधी एसओपी, मतदान दिवस को पेड हॉलिडे, मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त उपयोग में लाए जाने वाले अन्य 12 पहचान पत्रों के बारे में जागरूकता फैलाने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की।

## राज्य में 13,634 लाइसेंसी आर्म्स जमा हुए : सीईओ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 135.70 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी हैं। वहीं, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक कुल 24 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। उनपर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयोग निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित मतदान को लेकर लगातार चौकसी बरत रहा है। इसी के तहत राज्य के लाइसेंसी हथियारों को जमा कराने की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान में राज्य में 16,696 आर्म्स लाइसेंस हैं, जिसमें से 13,634 आर्म्स डिपॉजिट हो चुके हैं। वहीं, 40 लाइसेंस अवरुद्ध किए गए है। 487 लाइसेंस को कैंसल कर डिपॉजिट कराया गया है और 1,354 लाइसेंस धारकों को उनके आवेदन के बाद जमा करने से छूट दी गई है।



*राज्य में 44,015 सर्विस वोटर, 140 करोड़ की अवैध सामग्री व नकदी जब्त*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया की राज्य में 44,015 सर्विस वोटर के ट्रांसमिशन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। पहले चरण के चुनाव में 28,471 और दूसरे चरण में 15,544 सर्विस वोटर हैं। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग की तैयारी चल रही है। वहीं, वोटर ऑन इलेक्शन ड्यूटी के पोस्टल वोटिंग की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू हो जायेगी।

# हटिया सीट से नवीन चौथी बार बनेंगे विधायक या अजय रोकेंगे विजय रथ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हटिया विधानसभा 1977 में अस्तित्व में आया। तब से लेकर अब तक कुल 11 बार चुनाव हो चुका है, जिसमें से 10 बार पूर्ण चुनाव और एक बार उपचुनाव हुए है। इस सीट से पहली बार कांग्रेस के टिकट पर सुबोधकांत सहाय ने जीत हासिल की थी। वे तीन बार इस सीट से विधायक रहे है। इस सीट का संयोग बहुत अलग रहा है। हटिया सीट से तीन बार सुबोधकांत सहाय, तीन बार रामजीलाल सारडा और तीन बार नवीन जायसवाल विधायक रहे है। अब तक कोई भी चार बार विधायक नहीं रहे है। क्या इस बार चार बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड नवीन जायसवाल बनाएंगे या फिर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे अजयनाथ शाहदेव नवीन जायसवाल के जीत का रथ रोकेंगे। यह 23 नवंबर को ही पता चलेगा। हटिया सीट से दो बार लाल गोपाल शरण नाथ शाहहेव ने भी चुनाव जीता है। 1985 के विधानसभा चुनाव में सुबोधकांत सहाय चुनाव जीते, लेकिन 1989 के लोकसभा चुनाव में रांची से सांसद चुने गए। उस वक्त यह सीट खाली हो गई। 1990 में भाजपा के टिकट पर रामजीलाल सारडा ने जीत हासिल किया। इसके बाद 1995 और 2000 के विधानसभा चुनाव में हटिया विधानसभा सीट से विधायक बन। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद 2005 में पहली बार बिधानसभा चुनाव हुए, इस चुनाव में भाजपा ने तीन बार के विधायक रामजीलाल सारडा का टिकट काट दिया और कृष्ण कुमार पोद्दार पर भरोसा जताया, लेकिन कृष्ण कुमार पोद्दार चुनाव हार गए। कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लडने वाले गोपाल शाहदेव ने जीत हासिल की। 2009 के चुनाव में भाजपा ने फिर से रामजीलाल सारडा पर भरोसा जताया, लेकिन कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ रहे गोपाल शरण नाथ शाहदेव ने जीत हासिल किया। 2009 में गोपाल शरण नाथ शाहदेव ने चुनाव जीता, लेकिन कार्यकाल पूरा करने से पहले ही उनका निधन हो गया। 2012 में हटिया विधानसभा चुनाव हुए जिसमें आजसू के टिकट पर नवीन जायसवाल ने चुनाव जीता। 2014 के चुनाव में आजसू से टिकट नहीं मिला तो जेवीएम के टिकट पर चुनाव लड़ें और जीता। हालकि कुछ महीनों के बाद भाजपा में चले गए। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।

## पृष्ठ एक के शेष

**जिस राज्य में बालु, मिट्टी...**

होते ही भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक कमलेश सिंह, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह व रामप्रवेश सिंह, युवा नेता सूर्या सोनल सिंह, बिमलेश सिंह, सरयू प्रसाद गुप्ता, उमेश चंद्र शिव, प्रदीप सिंह सहित कई सक्रिय ार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। उनके मंच पर आते ही भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद, नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, शिवराज सिंह चौहान जिन्दाबाद आदि के गगनभेदी नारों को कार्यकताओं ने बुलंद किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हुसैनाबाद के विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के पक्ष में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हैदरनगर उच्च स्कूल के मैदान में सभा को सम्बोधित करने पहुंचे. इस दौरान भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह में मतदान करने की हुंकार भर कर कहा कि इस क्षेत्र के विकास पुरुष में नाम उनका नाम आता है। जिन्होंने ग्रामीणों के हक में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, यातायात के विकास में बहुआयामी कार्य किया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में भाजपा की सरकार आने के साथ ही हेमंत सरकार की विदाई तय है। उन्हें गर्व है कि वर्तमान में भाजपा के प्रत्याशी बने कमलेश सिंह ने अपने मंत्रीत्व काल में विकास गति देने के लिये ही हैदरनगर, मोहम्मदगंज व पिपरा को प्रखंड बनाने का कार्य किया। इस क्षेत्र में एकाध घंटें बिजली रहने की समस्या का समाधान उन्होंने कई स्थानों पर बिजली सबस्टेशन देकर कराया। भाजपा किसी धर्म जात की नहीं, बल्कि पूरे देश की पार्टी है। इस देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सुदूर गांवों तक गरीब गुरबों को लाभ देने के लिये कई योनाओं को सफल संचालन किया। उन्होंने कहा कि अब हुसैनाबाद को जिला बनाने का मुद्दा उनका है। उन्होंने कहा कि पूर्व की नामांकन सभा में स्वयं हिमंता विस्वा सरमा ने इस संबध में घोषणा की है कि भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में जिला का मुहर सर्वप्रथम लगेगा। जनसभा की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव जबकि संचालन योगेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने किया। इसमें बिमलेश सिंह, वीरेन्द्र सिंह, जयप्रकाश नारायण सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह, मन्नान खान, अनूप कुमार सिंह, रतन लाल, संजय सिंह, विरेन्द्र सिंह ,सरयू प्रसाद गुप्ता सहित कई अध्य वक्ताओं ने भी भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के किये गये कार्यों को गिनाया।

**पांच साल को सात साल और दो...**

पांच साल को वह दो महीना भी कर देते हैं। उन्होंने 2019 में अपनी उम्र बताई थी 42 साल और 2024 में 49 साल के हो गए हैं। उन्होंने माताओं को दो हजार रुपये हर महीने चूल्हा खर्चा देने का वादा किया था, लेकिन अपने पांच साल के कार्यकाल में सोरेन सरकार ने कुछ नहीं किया। जब चुनाव को दो महीने बचे तब उन्होंने 1000 रुपये देने की बात कही, कभी देखा है ऐसा कमाल। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने नौजवानों को पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था। बेरोजगारों को पांच से सात हजार भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन जादूगर और उनके साथियों ने सब गायब कर दिया। वृद्धा पेंशन तक नहीं दे रहे हैं। उसे भी जादू से गायब कर दिया।

**घुसपैठियों को बाहर निकालने...**

नाम पर रखा जाना चाहिए। उन्होंने अपने इस बयान पर एफआईआर दर्ज होने की बात कही और स्पष्ट किया कि उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता, बल्कि अब पलामू में उनका आना-जाना लगातार जारी रहेगा। झारखंड में महिला सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए हिमंता ने हेमंत सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्य में हर साल सात हजार महिलाएं अत्याचार का शिकार हो रही हैं, लेकिन प्रशासन कार्रवाई करने में नाकाम है। सरमा ने यह भी कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह देने की योजना लागू करेगी और इस योजना के कार्यान्वयन में कोई देरी नहीं होगी। हिमंता ने कहा कि भाजपा सरकार राज्य में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और बांग्लादेशी घुसपैठ को समाप्त करेगी।

**हेमंत सोरेन सरकार की लोकप्रियता से...**

रक्षा के लिए हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा दी जा रही प्रोत्साहन राशि की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने किसानों के कृषि ऋण माफ कर दिए हैं, बिजली उपभोक्ताओं का बकाया माफ किया है, और 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। बेघरों के लिए अबुआ आवास योजना भी लागू की गई है। सोरन ने यह भी कहा कि विपक्ष इन योजनाओं को पचा नहीं पा रहा है और अदालत में जनहित याचिका दायर कर नाटक कर रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से आगामी 13 नवंबर को तीर धनुष छाप पर वोट देकर पुनः गठबंधन सरकार बनाने की अपील की। सभा का संचालन झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य दीपू सिन्हा ने किया। सभा को गठबंधन दल के प्रत्याशी बैधनाथ राम, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होदा, जुनैद अनवर, और जिप सदस्य बिनोद उरांव समेत कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। सभा में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, केंद्रीय सदस्य इस्तियाक खान, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार उरांव सहित हजारों महिलाएं उपस्थित थीं।

**कार्यक्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी रहे मुस्तैद :** कार्यक्रम स्थल पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद दिखे। पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सुरक्षा की कमान संभाली थी।

**हर गरीब को एक लाख और 25 लाख...**

वोट दो हम 2100 रुपये प्रत्येक महीना देंगे। यह भाजपा का वोट खरीदने का तरीका है। इनके लोभ में नहीं फंसना है। पहले बिजली नहीं आती थी, सिर्फ बिल आता था। अब राज्य में बिजली आती है पर बिल नहीं आता है। केंद्र सरकार से पीएम आवास का पैसा मांगा, पर नहीं मिला, तब हमने अपने दम पर अबुआ आवास योजना शुरू की। राज्य के 25 लाख गरीब परिवार को आवास देना है।

**20 लाख लोगों को नया राशन कार्ड दिया :** राज्य के 20 लाख लोगों को नया राशन कार्ड देकर राशन देने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन काल में तपकारा में गोलीकांड हुआ। जल, जंगल जमीन का हक मांगने वाले आठ लोग शहीद हो गये. सभा को खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, दयामनी बारला आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने किया।

**उन्होंने हमारे चरित्र पर...**

इस तरह के शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो हम तो इसके खिलाफ आवाज उठाएंगे।' अंसारी ने तो हमें भी बदनाम किया। आगे जयश्री ने कहा, 'उसके बाद भी सोशल मीडिया में एक वीडियो आया, जहां उन्होंने बोला कि उनकी दो बेटी है, जिन्होंने किसी रविन्द्र महतो के बेटे को फंसाया है। 19 साल के हैं वो, तो कौन है वो बेटा, कौन है रविन्द्र महतो, क्या फंसाया है, स्पष्ट रूप से बताइए। क्योंकि जो उन्होंने बोला है, उसकी वजह से हमारे परिवार की बदनामी हो रही है।' आगे उन्होंने कहा, 'आप एक विधायक हैं, मंत्री हैं, आप विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं और आपके सामने जो उम्मीदवार हैं, उनकी बेटियों पर आप जिस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं, वह आपको किस तरह से शोभा देता है?

**विजयश्री ने कहा- हमारा चरित्र हनन किया :** वहीं सीता सोरेन की दूसरी बेटी विजयश्री ने कहा, कोई भी व्यक्ति किसी भी औरत के ऊपर चाहे वह किसी भी समुदाय की क्यों ना हो, वो ऐसे लांछन नहीं लगा सकता। वह हमारे चरित्र के ऊपर भी लांछन लगा रहे हैं, उंगली उठा रहे हैं, जो कि आधारहीन है। अगर आप एक बेसलेस पॉइंट मीडिया के सामने रख रहे हैं तो वह हमारे कैरेक्टर के ऊपर हमला हुआ।

**कोल इंडिया लिमिटेड ने...**

कई बदलावों, चुनौतियों, परीक्षणों और परेशानियों का सामना किया, लेकिन वह सब करने में सफल रही, जिसकी उससे अपेक्षा की गई थी। एक विशुद्ध कोयला उत्पादक कंपनी से, कोल इंडिया अब राष्ट्रीय हित में सौर ऊर्जा, खदान बिजलीघरों, कोयला गैसीकरण और महत्वपूर्ण खनिजों में विविधता ला रही है। वर्ष 2007 से सीआईएल औपचारिक रूप से अपने स्थापना दिवस समारोह को एक आंतरिक कार्यक्रम के रूप में मना रहा है। इसमें पूर्व अध्यक्ष या उद्योग विशेषज्ञ द्वारा जे.बी. कुमारमंगलम स्मारक व्याख्यान और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान करना शामिल है। इस वर्ष भी कंपनी 3 नवंबर को कोलकाता में कार्यक्रम मनाएगी, जिसमें कोयला मंत्री मुख्य अतिथि होंगे।

**झारखंड बनने से लेकर अब तक...**

है कि एक गठबंधन की सरकार लगातार 5 साल चल पाई हो। वहीं तीन बार राज्य में अस्थिरता के कारण राष्ट्रपति शासन भी लग चुका है। झारखंड राज्य का गठन वर्ष 2000 में किया गया था और भाजपा के बाबूलाल मरांडी को राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनाया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी चाहते थे यशवंत सिन्हा को मुख्यमंत्री बनाना , लेकिन मरांडी के नाम पर लालकृष्ण आडवाणी अड़ गये। जब झारखंड का गठन हुआ था, तब भाजपा के 32 विधायक , समता पार्टी के 5 व जदयू के 3 विधायक थे। सरकार तो पूरे 5 साल चली थी लेकिन बीच में बाबूलाल मरांडी को हटाकर अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री बना दिया गया था। 2005 में झारखंड में पहली बार विधानसभा चुनाव हुआ।भाजपा अकेले 30 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी तो बन गई, जबकि झामुमो को 17 सीटें , कांग्रेस को 9 व आजसू को 2 सीटों पर जीत मिली थी। इसके बाद 2009 में विधानसभा चुनाव हुए और भाजपा तथा झामुमो को 18-18 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को 14 व आजसू को 5 सीटें मिली थी। इसके बाद भाजपा में मोदी युग शुरू हुआ और 2014 के चुनाव में भाजपा को सबसे ज्यादा 37 सीटें मिली थी।फिर भी पार्टी बहुमत से 4 सीट दूर थी। लेकिन आजसू के 5 सीट के सहयोग से एनडीए की सरकार बन गई। 2014 में झामुमो को 19 व कांग्रेस को 6 सीट मिली थी। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को सबसे ज्यादा 30 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा को 25 व कांग्रेस को 16 सीटें मिलीं। आजसू को केवल 2 सीटें मिली। सो झामुमो , कांग्रेस व राजद ने मिलकर सरकार बना ली थी।अब 2024 के विधान सभा चुनाव में देखिए फिर इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनती है या भाजपा नीत एनडीए की?

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने थामा झामुमो का दामन



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी को जोर का झटका लगा है। यह झटका पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने दिया है। शनिवार को प्रणव ने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही साथ पूरे परिवार के साथ झाममो में शामिल हो गए हैं। प्रणव वर्मा ने जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत के समक्ष पार्टी ज्वाइन की। यहां पर झामुमो की गांडेय प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन, जमुआ प्रत्याशी केदार हाजरा के अलावा प्रणव की मां चम्पा वर्मा, पत्नी पुष्पा वर्मा भी मौजूद रहीं।

**कौन हैं प्रणव वर्मा :** प्रणव वर्मा कोडरमा से कई बार सांसद रहे दिवंगत भाजपा नेता स्व। रीतलाल वर्मा के पुत्र हैं। प्रणव इससे पहले भी भाजपा छोड़कर झामुमो और जेवीएम में जा चुके हैं। बाद में उनकी भाजपा में वापसी हुई थी। भाजपा ने उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया था। प्रणव कुशवाहा समाज के भी बड़े नेता में से एक हैं।

## विधानसभा चुनाव : अर्धसैनिक बल के जवानों को की गयी ब्रीफिंग

**रांची।** झारखंड विस चुनाव को लेकर अर्धसैनिक बलों के जवानों को शनिवार को ब्रीफिंग की गयी। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में रांची पुलिस के अधिकारियों ने सुरक्षाबलों को एक-एक बिंदुओं को ब्रीफ किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने जवानों को दिशा-निर्देश भी दिये। सुरक्षाबलों को कहा गया कि किसी भी तरह से संदिग्ध गतिविधि या माहौल दिखे तो अविलंब वरीय अधिकारियों को सूचित करें। इस दौरान सैप, आरपीएफ, आरपीएसएफ, सीआरपीएफ की कंपनियां शामिल थीं।

# केंद्र सरकार देती रही, झामुमो लूटता रहा : गौरव वल्लभ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा नेता प्रो गौरव वल्लभ ने कहा कि पिछले 5 सालों में केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को 2.5 लाख करोड़ दिये, जिसका पूर्ण उपभोग भी झारखंड सरकार नहीं कर पायी। पिछले 5 साल कुप्रबंधन और अक्षमता के रहे हैं। वे शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास को रोकने के लिए हर संभव कोशिश की है।

**4.4 लाख करोड़ राशि हस्तांतरित की गई :** प्रो गौरव वल्लभ ने कहा कि मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से झारखंड राज्य की सहायता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, 4.4 लाख करोड़ से अधिक राशि हस्तांतरित की है। यह भारी निवेश बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिवासी और महिला कल्याण और कृषि जैसे आवश्यक क्षेत्रों की ओर निर्देशित किया गया है। 2024-25 के लिए कुल राजस्व प्राप्तियों में से 57,301 करोड़ केंद्र सरकार से आएंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# गृह मंत्री पर कनाडा के आरोपों को भारत ने किया खारिज




## कनाडाई मंत्री ने अमित शाह को सिख चरमपंथियों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों से जोड़ा

## इस तरह की गैर जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर असर होंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा के एक मंत्री द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के बारे में की गई 'बेतुकी और निराधार' टिप्पणियों पर कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कनाडा में भारतीय राजनयिकों की 'ऑडियो और वीडियो निगरानी' की भी निंदा की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने शुक्रवार को कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया...उन्हें बताया गया कि भारत सरकार, विदेश उप मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर किए गए बेतुके और निराधार संदर्भों पर सबसे मजबूत शब्दों में विरोध करती है।

इस तरह की गैर जिम्मेदाराना हरकतों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मॉरिसन ने संसद सत्र के दौरान अमित शाह को सिख चरमपंथियों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों से जोड़ा। विदेश उप मंत्री ने कनाडा की नागरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा कमेटी को बताया कि उन्होंने वाशिंगटन पोस्ट से शाह के नाम की पुष्टि की। उनसे पूछा गया था कि सरकार की ओर से 'वॉशिंगटन पोस्ट' को कनाडा में होने वाले अपराध में भारत के गृह मंत्री के शामिल होने के बारे किसने बताया था?' इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का आरोप लगाया था। इसके अलावा जायसवाल ने भारतीय दूतावास के अधिकारियों की ऑडियो-वीडियो निगरानी पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, हमारे कुछ वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को हाल ही में कनाडा सरकार ने सूचित किया कि वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं। उनके संचार को भी बाधित किया गया। हमने कनाडा सरकार के समक्ष औपचारिक रूप से विरोध जताया है क्योंकि हम इन कार्यों को, प्रासंगिक राजनयिक और वाणिज्य दूतावास कन्वेंशन का घोर उल्लंघन मानते हैं। हमारे राजनयिक और वाणिज्य दूतावास कर्मी पहले से ही कनाड़ा में उग्रवाद और हिंसा के माहौल में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की गैर जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे।

## पीएम ने ग्रीस के अपने समकक्ष किरियाकोस से की बातचीत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस की फोन पर हुई बातचीत में भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई गई। मित्सोटाकिस ने अपने फोन कॉल में प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा चुनाव में तीसरी बार चुने जाने पर भी बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, दोनों नेताओं ने हाल के उच्चस्तरीय आदान-प्रदान के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों में आई गति की सराहना की तथा भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने इस वर्ष की शुरूआत में प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस की भारत यात्रा के बाद व्यापार, रक्षा, नौवहन और कनेक्टिविटी सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने आईएमईईसी और पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों सहित विभिन्न क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेता एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, कल प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ सार्थक बातचीत हुई।

# जयशंकर ने थाईलैंड के विदेश मंत्री मैरिस सांगियामपोंग्सा से मुलाकात की



एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में अपने थाईलैंड के समकक्ष मैरिस सांगियामपोंग्सा से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने भारत-थाईलैंड द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत-थाईलैंड द्विपक्षीय संबंध हमारे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं। थाईलैंड भारत की एक्ट ईस्ट नीति और इंडो-पैसिफिक के हमारे विजन का एक प्रमुख स्तंभ है। विदेश मंत्री जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, आज दिल्ली में थाईलैंड के विदेश मंत्री से मिलकर बहुत खुशी हुई। रॉयल कैथिना समारोह के लिए उनकी यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का उदाहरण है। हमने भारत-थाईलैंड संबंधों, बहुपक्षीय सहयोग और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की।

## कुकिंग ऑयल फैक्ट्री में आग लगने से नौ की मौत, चार घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े शहर जकार्ता के पास कुकिंग ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग में नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को बेकासी शहर के एक औद्योगिक परिसर में आग लग गई। आग में नौ लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए, उन्होंने बताया कि घायलों में अधिकांश लोग फैक्ट्री के कर्मचारी थे। चौथा घायल व्यक्ति एक फायर फाइटर था। इससे पहले 15 अक्टूबर को पश्चिमी जकार्ता में दर्जनों घरों में आग लगने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की जान चली गई।

## इस्कॉन बांग्लादेश ने लगाए गए झूठे आरोपों का किया खंडन

एजेंसी



**ढाका।** इस्कॉन बांग्लादेश ने इस्कॉन के खिलाफ फैलाए जा रहे भ्रामक और बेबुनियाद आरोपों का खंडन किया है। इस्कॉन ने शनिवार को कहा कि उनका संगठन हमेशा से ही मानवता, धर्म, शांति और सांस्कृतिक उत्थान के लिए कार्यरत है और इन आरोपों का सत्य से कोई संबंध नहीं है। इस संबंध में इस्कॉन बांग्लादेश ने शनिवार को एक विज्ञप्ति जारी की। इसमें इस्कॉन बांग्लादेश के वरिष्ठ नेता चक्रपाणि दास ब्रह्मचारी ने कहा कि कुछ समाचार पत्रों और मीडिया के माध्यम से इस्कॉन पर कई झूठे और अपमानजनक आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये आरोप केवल इस्कॉन की छवि को धूमिल करने और समाज में अशांति फैलाने के उद्देश्य से फैलाए जा रहे हैं। उन्होंने इस्कॉन के खिलाफ फैलाए जा रहे भ्रामक और बेबुनियाद आरोपों का खंडन किया है। इसके साथ ही इस्कॉन ने बांग्लादेश सरकार से अनुरोध किया है कि वह इस प्रकार की झूठी और भ्रामक खबरों के प्रचार पर कड़ी निगरानी रखें।

मुख्यमंत्री के गेट पर गंदा पानी डाल **मालीवाल** ने दी चेतावनी, कहा-

# 'ये तो सैंपल, टैंकर भर कर लाएंगे'

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के घर पहुंची और उन्होंने द्वारका इलाके से बोतल में भरकर लाया गया गंदा पानी सीएम आवास के गेट पर डाल दिया।

स्वाति मालीवाल ने आतिशी को चेतावनी देते हुए बताया है कि अभी तो ये सैंपल था। अगर हालात ठीक नहीं हुए तो घरों से टैंकर में भरकर गंदा पानी लाया जाएगा और मुख्यमंत्री के घर के बाहर उसे डाला जाएगा। स्वाति मालीवाल ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, मैं द्वारका के सागरपुर में गई थी। वहां पर लोगों ने मुझे बुलाया था, क्योंकि वहां की बहुत बुरी हालत है। मैंने वहां देखा कि सारी सड़कें टूटी-पड़ी हैं। गली-गली में गंदगी फैली हुई है और पीने के पानी का बुरा हाल था। मैंने जब एक घर का नल खोला, तो पीने के लिए काला पानी निकलने लगा।

# 'महिला की परिभाषा' में समर्थकों ने कमला की परेशानी बढ़ाई

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** कमला हैरिस के एक अरबपति सपोर्टर ने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने वाली महिलाओं की आलोचना कर अपने नेता की मुश्किलों को और बढ़ा दिया। हैरिस पहले से ही राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा रिपब्लिकन समर्थकों को 'कचरा' कहने से उठे विवाद को शांत करने की कोशिश कर रही हैं। मार्क क्यूबन ने एक टीवी शो, में कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप...आपने उन्हें कभी भी मजबूत, बुद्धिमान महिलाओं के साथ नहीं देखा होगा। कभी नहीं। यह बहुत सरल है।

वे उन्हें डराती हैं। उन्हें उनसे चुनौती मिलना पसंद नहीं है।

ट्रंप की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने पलटवार करते हुए कहा, यह उन हजारों महिलाओं का अत्यधिक अपमान है जो राष्ट्रपति ट्रंप के लिए काम करती हैं, उन लाखों महिलाओं का भी अपमान है जो उनके लिए मतदान कर रही हैं। ट्रंप की ट्रांजिशन टीम की सह-अध्यक्ष



लिंडा मैकमोहन ने कहा, मुझे हैरानी है कि मार्क क्यूबन एक मजबूत, बुद्धिमान महिला को कैसे परिभाषित करेंगे, विशेषकर यह देखते हुए कि वामपंथी यह भी डिफाइन कर सकते हैं कि एक महिला क्या है। यह दरअसल डेमोक्रेटिक पार्टी पर कटाक्ष था, जो ट्रांसजेंडर पुरुषों को महिला फैसिलिटी का इस्तेमाल करने और महिलाओं के खेलों में भाग लेने को बढ़ावा दे रही है। ट्रंप का समर्थन करने वाली महिलाओं के अपमान पर विवाद बाइडेन की ओर से ट्रंप समर्थकों को 'कचरा' कहकर अपमानित करने के तीन दिन बाद उठा। प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी की नेता एलिस स्टेफनिक ने कहा, अभी दो दिन पहले, संयुक्त राज्य अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 250 मिलियन अमेरिकियों को 'कचरा' कहा था। और फिर हमारे पास कमला हैरिस का शीर्ष सहयोगी हैं, जो ट्रंप का समर्थन करने वाली महिलाओं को कमजोर और मूर्ख कह रहे हैं, और कह रहे हैं कि आप मजबूत और बुद्धिमान होकर ट्रंप का समर्थन नहीं कर सकतीं।

## एजुकेशन/करियर

बीए बीएड चार साल का एक इंटीग्रेटेड कोर्स है जिसमें थ्योरी कक्षाएं और इंटर्नशिप का संयोजन होता है। बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ आर्ट्स बैचलर ऑफ एजुकेशन है। इसमें बीए एक अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम है, जबकि बैचलर ऑफ एजुकेशन एक पोस्टग्रेजुएट डिग्री है। इन्हे साथ में ही बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स कहा जाता है। चार वर्षों में विभाजित, यह कोर्स कला और व्यावसायिक अध्ययन से संबंधित विषयों का गहन ज्ञान प्रदान करता है। कोर्स छात्रों को संचार कौशल और शिक्षण कार्य के लिए एक अनुभव देता है।

# इंटीग्रेटेड बीए बीएड कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर



### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।

### आवेदन प्रक्रिया

- नौकरी का क्षेत्र
- प्राइवेट स्कूल
- सरकारी स्कूल
- नर्सरी
- छोटे स्कूल आदि

### बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स

- **सिंगल टीचिंग कोर्स:** इंटीग्रेटेड कोर्स आपको 10+2 पूरा करने के ठीक बाद सिंगल टीचर ट्रेनिंग कोर्स करने में सक्षम बनाता है।
- **ड्यूल डिग्री:** यह कोर्स आपको चार साल के भीतर बीए और बीएड में ड्यूल डिग्री प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह न केवल एक एकेडमिक सेशन बचाता है बल्कि छात्रों के लिए एक अलग कोर्स में बैचलर्स के बाद बीएड लेने की परेशानी भी बचाता है।
- **बेहतर ज्ञान:** यह कोर्स आर्ट्स और व्यावसायिक अध्ययन से संबंधित विषयों में आपके ज्ञान को बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा, यह कोर्स आपके रिसर्च कार्य में भी आपकी मदद करता है।

### भारतीय संस्थान

- ग्रामीण महिला महाविद्यालय, सीकर
- वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय, छतरपुर
- पेस्टल वीड कॉलेज ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, देहरादून
- जीएचजी खालसा कॉलेज, लुधियाना
- केशव प्रसाद राली पीजी कॉलेज, भदोही
- मंगलमय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, ग्रेटर नोएडा
- खालसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रंजीत एवेन्यू, अमृतसर
- भगवती कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मेरठ
- पन्नाधाय महाविद्यालय, टोंक
- सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार